सूर्योदय : 6:54
सूर्यास्त : 5:43
अधिकतम तापमान : 25.2
न्यूनतम : 15.2

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-217 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, सोमवार, 26 जनवरी 2026

06 शाबान 1447 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

## ■ राष्ट्र के नाम संबोधन में बोलीं राष्ट्रपति मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विकसित भारत सहित सभी राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल करने में देशवासियों की सक्रिय भागीदारी पर बल देते हुए कहा है कि भारतीय समाज में असीम शक्ति है और उसके सहयोग से देश में क्रांतिकारी बदलाव लाये जा रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने 77 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार शाम देश के नाम संबोधन में कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत आज भी दुनिया की सबसे तेज गति से बढने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है और हम निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में बढ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय अवसंरचना के निर्माण में निवेश कर देश अपनी आर्थिक अवसंरचना का उच्च स्तर पर पुनर्निर्माण कर रहा है। राष्ट्रपति ने कहा, आर्थिक नियति के निर्माण की यात्रा में, आत्म-निर्भरता और स्वदेशी हमारे मूलमंत्र हैं। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय संविधान के महत्व, लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की भूमिका , देश की सभ्यता , संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं की शक्ति का उल्लेख किया।

उन्होंने देश की प्रगति में सशस्त्र सेनाओं और पुलिस बलों के जवानों, किसानों, शिक्षकों, डाक्टरों, नर्सों , युवाओं , सफाईकर्मियों , वैज्ञानिक और इंजीनियर,उद्यमियों और निस्वार्थ रूप से काम करने वाले समाजसेवकों तथा सरकारी और गैर सरकारी संगठनों में काम करने वाले कर्मचारियों के योगदान का विस्तार से उल्लेख किया। राष्ट्रपति ने अलग-अलग संदर्भों में सरदार वल्लभभाई पटेल, महाकवि सुब्रमण्य भारती , नेताजी सुभाष चंद्र बोस , महात्मा गांधी , बिरसा मुंडा, बंकिम चंद्र चटोपाध्याय, श्री नारायण गुरू, रविन्द्रनाथ ठाकुर, बाबा साहेब अंबेडकर और महर्षि अरविंदों को भी याद किया।

### अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र



77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर वीरता पुरस्कार के नामों की भी घोषणा हो चुकी है। अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है। इसी के साथ सेना के तीन जवानों को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया जाएगा। ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय बनकर इतिहास रचा था, उन्हें भारत के सर्वोच्च शांतिकाल का वीरता पुरस्कार अशोक चक्र से सम्मानित किया गया है।

### बेटियां रुढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रही

राष्ट्र के नाम संदेश में राष्ट्रपति ने कहा, हमारी बहनें और बेटियां परंपरागत रुढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ रही हैं। महिलाएं देश के विकास में सक्रिय योगदान दे रही हैं। दस करोड़ से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी बहनें विकास की नई परिभाषा लिख रही हैं। महिलाएं खेत-खलिहानों से लेकर अंतरिक्ष तक, स्वरोजगार से लेकर सेनाओं तक, अपनी पहचान बना रही हैं। खेल-कूद के क्षेत्र में बेटियों ने विश्व स्तर पर नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। पिछले वर्ष नवंबर में भारत की बेटियों ने आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप और उसके बाद नेत्रहीन महिला टी20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचा है। शतरंज विश्व कप का फाइनल मैच भारत की ही दो बेटियों के बीच खेला गया।

# मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के साथ किए बांकेबिहारी के दर्शन

**मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवी संग प्रधानमंत्री के ‘मन की बात’ कार्यक्रम सुना। वृंदावन के अक्षयपात्र में आयोजित कार्यक्रम में दोनों नेता सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने पहली बार यूपी के दौरे पर पहुंचे भाजपा अध्यक्ष का ब्रज की धरा पर स्वागत-अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने राधे-राधे, वृंदावन बिहारी लाल, राधा रानी, यमुना मैया, हर-हर महादेव, जय श्रीराम, भारत माता की जय तथा वंदे मातरम की गूंज के साथ आध्यात्मिक व राष्ट्रवादी चेतना का संचार करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन युवा ऊर्जा के प्रतीक हैं। बिहार विधानसभा में पांचवीं बार विधायक के रूप में सेवाए दे रहे हैं। संगठन के विभिन्न पदों का निर्वहन करने के उपरांत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नया दायित्व दिया है। इस दायित्व के बाद योगेश्वर श्रीकृष्ण की पावन धरा पर उनका प्रथम आगमन आह्लादकारी क्षण है।

सीएम योगी ने कहा कि ब्रज प्राचीन काल से तीर्थ भूमि रही है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना, गोकुल, गोवर्धन, नंदगांव, बलदेव तीर्थ हजारों वर्षों से सनातन धर्मावलंबियों के लिए प्रेरणा हैं। यहां के रज-रज, कण-कण में श्रीकृष्ण, राधा रानी और हजारों वर्षो की विरासत का अंश श्रद्धालु आज भी ढूंढते हैं। उसके साथ तारतम्य स्थापित करने का प्रयास करते हैं। अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पावन जन्मभूमि भी मथुरा में पड़ती है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से ब्रज भूमि भारत की आध्यात्मिक व सांस्कृतिक विरासत के साथ ही विकास के नए प्रतिमान स्थापित करते हुए बढ़ रही है।

सीएम योगी ने कहा कि यूपी अब ‘बीमारू’ नहीं, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था का संबल बन रहा है। पांच साल से अधिक समय से यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में है। डबल इंजन सरकार डबल स्पीड के साथ बड़े-बड़े कार्यों को धरातल पर उतारती है। हर नागरिक को सुरक्षा का अहसास कराती है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं के साथ बिना भेदभाव वंचित, नौजवान, किसान, महिलाओं समेत हर तबके को वरीयता के आधार पर शासन की योजना का लाभ दे रही है। डबल इंजन सरकार के माध्यम से यूपी में विकास की योजनाओं को बिना भेदभाव गांव से शहर तक, प्रत्येक जगह प्रभावी ढंग से लागू करने का कार्य देखने को मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन, प्रेरणा व नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले 9 वर्ष में विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।



### सीएम ने प्रदेशवासियों को दी गणतंत्र दिवस की बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गणतंत्र दिवस स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण कराने के साथ हमें संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। इस गणतंत्र दिवस पर भारत के संविधान के लागू होने के 76 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। न्याय, समता और बन्धुता के मूल भाव के साथ हमारे संविधान ने 76 वर्षों की अपनी यात्रा को शानदार तरीके से तय किया है।

### नितिन नवीन बोले कमर कस लें कार्यकर्ता

मथुरा के वृंदावन में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा है कि देश में चुनाव के समय पर ऐसी ताकतें सक्रिय हो जाती हैं, जो बांटने और काटने का काम करती हैं। इसी कारण से देश की जनता इन ताकतों को नकार रही है। उन्होंने ब्रजभूमि की धरती से चुनाव का भी शंखनाद किया। पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें। अपने बूथों को मजबूत करें। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव-गांव गली-गली जनसंपर्क अभियान चलाएं।

### अवकाश सूचना



सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं व अभिकर्ताबंधुओ को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर ‘अवधनामा’ प्रेस व कार्यालय में दिनांक 26 जनवरी 2026 दिन सोमवार को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 28 जनवरी 2026 दिन बुधवार को प्रकाशित होगा।

सम्पादक

# अभिनेता धर्मेंद्र और वामपंथी नेता वीएस अच्युतानंदन को पद्म विभूषण सम्मान

**नई दिल्ली।** अभिनेता धर्मेंद्र और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री एवं दिग्गज वामपंथी नेता वीएस अच्युतानंदन को मरणोपरांत देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। सरकार की ओर से रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर साल 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की, जिनमें पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्मश्री शामिल हैं।


बयान के मुताबिक, सार्वजनिक

### पद्म पुरस्कारों का एलान

मामलों के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश केटी थॉमस, कला के लिए हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीतकार एन राजम और साहित्य एवं शिक्षा के लिए प्रख्यात मलयालम पत्रकार पी नारायणन को पद्म विभूषण से सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। पार्श्व गायिका अलका याज्ञनिक, भगत सिंह कोश्यारी, अभिनेता ममूटी और बैंकर उदय कोटक उन लोगों में शामिल हैं, जिन्हें पद्म भूषण सम्मान के लिए चुना गया है।







# हर्षोल्लास के साथ जनपद में मनाया गया 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर बच्चों के द्वारा रंगोली, पोस्टर, स्लोगन व मेहंदी के माध्यम से लोगों को किया गया प्रेरित

- **राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलाधिकारी ने दिलाई मतदाता शपथ**
- **वृद्ध मतदाताओं को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित**
- **राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नए युवा**
- **मतदाताओं को दिया गया मतदाता पहचान पत्र**
- **बीएलओ व सुपरवाइजर हुए सम्मानित**

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** रविवार को पूरे जनपद में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम टी0डी0 इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र व राजनीतिक दल के पदाधिकारियों व अन्य अधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथिगण को अंगवस्त्रम और पुष्पगुच्छ देकर तथा मतदाता जागरुकता स्टीकर लगाकर व कैप पहनाकर स्वागत किया गया।

अपर जिलाधिकारी (वि0 रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी परमानन्द झा ने आये हुए लोगों का स्वागत किया और राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व को विस्तार से बताया।

टी0डी0 इन्टर कालेज व जनक कुमारी इंटर कालेज की छात्राओं ने स्वागत गीत व मतदाता जागरूकता गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के उदबोधन का सजीव प्रसारण किया गया तथा उनके उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर पर वृद्ध मतदाताओं को माल्यार्पण कर व अंगवस्त्रम पहनाकर व कैप लगाकर सम्मानित किया गया और 18 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले नये बने मतदाताओं को वोटर कार्ड प्रदान किया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ सदर विधानसभा से सुमन देवी, पुष्पा देवी, सीमा साहू, जफराबाद विधानसभा से बीएलओ मंजू विश्वकर्मा, रेनू चौबे, गायत्री देवी, सुपरवाइजर जफराबाद से अमरजीत सिंह, राहुल मिश्रा, आशाराम, सदर से मानस उपाध्याय, आलोक मिश्रा, संजय श्रीवास्तव प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।




इसके पूर्व नगर के शिया इन्टर कालेज, बीआरपी इंटर कालेज, राजा श्री कृष्ण दत्त इ. का., सरस्वती बाल मंदिर इ कॉलेज, जनक कुमारी इ कॉलेज, टी डी इ. कॉलेज, नगर पालिका इ. कॉलेज, मोहम्मद हसन इ. कॉलेज, गुलाबी देवी बालिका इन्टर कालेज, आदि विभिन्न कालेजों के छात्र-छात्राएं अपने कालेज से मतदाता जागरूकता रैली लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहाँ पर थीम माई इंडिया, माई वोट, मै भारत हूं विषय पर-रंगोली, मेंहदी, पोस्टर स्लोगन, प्रतियोगिता आयोजित हुई। अतिथियों ने छात्र छात्राओं द्वारा बनाये गये रंगोली, पोस्टर, स्लोगन व मेहंदी का अवलोकन किया तथा सराहना किया तथा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज ही के दिन इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया की स्थापना हुई थी। इलेक्शन कमिशन आफ इंडिया के द्वारा निष्पक्ष रूप से पूरे भारत में निर्वाचन का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी मतदाता चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें, विशेषकर युवा व महिला मतदाताओं को निर्वाचन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए अपील भी की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों, छात्र/छात्राओ, शिक्षकों, कर्मचारियों व उपस्थित समस्त लोगों को मतदाता की शपथ दिलाई। आभार प्रधानाचार्य डा0 एस. पी. सिंह ने व्यक्त किया। संचालन जिला स्वीप को आर्डिनेटर सै0 मोहम्मद मुस्तफा ने किया।

इस अवसर पर सभी राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी व प्रतिनिधि, सीआरओ, अजय अमबष्ट, सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह, अतिरिक्त उप जिलाधिकारी अजय कुमार उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी लाल बहादुर, शिव कुमार, महमूद अली, सेवानिवृत्त सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, सह जिला विधालय निरीक्षक राजेश कुमार, विवेक सिंह, प्रधानाचार्य डा जंग बहादुर सिंह विभिन्न कालेज के प्रधानाचार्य व अधिकारियों कर्मचारियों, शिक्षक सहित विभिन्न कालेजों के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## शाही पुल, ब्रज और कुंभ: फोटो प्रदर्शनी में उभरी यूपी की आत्मा

**राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर लगी विश्वविद्यालय में पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी**

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस-2026 के अंतर्गत 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन स्थलों की फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह ने किया।

प्रदर्शनी में शाही पुल के विविध छायाचित्रों के माध्यम से मानवीय संवेदनाओं, जीवन और सामाजिक संबंधों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया गया। वहीं ब्रज की रंगों से सराबोर होली, दशाश्वमेध घाट, सारनाथ तथा प्रयागराज के कुंभ के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक दृश्य दर्शकों को भावविभोर करते नजर आए। उद्घाटन अवसर पर डॉ. विनोद कुमार सिंह ने कहा कि भारत की संस्कृति अत्यंत समृद्ध और विविधतापूर्ण है। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। काशी, अयोध्या, मथुरा जैसे धार्मिक स्थल हों या आगरा, झांसी जैसी ऐतिहासिक धरोहर प्रदेश का हर क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से विशिष्ट महत्व रखता है।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार की फोटो प्रदर्शनियां विद्यार्थियों और युवाओं को देश की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ-साथ पर्यटन के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## शिक्षित होंगी बेटियां तो सुशिक्षित बनेगा समाज: सांसद सीमा द्विवेदी

### वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नौवाडाड़ी में विधालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, भाजपा नेत्री अर्चना शुक्ला, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह और सुधा जायसवाल ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया।



नन्हे मुन्ने बच्चों में नन्हली, हिमांशी, रागिनी, सुंदरी, प्रांजल, नीरज, रूपाली, खुशी, अनमोल, चांदनी, नंदिनी, विशाखा और गोविंदा ने स्वागत गीत गाकर और देशभक्ति गीत, लोकगीत, कविता आदि माध्यम से अपनी प्रतिभा को दिखाया।

उपस्थित लोगों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने कहा कि शिक्षित बेटियां समाज को सुशिक्षित बनाती हैं। आज बेटियां किचन में खाना बनाने के साथ-साथ आसमान में उड़ान भर रही हैं।भाजपा नेत्री अर्चना शुक्ला ने कहा कि शिक्षित बेटियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं और परिवार के स्वास्थ्य, पोषण व शिक्षा को बेहतर बनाती हैं।खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अविनाश सिंह ने कहा कि विद्यालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम रचनात्मकता और टीमवर्क को बढ़ावा देता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता रिटायर्ड फौजी लाल बहादुर सिंह ने की और संचालन सुधा जायसवाल ने किया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका प्रमिला पांडेय, नीरज द्विवेदी, रीता पटेल, सुशील पांडेय, अशोक पटेल आदि मौजूद रहे।

## UGC रिफॉर्म 2026 यह काला कानून नहीं चलेगा: डॉ. प्रभात विक्रम सिंह

**जौनपुर।** UGC रिफॉर्म 2026 को लेकर सवर्ण समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस प्रस्तावित व्यवस्था के विरोध में रविवार दोपहर हैदरपुर बाजार स्थित अम्बेडकर पार्क के पास विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. प्रभात विक्रम सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें दर्जनों लोग शामिल हुए।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए डॉ. प्रभात विक्रम सिंह ने कहा कि त्नष्ट रिफॉर्म 2026 सवर्ण समाज के लिए काला कानून है। उन्होंने स्पष्ट किया कि SC, ST और OBC वर्ग के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए, यह सभी चाहते हैं, लेकिन सरकार द्वारा लाए गए इस कानून से सवर्ण समाज के खिलाफ उत्पीड़न बढ़ने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने सरकार से इस कानून पर पुनर्विचार करने की मांग करते हुए दो प्रमुख मांगें रखीं कि पहली, जांच समिति में सवर्ण समाज को भी प्रतिनिधित्व दिया जाए।

दूसरी, यदि किसी पर निराधार आरोप सिद्ध होते हैं तो आरोप लगाने वाले के खिलाफ उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

सभा को संबोधित करते हुए बिपिन तिवारी ने कहा कि सवर्ण समाज आज स्वयं को ठगा और छला हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज अपने खिलाफ लाए गए ऐसे किसी भी कानून का पुरजोर विरोध करेगा। यह कानून समाज को तोड़ने वाला है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर उत्कर्ष सिंह, मानस सिंह, हर्ष सिंह, राज सिंह, आकाश सिंह, अतुल सिंह, अमरजीत मिश्रा, लोकेश मिश्रा, राजेश मिश्रा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


## राम सुंदर दास महाराज के दर्शन को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**संत निवास का विधि विधान से किया गया भूमि पूजन**



**सहारनपुर।** 1008 राम सुंदर दास महाराज के सहारनपुर पहुंचने पर हजारों भक्तों ने दर्शन कर उनका स्वागत किया और संत निवास के लिए पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया। नगर के नुमाइश कैंप स्थित लाल द्वारा देवपुरम मे आयोजित कार्यक्रम में ध्यानपुर से 1008 रामसुंदर दास महाराज मंदिर परिसर पहुँचे, तो पूरा प्रांगण बावा लाल दयाल के जयकारो से गूंज उठा और भक्तो द्वारा महाराज का फूल मालाओ से भव्य स्वागत किया गया। भक्तो को सर्वप्रथम नाम दान दीक्षा दी गयी, जिसके बाद विधि विधान से संत निवास का भूमि पूजन किया और भक्तो को दर्शन दिये। सुबह से ही महाराज जी के दर्शन के लिए भक्तो की लम्बी लाइन लगनी शुरू हो गई थी और हजारों की संख्या मे जिले सहित चंडीगढ, अम्बाला, यमुनानगर जगाधरी, हरिद्वार, रुड़की आदि शहरों से भी बड़ी संख्या मे श्रद्धालू पहुंचें और महाराज जी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भजन मंडलियो द्वारा बावा लाल दयाल के भजनो का गुणगान किया गया, जिस पर श्रद्धालु जमकर झूमें, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। प्रधान सेवक आशीष लाल मेहता ने सफल आयोजन के लिए राम सुंदर दास महाराज सहित भक्तो एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान मंत्री मोहनलाल पूरी, कोषाध्यक्ष चंदन सचदेवा, सुभाष कालरा, राकेश दत्ता, नरेंद्र भाटिया, शमी, बलकार सिंह, सुरेंद्र शेट्टी, आशीष, आनंद, श्याम, विजय सचदेवा, विजय शर्मा, रेखा चावला, दीपा नैयर, अमित गुजर, महेंद्र आदि उपस्थित रहे।

### अवैध खनन परिवहन में शामिल दो ट्रक किए सीज



थाना चिलकाना पुलिस व राजस्व टीम ने अवैध खनन परिवहन करने वाले 02 वाहन ट्रक को सीज किया है। थाना चिलकाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में अवैध खनन के विरूद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत आज उनके व उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह व संग्रह अमीन दिनेश सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध खनन सामग्री के परिवहन की रोकथाम हेतु सघन चैकिंग अभियान चलाया। चैकिंग के दौरान पठेड़ चौक पोस्ट पर 02 वाहन ट्रक पकड़े गए। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि ट्रको के चालकों द्वारा वाहनों में बिना किसी खनिज परिपत्र के ओवरलोड खनन सामग्री भरकर परिवहन किया जा रहा था। दोनो वाहनों को सीज कर थाना परिसर में खड़ा कराया गया। कार्रवाई के दौरान उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह, हैड कांस्टेबल मोहित शर्मा, तहसील सदर के संग्रह अमीन दिनेश सैनी शामिल रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में शातिर गौकश घायलावस्था में गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर गौकश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध शस्त्र, गौकशी के उपकरण, एक बिना नम्बर प्लेट की बाईक बरामद की है।

थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक धीरज सिंह तथा करन नागर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ग्राम शाकम्भरी रोड पर चड्ढा फार्म हाऊस से आगे संदिग्ध व्यक्ति व वाहन की चैकिंग की जा रही थी, तभी कस्बा बेहट की ओर से बाईक पर सवार एक व्यक्ति आता दिखाई दिया, जिसकी बाईक पर पीछे एक प्लास्टिक का कट्टा बंधा था। पुलिस टीम को चैकिंग करते देख उक्त व्यक्ति चड्ढा फार्म हाउस की ओर मुड़कर तेजी से भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो थोडी दूर जाकर बाईक फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को पास आता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायिरंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया।

घायल बदमाश की पहचान भूरा पुत्र आलिम निवासी ग्राम चांडी थाना बेहट के रूप में हुई। घायल गौकश को प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## बच्चों ने देश भक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुतियां दी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति, सामाजिक चेतना एवं आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।




पंत विहार स्थित आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं, वहीं युवाओं ने भी अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को ऊँचाइयों तक पहुँचाया। कार्यक्रम के दौरान चंद्रशेखर आजाद सहित अन्य महान क्रांतिकारियों के जीवन प्रसंगों को प्रस्तुत कर देश के लिए मर-मिटने की भावना को जागृत किया गया।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि आज हम भले ही राजनीतिक रूप से स्वतंत्र हैं, परंतु मानसिक रूप से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब से बंधते जा रहे हैं। वक्ताओं ने कहा कि हमारी अधिकांश ऊर्जा इन माध्यमों पर व्यर्थ हो रही है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सोशल मीडिया के अनावश्यक उपयोग का त्याग करने तथा समय को सार्थक कार्यों एवं राष्ट्रहित में लगाने का संकल्प लिया।

साथ ही आध्यात्म को जीवन के साथ लेकर चलने तथा गुरुदेव आशुतोष महाराज द्वारा विश्व में शांति स्थापित करने हेतु लिए गए संकल्प में अपना पूर्ण योगदान देने का निर्णय लिया गया। युवाओं को देश की रीढ़ की हड्डी बताते हुए उनसे राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद की भूमिका निभाते हुए एक युवा साधक ने कविता एवं प्रेरणादायक प्रवचनों के माध्यम से देशप्रेम, चरित्र निर्माण एवं कर्तव्यबोध का संदेश दिया। कार्यक्रम को सत्संग आश्रम की साध्वी बहनों साध्वी अंबालिका भारती, साध्वी पूजा भारती एवं साध्वी सोम प्रभा भारती ने अत्यंत सुंदर, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से आयोजित किया, जिसकी उपस्थितजनों द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के नारों एवं देश व समाज के प्रति समर्पण की भावना के साथ हुआ।

# मतदान हमारा अधिकार, सही उपयोग हमारा कर्तव्य: मंडलायुक्त

**जागरूक मतदाता सरकार चुनने में निभाता है महत्वपूर्ण भूमिका: जिला निर्वाचन अधिकारी**
**बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मतदाताओं को मतदान करने के लिए किया जागरूक**
**अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को किया गया सम्मानित**
**16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुआ भव्य कार्यक्रम**

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डॉक्टर रूपेश कुमार ने 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करते हुए उपस्थित सभी को मतदाता शपथ दिलाई। इससे पूर्व उन्होने मण्डलायुक्त कार्यालय में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई।

जनमंच सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मंडलायुक्त ने उपस्थित जनों को मतदाता शपथ दिलाई कि ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे और स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगें।''

मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग ज्ञानेश कुमार का मतदाताओं को जागरूक करने हेतु वीडियो दिखाई गयी जिसके माध्यम से सभी ने उनका संदेश सुना। डॉक्टर रूपेश कुमार ने जनमंच सभागार में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदान एक अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है। बिना किसी लालच व दबाव के अपने मत का प्रयोग करें। मतदान हमारा अधिकार और सही उपयोग हमारा कर्तव्य है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इस लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता के हाथों में है। सही व्यक्ति को पहचान कर वोट करें और वोटिंग प्रतिशतता को बढ़ाएं।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि एक जागरूक मतदाता अपने देश की सरकार चुनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए मतदान जरूरी है। वोट बनवाने के साथ ही मतदान की प्रक्रिया को ठीक से समझें एवं दुष्प्रचार से बचें। किसी के कहने पर विश्वास न करें, स्वयं समझ कर निर्णय लें। आज का युवा ही आने वाले समय में देश की सशक्त नीव बनेंगे। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें एवं प्रयास करें कि आपके परिवार के सभी लोगों का मत एक ही स्थान पर हो।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने अपनी वोट बनवाने के नियम, आयु सीमा, फॉर्म, एप के संबंध में मतदाता जागरूकता एवं मतदान की प्रक्रिया से संबंधित नए वोटरों को जानकारी दी। अंत में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



इस अवसर पर पीचग्रो पब्लिक स्कूल, इण्डस्ट्रीयल मुस्लिम इन्टर कॉलेज, गुरूनानक गर्ल्स इन्टर कॉलेज, राजकीय इन्टर कॉलेज, जेबीएस इन्टर कॉलेज के बच्चों ने देश भक्ति गीत, भाषण, नुक्कड नाटक, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गयी जो मतदाता जागरूकता पर आधारित थी।

कार्यक्रम में बेहट विधानसभा से स्वराज, श्रीमती रीता गुप्ता, नकुड़ विधानसभा से राजेश शर्मा, राजेश जैन, सहारनपुर नगर विधानसभा से आकाश भारद्वाज, श्रीमती सपना, सहारनपुर विधानसभा से पूनम, राजेश, देवबन्द विधानसभा से प्रवेन्द्र कुमार बावरा, अतुल सिंघल, रामपुर मनिहारान विधानसभा से कामना पंवार, राहुल काम्बोज, गंगोह विधानसभा से मनोज कुमार, सोनू कुमार को अच्छा कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, सिटी मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह, उपजिलाधिकारी सदर सुबोध कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अरविंद कुमार पाठक, सुरेन्द्र चौहान, कार्यक्रम संचालक राकेश शर्मा, वरिष्ठ अधिकारीगण, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक तथा छात्र उपस्थित रहे।

# ग्रामीण भारत के लिए ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी पहल है जी रामजी योजनाः लल्लू सिंह

## रुदौली विधानसभा क्षेत्र के बारी गांव में आयोजित हुई किसान एवं श्रमिक चौपाल



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के बारी गांव में आयोजित किसान एवं श्रमिक चौपाल में पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने केंद्र सरकार की विकसित भारत जी राम जी योजना की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह योजना अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लागू की गई है और इसके सकारात्मक परिणाम अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

लल्लू सिंह ने कहा कि जी राम जी योजना ग्रामीण भारत के लिए एक ऐतिहासिक और परिवर्तनकारी पहल है। इस योजना के तहत पहले मनरेगा में मिलने वाले 100 दिनों के रोजगार को बढ़ाकर 125 दिनों का गारंटी युक्त रोजगार कर दिया गया है। इससे ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि हुई है और उन्हें आर्थिक सुरक्षा भी प्राप्त हुई है। उन्होंने मजदूरी भुगतान व्यवस्था की चर्चा करते हुए कहा कि अब श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जा रहा है।

यदि किसी कारण से भुगतान 15 दिनों से अधिक विलंबित होता है तो श्रमिकों को 0.05 प्रतिशत ब्याज सहित अतिरिक्त मजदूरी देने का प्रावधान है। इससे श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है और व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है।

पूर्व सांसद ने बताया कि जी राम जी योजना के लिए रिकॉर्ड बजट का आवंटन किया गया है, जो ग्रामीण विकास के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योजना का उद्देश्य केवल अस्थायी रोजगार उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि सड़क निर्माण, जल संरक्षण और स्थायी आजीविका के साधनों के माध्यम से टिकाऊ ग्रामीण अवसंरचना का विकास करना है, जिससे गांव आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष शिवगोविंद पांडेय, मंडल अध्यक्ष भारत लाल रावत, प्रधान प्रतिनिधि लालजीत सिंह, विजयशंकर शुक्ल, पवन कोरी, मृत्युंजय त्रिपाठी, सुमन पासवान, आशा शर्मा, रेनू रावत, विजय चौहान, सुनील शर्मा, शिवशंकर लोधी, रामकेवल लोधी, श्याम बहादुर सिंह, महेश यादव, राजू रावत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## यूसीजी कानून से भाजपा के लिए बढ़ सकता है चुनावी संकटः कृपा निधान तिवारी

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** यूसीजी कानून को लेकर देशभर में सवर्ण समाज में रोष बढ़ता जा रहा है। अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने कहा कि यह कानून भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए विधानसभा व लोकसभा चुनाव में बड़ा संकट खड़ा कर सकता है। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज अपने अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा।प्रयागराज माघ मेले में शंकराचार्य एवं उनके शिष्यों के साथ कथित पुलिस अभद्रता और चोटी खींचने की घटना पर सरकार की चुप्पी से हिंदू समाज में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि यह केवल ब्राह्मण समाज ही नहीं, बल्कि सनातन परंपरा का अपमान है। पंडित कृपा निधान तिवारी के नेतृत्व में चाणक्य परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने प्रयागराज पहुंचकर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मुलाकात कर समर्थन पत्र सौंपा और इस घटना के खिलाफ कड़ा आक्रोश जताया।

# 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर वरिष्ठ व नव मतदाताओं का सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस राजकीय इंटर कॉलेज, अयोध्या में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 85 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं श्रीमती कलावती, श्रीमती गुड्डी वर्मा, रफीक, चौतराम एवं भगवानदास को शॉल भेंट कर माल्यार्पण के साथ सम्मानित किया गया।

वहीं पहली बार मतदाता बने 18 वर्ष आयु के युवाओं कु. साधना विश्वकर्मा, कु. तान्या चौरसिया, कु. चांदनी एवं कु. अनुष्का को मतदाता पहचान पत्र, बैज व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों एवं बीएलओ सुपरवाइजरों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही रंगोली, क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को भी प्रशस्ति पत्र व शब्दकोष प्रदान किए गए।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों व मतदाताओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने अपील की कि कोई भी मतदाता छूटे नहीं और सभी नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। कार्यक्रम में सभी को मतदान की शपथ भी दिलाई गई।समारोह में मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिरूद्ध प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर राम प्रसाद त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी, प्रधानाचार्यगण उपस्थित रहे।

# फर्जी दस्तावेजों से भूमि का एग्रीमेंट, दो आरोपी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जालसाजी व धोखाधड़ी के मामलों पर चल रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली अयोध्या पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर भूमि का एग्रीमेंट कराने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया थाना कोतवाली अयोध्या में पंजीकृत मु.अ.स. 73/25 धारा 319(2).318(4).338. 336(3).340(2).61(2) बीएनएस 3(2)ड्ड स्ष्टस्ञ्ज ्रष्टञ्ज सम्बधित अभियुक्त अजय कुमार व हरिशंकर वर्मा को 24 फरवरी 2025 को चूड़ामणि चौराहे से गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि दोनों ने आपसी साठगांठ से एक व्यक्ति के आधार कार्ड में छेड़छाड़ कर फर्जी पहचान बनाई और जमीन के वास्तविक स्वामी बनकर आवासीय भूमि का एग्रीमेंट कर डेढ़ लाख रुपये की ठगी की। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों ने ग्राम भीखापुर स्थित गाटा संख्या 63 की जमीन को लावारिस बताकर सात लाख रुपये में सौदा तय किया और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बयाना राशि प्राप्त की। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक राहुल कुमार बाजपेयी, उपनिरीक्षक मिथिलेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल अजय कुमार व कांस्टेबल यशवीर सिंह शामिल रहे।

## खिचड़ी भोज में उमड़ा जनसैलाब, सैकड़ों गरीबों को बांटे गए कंबल-शाल

**हैदरगंज-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड तारुन के कोरो राघवपुर गांव में आयोजित खिचड़ी भोज कार्यक्रम के दौरान सामाजिक और राजनीतिक हस्तियों का जमावड़ा लगा रहा। कार्यक्रम में सैकड़ों गरीब ग्रामीणों को कंबल और शाल वितरित की गईं।

# मेहनत लाई रंगः गोसाईगंज कोतवाली में जल्द खड़ी होंगी दो फायर ब्रिगेड गाड़ियां

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज-अयोध्या।** अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा तो वित्तीय वर्ष 2025-26 में अंबेडकरनगर जनपद की सीमा से सटे गोसाईगंज विधानसभा मुख्यालय स्थित गोसाईगंज कोतवाली में फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां खड़ी हो जाएंगी। यह जानकारी गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं जय बाबा अमरनाथ बर्फानी सेवा समिति की अध्यक्ष श्रीमती आरती जायसवाल द्वारा मांगी गई जन सूचना के जवाब में सामने आई है।उप्र अग्निशमन एवं आपात सेवा मुख्यालय, लखनऊ के जनसूचना अधिकारी ने 16 जनवरी 2026 को कार्यालय पत्रांक एफएस-आरटीआई-93/2025 के माध्यम से जानकारी दी। पत्र में बताया गया कि इस संबंध में पुलिस उपमहानिरीक्षक (अग्निशमन एवं आपात सेवा) सूर्यकांत त्रिपाठी द्वारा 5 जनवरी 2026 को शासन के गृह (पुलिस) अनुभाग-8 के विशेष सचिव को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।डीआईजी सूर्यकांत त्रिपाठी के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 में स्वीकृत बजट के सापेक्ष वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद जेम पोर्टल के माध्यम से अग्निशमन वाहनों का क्रय/निर्माण कराया जाएगा। प्रक्रिया पूरी होने के बाद गोसाईगंज को दो फायर ब्रिगेड वाहन आवंटित कर दिए जाएंगे। गौरतलब है कि बीते वर्ष सभासद आरती जायसवाल के प्रयास से गोसाईगंज कोतवाली के लिए स्वीकृत फायर ब्रिगेड वाहन लखनऊ जनपद के गोसाईगंज चला गया था। क्षेत्र में लगातार हो रही आगजनी की घटनाओं को देखते हुए सभासद जायसवाल बीते दो वर्षों से गोसाईगंज कोतवाली में स्थायी रूप से दो फायर ब्रिगेड वाहन तैनात किए जाने की मांग कर रही थीं।

## अवैध प्लॉटिंग पर सवाल, सदर एसडीएम पर आरोप

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रामनगरी में अवैध प्लॉटिंग को लेकर कानून की भूमिका पर सवाल उठे हैं। श्री आदित्यनाथ गौ सेवा समिति के संरक्षक महंत सन्त दास 'मानव' ने सदर एसडीएम पर कार्रवाई न करने और भगवा रसूख के दबाव में मौन रहने का गंभीर आरोप लगाया है।

## पीड़ित परिवार को सपा की आर्थिक सहायता, एक लाख का चेक सौंपा गया



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा पीड़ित परिवार की सहायता हेतु भेजी गई ?1,00,000 की आर्थिक सहायता का चेक पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' एवं नि. महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने पार्टी नेताओं के साथ पीड़ित के आवास जाकर सौंपा।इस अवसर पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा समाजवादी परिवार पीड़ित के साथ खड़ा है और दोषियों को कठोर सजा व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की लड़ाई जारी रहेगी। नि. महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि समाजवादी पार्टी पहले दिन से पीड़ित परिवार के साथ है, अभी भी कुछ दोषी पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं, जिस पर शीघ्र वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता की जाएगी।प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि इससे पूर्व भी पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे 'पवन' द्वारा ?50,000 की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महानगर व जिले के सभी बूथों पर उत्साह के साथ सुनी गई प्रधानमंत्री की मन की बात

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को महानगर व जिले के सभी बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम को लेकर बूथों पर खासा उत्साह और सहभागिता देखने को मिली।

पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने सिविल लाइन बूथ संख्या 17 पर मन की बात कार्यक्रम सुना। कार्यक्रम उपरांत उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का सशक्त माध्यम है, जिससे समाज के हर वर्ग को प्रेरणा मिलती है।

जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कौशलपुरी स्थित अपने आवास पर कार्यक्रम सुनने के बाद कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री महिलाओं, युवाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हैं, जो वर्तमान समय में अत्यंत प्रासंगिक है।

# गाँव को विकसित करके ही विकसित भारत बनाया जा सकताः जयवीर सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**इटावा।** भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू की अध्यक्षता में विकसित भारत-जी राम जी जनजागरण अभियान के तहत मैनपुरी लोकसभा की जसवंतनगर विधानसभा के बी.आर.सी.ग्राउंड में %कृषक/श्रमिक ग्राम चौपाल%का आयोजन किया गया।चौपाल का *शुभारंभ माँ शारदा,भाजपा के प्रेरणा पुंज पं.दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित करके हुआ।ग्राम चौपाल को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि ज़ब किसी योजना में धांधली हो,भ्रष्टाचार हो तो उस योजना में मुलभुत परिवर्तन करना अति आवश्यक हो जाता हैं।कांग्रेस द्वारा लायी गयी मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चरम पर था।भाजपा सरकार भ्र्ष्टाचार ले प्रति जीरो टॉलरेंस की निती अपनाती हैं। मनरेगा के तहत 100 दिन काम मिलेगा कि नहीं मिलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं थी लेकिन विकसित भारत जी राम जी के तहत 125 दिन के काम की गारण्टी हैं।पहले काम हो जाने के बाद पेमेंट देने में भ्र्ष्टाचार होता लेकिन इस नयी योजना में 7 दिन में डीबीटी के माध्यम पेमेंट की गारंटी होंगी विलम्ब होने के स्थिति में ब्याज सहित पेमेंट किया जाएगा। चौपाल को आगे सम्बोधित करते हुए जयवीर सिंह ने कहा कि गाँव को विकसित करके ही विकसित भारत बनाया जा सकता हैं।इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार इस योजना के माध्यम से गाँव को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।ग्राम चौपाल को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद/विधायक रघुराज शाक्य ने कहा कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर एवं आधुनिक बनाने की दिशा में विकसित भारत~जी राम जी पहल एक महत्वपूर्ण कदम है।

# उच्च तापमान से निपटने में वरदान साबित होगा गेहूं का बीजः डीजी

## कृषि विश्वविद्यालय में शोध परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**कुमारगंज-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज पहुंचकर विश्वविद्यालय के शोध प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने उपकार द्वारा पोषित विभिन्न शोध परियोजनाओं का निरीक्षण किया।

महानिदेशक ने गेहूं पर उच्च तापमान के प्रभाव के अध्ययन से जुड़ी महत्वपूर्ण शोध परियोजना का अवलोकन किया और मुख्य अन्वेषक डॉ. आलोक कुमार सिंह से शोध की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शोध कार्य सीधे किसानों से जुड़ा होना चाहिए और परियोजनाएं किसानों की वास्तविक समस्याओं को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए।

डॉ. संजय सिंह ने वैज्ञानिकों को सुझाव दिया कि बढ़ते तापमान और सीमित जल उपलब्धता जैसी परिस्थितियों में भी फसल की उत्पादकता बनाए रखने पर केंद्रित शोध को प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने डॉ. आलोक कुमार सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस परियोजना के परिणाम भविष्य में किसानों की गेहूं उत्पादकता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।परियोजना के मुख्य अन्वेषक डॉ. आलोक कुमार सिंह ने बताया कि शोध का उद्देश्य देर से बोई जाने वाली गेहूं की फसल में उच्च तापमान से होने वाली उत्पादकता हानि को कम करना है, जिससे बदलती जलवायु परिस्थितियों में किसान सुरक्षित उत्पादन कर सकें।

इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. भगवानदीन, डॉ. आर.के. यादव, डॉ. राज बहादुर, डॉ. कुलदीप पांडेय और डॉ. जगबीर सिंह मौजूद रहे।

## यूजीसी कानून के विरोध में सवर्ण समाज की बैठक, फरवरी में बड़े आंदोलन की चेतावनी



**बीकापुर-अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** यूजीसी कानून के विरोध में रविवार को बीकापुर में सवर्ण समाज की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के लोगों ने कानून को काला कानून बताते हुए इसके खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। बैठक में वक्ताओं ने तीखा आक्रोश जताते हुए कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत सदस्य व फायर ब्रांड नेता संतोष दूबे ने कहा कि यह काला कानून समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा देगा और सामाजिक ताना-बाना कमजोर करेगा। उन्होंने घोषणा की कि कानून की वापसी के लिए फरवरी माह से बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। बस्ती निवासी शास्त्री दीनानाथ त्रिपाठी ने कहा कि बच्चों के भविष्य की रक्षा के लिए सवर्ण समाज को हर जिले में आंदोलन करना होगा। वहीं प्रयागराज कुंभ माघ मेले में शंकराचार्य के अपमान को लेकर भी नाराजगी व्यक्त की गई।बैठक में राम लखन पांडेय, राजेंद्र तिवारी, पूर्व प्रधानाध्यापक सच्चिदानंद मिश्रा, पंडित अजय कुमार शुक्ला, संतोष शुक्ला, सनी तिवारी, शिव मंगल, अनूप दुबे, रविंद्र तिवारी, सुधीर तिवारी तथा तांडव सेना के जिला अध्यक्ष रजत पांडेय सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ में जुटे देश-दुनिया के कलाकार



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में आयोजित अयोध्या कला संस्कृति महाकुंभ में देश-दुनिया के कलाकारों का संगम देखने को मिल रहा है। महोत्सव के दौरान 51 कलाकारों को अयोध्या कला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय कला, संस्कृति, लोककला, साहित्य, संगीत व नृत्य परंपराओं का संरक्षण व संवर्धन है।सायंकालीन सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. के.एम. श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि डॉ. धीरज श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस दौरानह्व अयोध्या आर्ट गैलरी का अवलोकन भी किया गया। अयोध्या क्रिएटर अवार्ड शो में फिल्म व कला जगत से जुड़े अतिथियों की मौजूदगी रही, जिसमें कई डिजिटल क्रिएटर्स को सम्मानित किया गया।लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अवधी गायन, जादू व संगीत प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। आयोजकों के अनुसार रविवार को संगीत कुंभ का फाइनल सहित विभिन्न सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे।

# इमाम जैनुल आबेदीन की यौमे विलादत पर मनकबती महफिल का आयोजन किया गया

## जश्ने आबिद हो रहा है और बड़ा दरबार है

*अवधनामा संवाददाता*

**अमरोहा।** हर साल की तरह इस साल भी हजरत इमाम जैनुल आबेदीन के यौमे विलादत के मौके पर एक मनकबत्ती महफ़िल अज़ाख़ाना शम्स अली ख़ां मोहल्ला दरबारे कला में मौलाना सैयद शादाब हैदर की सदारत में सजाई गई। महफ़िल का आग़ाज़ तिलावत ए कलाम ए पाक से क़ारी मिर्ज़ा अनस ने किया और नाते पाक का नज़राना नाज़िम अमरोहवी ने पेश किया निजामत प्रोफेसर नाशिर नकवी और डॉक्टर मुबारक अमरोही ने की मौलाना डॉक्टर शहवार हुसैन, मौलाना गुलाम इमाम, शान ए हैदर जैदी मसनद पर जलवा अफ़रोज़ रहे शायरों का कलाम हाजिर है मौलाना डॉक्टर एहसान अख्तर सरोश ने कहा कर्बला के सानेहा की यह हकीकत है सरोश ,इब्तेदा



शब्बीर की है इंतेहा सज्जाद की डॉक्टर नसीममुजफर संभली ने कहा नबूवतों के दमानों में कुछ ना आएगा नजर,हुसैन एक पल जो अपनी कर्बला समेट ले। डॉक्टर नाशिर नकवी ने कहा--देता हुआ हारो को दुआ गुजारा है एक दश्त से वह अबाला पा गुजारा है जी। हसन इमाम ने कहा सजदा गांहों से आ रही है सदा सैयद उस साजदिन है आबिद। डॉक्टर लाडले रहबर ने कहा मकसद ए हजरत ए आबिद है बड़ा जैनब से,उम्र में हजरत आबिद से बड़ी है जैनब जोहर सिरसी भी ने कहा-- एक ही नाम बता दीजिए आबिद के सिवा जो गिरफ्तार भी हो मालिक ओ मुख्तार भी हो। डॉ मुबारक अमरोही ने कहा-- जो था हुसैन का कातिल उसी के घर सज्जाद,हुसैन की सफ ए मातम बिछा के बैठ गए। शीबान कादरी ने कहा कोई मुझसे कह रहा था रात आकर ख्वाब में ,मन्क़बत कहिए मगर सज्जाद के मैयार की। नाज़मि हुसैन आरिफ ने कहा मांगना है जो भी नाजिम मांग ले दिल खोल कर जश्ने आबिद हो रहा है और बड़ा दरबार है।

## सुमेर सिंह किला वन विश्राम गृह परिसर में नेचर वॉक का आयोजन

**इटावा। (अवधनामा संवाददाता)** सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन का नेचर के तत्वाधान में रविवार को सुमेर सिंह किला वन विश्राम गृह परिसर में नेचर वॉक का आयोजन डॉ.बी एन सिंह बायोलॉजिस्ट लायन सफारी,डॉ राजीव चौहान,दीक्षा,रश्मि पोरवाल के नेतृत्व में किया गया।डॉ अत्री गुप्ता ने बताया कि वह आज अपने साथ नोएडा से कुछ नए नेचर लवर्स को लेकर आए है जिनका इस तरह का यह पहला अनुभव है प्रतीक सुराना प्रियम पुरवार ने बताया कि आज से पहले वह पौधों को इस नजर से नहीं देखे थे लेकिन आज के इस नेचर वॉक में सम्मिलित होकर वह प्रकृति की असीम धरोहरों के संरक्षण के प्रति संवेदनशील हुए हैं और वह और भी लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागृत करेंगे। डॉ राजीव चौहान ने बताया कि आज उनके द्वारा 42 पेड़ पौधों की प्रजाति एवं 17 चिड़ियों की प्रजाति देखने को मिली।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजपा कार्यालय में 20 नव मतदाताओं का हुआ सम्मान

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव की अगुवाई में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 20 नव मतदाताओं से फॉर्म-6 भरवाकर उन्हें मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी कराई गई तथा सभी को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले नव मतदाताओं में आदित्य सोनकर, दीपक कुमार, शांतनु कनौजिया, प्रियांशु कनौजिया, मुकेश सोनकर, जय सूर्यवंशी, दीपांशु, अक्षय सिंह, कुणाल सिंह, आशुतोष, उत्पल, ऋषि उप्पल, अजय मौर्या, शुभंकर मौर्य, रामजी यादव, अंकुश पांडे, शुभम गौड़, प्रदीप साहू, आयुष श्रीवास्तव, अमरीश गुप्ता, विकास विश्वकर्मा एवं उन्नति प्रजापति शामिल रहे। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत मतदाता है। युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य नए मतदाताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है।

महानगर अध्यक्ष ने सभी नव मतदाताओं को बधाई देते हुए अपील की कि वे आने वाले प्रत्येक चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करें और देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाएं।

मौके पर शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, शेखु सिंह, प्रांशु अग्रवाल, पियुष मौर्या, बजेन्द्र मिश्र, विक्रम मौर्या सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दावोस में गूँज रहा है सीएम मोहन का निवेश अभियान, एमपी को मिलेगा ग्लोबल प्लेटफार्म

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने दावोस दौरे के माध्यम से एमपी को वैश्विक निवेशकों के लिए आकर्षक डेस्टिनेशन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन को एमपी की डेवेलपमेंट नीति का मुख्य केंद्र बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बीते दो वर्ष में देश-विदेश में निरंतर निवेश के अवसरों को तराशने की कोशिश की है। अब वह दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक में अपनी भागीदारी दर्ज कर मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहे हैं।दावोस के मंच पर होने वाली चर्चाओं का सीधा प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था और व्यापारिक नीतियों पर पड़ता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस मंच का उपयोग मध्यप्रदेश के लिए अधिक से अधिक निवेश जुटाने के उद्देश्य से करने जा रहे हैं। एमपी सरकार का प्रतिनिधिमंडल दावोस के वैश्विक मंच पर ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस, त्वरित निर्णय प्रणाली और भूमि-आवंटन की सरल प्रक्रिया को वैश्विक निवेशकों के समक्ष प्रमुखता से रख रहा है।इस वर्ष वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की थीम ÷ ए स्पिरिट हाफ डायलॉग ÷ रखी गई है, जो सहयोग और साझेदारी पर आधारित विकास मॉडल पर आधारित है। दावोस में मध्यप्रदेश निवेश-केंद्रित संवाद, नीति प्रस्तुतिकरण और रणनीतिक साझेदारियों पर फोकस कर रहा है। मध्यप्रदेश विशेष रूप से कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग, बायोटेक-फार्मा-हेल्थकेयर, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, रसायन उद्योग, टेक्सटाइल एवं गारमेंट, रियल एस्टेट, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स, होल्डिंग कंपनियों, शिक्षा और खेल अवसंरचना जैसे क्षेत्रों में निवेश संवाद करेगा। दावोस दौरे के माध्यम से मध्यप्रदेश मैन्युफैक्चरिंग, रिन्यूएबल एनर्जी, लॉजिस्टिक्स, टेक्सटाइल, रसायन उद्योग और फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में वैश्विक उद्योग जगत से संवाद होगा और सभी को एमपी आमंत्रित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मुख्य उद्देश्य ÷इन्वेस्ट इन एमपी ÷ को वैश्विक स्तर पर मजबूती से स्थापित करना है। राज्य सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में तेजी, त्वरित निर्णय प्रक्रिया, भूमि आवंटन की आसान व्यवस्था और निवेशकों के लिए एकल खिड़की प्रणाली जैसी पहलें दावोस में प्रमुखता से प्रस्तुत की जा रही हैं। सीएम डॉ. मोहन यादव 21 जनवरी से विभिन्न सत्रों, वन-टू-वन मीटिंग्स, सेक्टोरल राउंडटेबल्स और कॉर्पोरेट डायलॉग में भाग लेंगे, जहां वे वैश्विक सीईओ, नीति-निर्माताओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों से अपना सीधा संवाद स्थापित करेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने निवेश नीतियों को सरल, पारदर्शी और उद्योग-अनुकूल बनाया है। एमपी एक जमाने में बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था, अब रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से निवेश की भरपूर क्षमताओं से एमपी निवेशकों के दिल जीत रहा है। राज्य सरकार की निवेशकों के अनुकूल नीतियां और अनेक प्रोत्साहन राज्य में व्यापार और उद्योग की नई संभावनाएं के द्वार खोल रही हैं जिससे निवेशक मध्यप्रदेश की तरफ तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव दावोस पहुंचने के बाद कई प्रमुख कंपनियों और उद्योगपतियों से मुलाकात करेंगे।एक माह पूर्व ग्वालियर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य में आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को विकास का महत्वपूर्ण माइलस्टोन करार दिया था।

## मनुष्य जल- जन-जमीन- जगत -जंतु - जानवरों का भस्मासुर बन बैठा

आज मानव-समाज प्रगति के नाम पर प्रकृति का ऐसा विनाश कर रहा है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए विनाशकारी परिणाम छोड़ रहा है। जंगल, पहाड़ और खनिज-ये पृथ्वी के मूल स्तंभ हैं, जिनके अस्तित्व पर मनुष्य की स्वार्थी नजर ने भारी दोहन किया है। परिणामस्वरूप जानवर अपनी प्राकृतिक आवास खो रहे हैं, अस्तित्व संघर्ष कर रहे हैं और कई प्रजातियाँ धीरे-धीरे विलुप्ति की ओर जा रही हैं।

विश्व स्तर पर जंगलों का विनाश निरंतर बढ़ रहा है। उष्णकटिबंधीय जंगलों का न सिर्फ़ बड़े पैमाने पर कटान हो रहा है, बल्कि उनके पर्यावरणीय कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। 2023 में अकेले लगभग 37 लाख हेक्टेयर उष्णकटिबंधीय जंगल नष्ट हो गए-जो आकार में लगभग भूटान के बराबर है। विश्व की कुल भूमि का लगभग 31त्न हिस्सा जंगलों से ढका हुआ है, लेकिन पिछले दशकों में हमने लगभग 178 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र गंवा दिया है-लगभग 10 मिलियन हेक्टेयर प्रतिवर्ष। इस विनाश से रहने योग्य आवास, जैव वैविध्य और जलवायु संतुलन प्रभावित हो रहे हैं।

भारत में भी स्थिति चिंताजनक है। 2015 से 2020 तक भारत ने लगभग 6,68,400 हेक्टेयर जंगल खो दिया-यह आंकड़ा दुनिया में ब्राज़ील के बाद दूसरा सबसे बड़ा है। खनिज और धातुओं के बढ़ते दोहन के कारण जंगलों को नष्ट करने की प्रक्रिया और तेज़ हो गई है। 2001 से 2020 के बीच वैश्विक स्तर पर खनन से लगभग 1.4 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र नष्ट हुआ-जो लगभग डेनमार्क के एक-तिहाई क्षेत्र के बराबर है।

इनमें से लगभग 450,000 हेक्टेयर प्राथमिक उष्णकटिबंधीय वर्षावन में, लगभग 150,000 हेक्टेयर संरक्षित क्षेत्रों में और लगभग 260,000 हेक्टेयर आदिवासी एवं स्थानीय समुदायों की जमीन पर था।वन्यजीव और जैव विविधता इन जंगलों पर निर्भर हैं-वहीं जंगल कटने से उनकी संख्याएँ तीव्रता से गिर रही हैं। वैश्विक स्तर पर लगभग 50,000 प्रजातियाँ प्रतिवर्ष विलुप्ति के कगार पर पहुँच रही हैं, और अनुमान है कि अगर यह गति जारी रही तो लगभग 28,000 से अधिक प्रजातियाँ आने वाले 25 वर्षों में विलुप्त हो सकती हैं। भारत में भी औपचारिक वैज्ञानिक जाँच से पता चला है कि जंगली प्रक्षेत्रीय वन व जन्तुओं की संख्या पिछले कुछ वर्षों में लगभग 25त्न घट गई है, जिसका मुख्य कारण जंगलों का सिकुड़ना और मानव-वन्यजीव संघर्ष है।

इस विनाश की प्रक्रिया में इंसान स्वयं ही अपने लालच के लिए जंगलों और संसाधनों का दोहन करता है-पेड़ काटता है, पहाड़ खोदता है, खनिज निकालता है। लेकिन यह सब प्राकृतिक संतुलन को बुरी तरह बिगाड़ रहा है। वन्यजीव अपने रहवास खोते हैं, भोजन के लिए संघर्ष करते हैं, और धीरे-धीरे मानव बस्तियों की ओर आते हुए संघर्ष की स्थिति में फँस जाते हैं-जिससे उनके जीवन पर और भी बड़ा ख़तरा पैदा होता है। आज की तस्वीर स्पष्ट है-हम जिस धरती को अपनी माँ कहते हैं, उसी को अपने स्वार्थ की भेंट चढ़ा रहे हैं। जंगलों का विनाश, खनिजों की निकासी और जानवरों का बेघर होना केवल पर्यावरणीय समस्या नहीं है, बल्कि मानवता और सभ्यता के अस्तित्व पर एक बड़ा प्रश्न खड़ा करता है। आज पृथ्वी पर सबसे बड़ा संकट जलवायु परिवर्तन या प्राकृतिक आपदाएँ नहीं, बल्कि मनुष्य की वह मानसिकता है जिसने उसे संवेदनहीन और स्वार्थांध बना दिया है। यह विडंबना ही है कि स्वयं को सबसे बुद्धिमान प्राणी मानने वाला मनुष्य आज ऐसा व्यवहार कर रहा है, जो पशुता को भी पीछे छोड़ देता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**


**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# शिक्षा रोजगार का टिकट नहीं, जीवन का दर्शन बने


विश्व शिक्षा दिवस कोरा उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन का अवसर है, यह सोचने का क्षण कि शिक्षा क्या है, किसके लिए है और किस दिशा में समाज को ले जा रही है। भारत इस संदर्भ में केवल एक देश नहीं, बल्कि एक जीवित सभ्यता है, जिसने शिक्षा को कभी भी मात्र रोजगार या सूचना का साधन नहीं माना, बल्कि जीवन-निर्माण, चरित्र-गठन और आत्मबोध की प्रक्रिया के रूप में जिया है। आज जब दुनिया ज्ञान, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के अभूतपूर्व दौर में खड़ी है, तब भारत की प्राचीन


ललित गर्ग

गुरुकुल परंपरा और उसके शैक्षिक सूत्र वैश्विक नेतृत्व का आधार बन सकते हैं। इस वर्ष की थीम 'शिक्षा के सह-निर्माण में युवाओं की शक्ति' है, जो शांति और विकास के लिए शिक्षा के महत्व पर केंद्रित है, यह दिन शिक्षा को एक मौलिक अधिकार और भविष्य की पूंजी के रूप में रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है, ताकि गरीबी मिटाई जा सके, लैंगिक समानता लाई जा सके और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिसकी आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि लाखों बच्चे एवं युवा शिक्षा से वंचित हैं और यह दिन युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बनाता है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित यह दिवस, शांति और विकास के लिए शिक्षा की भूमिका का जश्न मनाता है। यह शिक्षा को एक मौलिक मानवाधिकार, सार्वजनिक हित और जिम्मेदारी के रूप में स्थापित करता है। यह दिन गरीबी के चक्र को तोड़ने और लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए शिक्षा की आवश्यकता पर जोर देता है। यह दिन शिक्षा को भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी मानता है, जो समाज को अंधकार से बाहर निकाल सकती है और भविष्य के निर्माताओं को तैयार कर सकती है। भारत की प्राचीन शिक्षा परंपरा का मूल मंत्र था-÷सा विद्या या विमुक्तये÷, अर्थात् वही विद्या है जो मुक्त करे। गुरुकुलों में शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं थी; वह आचरण, अनुशासन, प्रकृति के साथ सामंजस्य, गुरु-शिष्य संवाद और जीवनोपयोगी कौशल का समन्वय थी। गुरु केवल विषय का अध्यापक नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टा होता था और शिष्य केवल परीक्षा-उत्तीर्ण करने वाला विद्यार्थी नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक। आश्रम-व्यवस्था में रहकर विद्यार्थी सेवा, श्रम, ध्यान, तर्क और प्रयोग-इन सबके माध्यम से समग्र व्यक्तित्व का विकास करता था। यह शिक्षा आत्मनिर्भरता सिखाती थी, प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि सह-अस्तित्व का बोध कराती थी और ज्ञान को जीवन से जोड़ती थी।

औपनिवेशिक काल में यह समग्र शिक्षा व्यवस्था व्यवस्थित रूप से ध्वस्त की गई। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति का उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित बनाना नहीं, बल्कि प्रशासन के लिए ÷क्लर्क÷ तैयार करना था-



ऐसे लोग जो सोच में अंग्रेज़ हों, रंग में भारतीय। इस पद्धति ने शिक्षा को जीवन से अलग कर दिया, भाषा को जड़ों से काट दिया और ज्ञान को रटंत, अंक-केंद्रित और नौकरी-उन्मुख बना दिया। आज़ादी के बाद भी दुर्भाग्यवश, भारत लंबे समय तक उसी ढांचे में फंसा रहा। विद्यालय और विश्वविद्यालय बढ़े, लेकिन शिक्षा की आत्मा कमजोर होती चली गई। डिग्रियों की संख्या बढ़ी, पर कौशल, नैतिकता और नवाचार का संकट गहराता गया। स्वतंत्र भारत की शिक्षा प्रणाली ने कुछ सकारात्मक प्रयास अवश्य किए-सार्वजनिक विश्वविद्यालय, वैज्ञानिक संस्थान, तकनीकी शिक्षा लेकिन व्यापक स्तर पर शिक्षा समाज की आवश्यकताओं से कटती गई। पाठ्यक्रम बोझिल होते गए, परीक्षाएं स्मृति-आधारित बनती गईं और शिक्षक-छात्र संवाद औपचारिकता में सिमट गया। शिक्षा रोजगार का टिकट बन गई, जीवन का दर्शन नहीं। यही कारण है कि आज शिक्षित युवा भी दिशाहीनता, बेरोजगारी और मानसिक तनाव से जूझ रहा है। इसी पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लाई गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एक निर्णायक मोड़ के रूप में सामने आती है। यह नीति केवल संरचनात्मक सुधार नहीं, बल्कि वैचारिक बदलाव का संकेत देती है। इसमें भारतीय भाषाओं को शिक्षा का माध्यम बनाने, बहु-विषयक अध्ययन, रटंत विद्या से मुक्ति, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार और नैतिक शिक्षा पर बल दिया गया है। यह नीति स्पष्ट रूप से मैकाले की शिक्षा पद्धति से बाहर निकलने की दिशा में कदम है-जहां शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी नहीं, बल्कि सक्षम, सृजनशील और संवेदनशील मानव का निर्माण है।

नई शिक्षा नीति में कौशल विकास, अनुभवात्मक अधिगम, खेल, कला और व्यावसायिक शिक्षा को महत्व देना, उच्च शिक्षा में विषयों की कठोर सीमाओं को तोड़ना-ये सभी कदम गुरुकुल परंपरा की आधुनिक पुनर्व्याख्या जैसे हैं। मातृभाषा में शिक्षा का आग्रह न केवल संज्ञानात्मक विकास को सुदृढ़ करता है, बल्कि सांस्कृतिक आत्मविश्वास भी लौटाता है। यह नीति भारतीय ज्ञान परंपरा-योग, आयुर्वेद, दर्शन, गणित, खगोल को वैश्विक संदर्भ में पुनर्स्थापित करने का अवसर देती है। फिर भी, यह स्वीकार करना होगा कि नीति और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बड़ी चुनौती है। व्यापक परिवर्तन की अपेक्षाएं अभी अधूरी हैं। शिक्षा को वास्तव में कौशल विकास का केंद्र बनाना होगाकृजहां विद्यार्थी केवल पढ़े नहीं, बल्कि कर सके, सोच सके, समस्या सुलझा सके। पाठ्यपुस्तकों और रटंत विद्या से हटकर शिक्षा को जीवन-विकास का आधार बनाना होगा। शिक्षक को फिर से ÷गुरु÷ की भूमिका में लाना होगा-मार्गदर्शक, प्रेरक और सहयात्री के रूप में।

तकनीकी विकास, नवाचार और एआई के युग में भारतीय शिक्षा पद्धति के सामने दोहरी चुनौती है। एक ओर, उसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सक्षम बनना है-डिजिटल साक्षरता, डेटा, विज्ञान और तकनीक में अग्रणी होना है। दूसरी ओर, उसे मानवीय मूल्यों, करुणा, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व को भी सुरक्षित रखना है। यदि शिक्षा केवल तकनीक सिखाएगी और विवेक नहीं, तो वह विनाश का उपकरण बन सकती है। भारत की शक्ति यही है कि वह विज्ञान और अध्यात्म, तकनीक और तत्वज्ञान, नवाचार और नैतिकता-इन सबका संतुलन सिखा सकता है। भारतीय शिक्षा पद्धति में वह सामर्थ्य है कि वह दुनिया को एक नया दर्शन और नया शिक्षा-सूत्र दे सके, जहां शिक्षा उपभोग नहीं, साधना हो; जहां ज्ञान सत्ता नहीं, सेवा बने; जहां प्रतिस्पर्धा के साथ सह-अस्तित्व भी हो। ÷वसुधैव कुटुम्बकम्÷ की भावना आज वैश्विक शिक्षा का सबसे प्रासंगिक मंत्र बन सकती है। इक्कीसवीं सदी का मानव और मानव समाज केवल तकनीकी दक्षता या आर्थिक प्रगति से पूर्ण नहीं हो सकता। उसकी संरचना तब तक अधूरी रहेगी, जब तक शिक्षा परिपक्व, समग्र और मूल्यनिष्ठ न हो। आज दुनिया को ऐसे अभिनव मानव की आवश्यकता है जो आध्यात्मिक चेतना से संपन्न हो और वैज्ञानिक दृष्टि से सक्षम भी।

# विश्व बैंक रिपोर्ट: सांस पर संकट और विकास का भ्रम

विकास की जिस रफ्तार पर आज देश तालियाँ बजा रहा है, उसकी कीमत अगर किसी अदृश्य कर के रूप में वसूली जा रही है, तो वह आम नागरिक की सेहत है। चमकती सड़कों, ऊँची इमारतों और बढ़ते निवेश के आंकड़ों के पीछे एक स्याह सच छिपा है, ज़हरीली हवा, सिकुड़ते फेफड़े और घटती उम्र। विश्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट, Breath of Change 'सांस में बदलाव' ने इसी छिपे हुए यथार्थ को सामने लाकर खड़ा कर दिया है। सवाल यह नहीं कि भारत तरक्की कर रहा है या नहीं, सवाल यह है कि क्या यह तरक्की इंसान को ज़िंदा रखते हुए हो रही है या धीरे-धीरे उसे भीतर से खोखला कर रही है। जब विकास सांस लेने का अधिकार छीनने लगे, तो उस पर दोबारा सोचना ज़रूरी हो जाता है।


राजेश माहेश्वरी

आज स्थिति यह है कि वायु प्रदूषण किसी आपदा की तरह नहीं, बल्कि रोज़मर्रा की आदत बन चुका है। धुंध अब मौसम नहीं रही, बल्कि शहरी जीवन की स्थायी पहचान बन गई है। बच्चे खांसी के साथ बड़े हो रहे हैं, बुज़ुर्ग ऑक्सीजन सिलेंडर पर ज़िंदगी गिन रहे हैं और कामकाजी वर्ग थकान को सामान्य मान चुका है। यह सब उस विकास मॉडल की देन है, जिसने उत्पादन और मुनाफ़े को प्राथमिकता दी, लेकिन मानव शरीर की सहनशीलता को नज़रअंदाज़ कर दिया। विश्व बैंक की चेतावनी दरअसल इस भ्रम को तोड़ने की कोशिश है कि आर्थिक वृद्धि अपने आप में सफलता है। अगर हवा ही ज़हरीली हो जाए, तो विकास के सारे आँकड़े काग़ज़ी साबित होते हैं। भारत आज जिस विकास पथ पर आगे बढ़ने का दावा कर रहा है, उसकी सबसे बड़ी क़ीमत अगर कोई चुका रहा है, तो वह आम नागरिक की सांस है। हाल ही में विश्व बैंक की ताज़ा रिपोर्ट ने एक बार फिर उस सच्चाई को नंगे शब्दों में सामने रख दिया है, जिसे हम वर्षों से जानते तो हैं, लेकिन स्वीकार करने से कतराते रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार भारत में हर साल लगभग दस लाख लोगों की समय से पहले मौत वायु प्रदूषण के कारण हो रही है, और इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह आंकड़ा केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि हमारी विकास नीति, शहरीकरण की दिशा और शासन की प्राथमिकताओं पर भी एक कठोर प्रश्नचिह्न है।

वायु प्रदूषण अब किसी एक शहर या मौसम तक सीमित समस्या नहीं रह गई है। यह एक स्थायी संकट का रूप ले चुका है, जो महानगरों से लेकर छोटे कस्बों और गांवों तक फैल चुका है। उत्तर भारत के इंडो-गंगा मैदान से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों और तेजी से फैलते शहरी इलाकों तक, हवा में घुले ज़हरीले कण आम आदमी के फेफड़ों को लगातार कमजोर कर रहे हैं। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि यह प्रदूषण मुख्य रूप से उन सूक्ष्म कणों के कारण है, जो सांस के साथ सीधे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं और धीरे-धीरे जानलेवा बीमारियों को जन्म देते हैं। दमा, हृदय रोग, फेफड़ों का कैंसर और समय से पहले मृत्यु अब अपवाद नहीं, बल्कि एक सामान्य सामाजिक वास्तविकता बनती जा रही है। इस संकट की सबसे भयावह बात यह है कि यह चुपचाप लोगों की ज़िंदगी छीन रहा है। सड़क हादसों, आतंकवाद या महामारी की तरह इसके दृश्य चित्र सामने नहीं आते, इसलिए




इसका दर्द भी अक्सर आंकड़ों में दबकर रह जाता है। लेकिन जब विश्व बैंक जैसी संस्था यह कहती है कि हर साल दस लाख लोग सिर्फ़ प्रदूषित हवा के कारण मर रहे हैं, तो यह किसी युद्ध या महामारी से कम त्रासदी नहीं है। फर्क बस इतना है कि यह मौतें बिना शोर के होती हैं, अस्पतालों के वार्डों में, घरों की चारदीवारी में और धीरे-धीरे दम तोड़ते शरीर के साथ।

इसका असर केवल स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। रिपोर्ट यह भी साफ़ करती है कि वायु प्रदूषण भारत की अर्थव्यवस्था को गहरा नुकसान पहुँचा रहा है। बीमारियों के कारण काम के घंटे घटते हैं, उत्पादकता कम होती है और स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च परिवारों की बचत को निगल जाता है। विश्व बैंक का आकलन है कि इस वजह से भारत और इस पूरे क्षेत्र की सकल घरेलू उत्पाद का बड़ा हिस्सा हर साल नष्ट हो रहा है। विकास की जो चमकदार तस्वीर काग़ज़ों और आंकड़ों में दिखाई जाती है, वह ज़मीनी हकीकत में दमघोंटू हवा के बोझ तले दबती जा रही है।

यह भी एक कड़वी सच्चाई है कि प्रदूषण का सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्ग पर पड़ता है। जिनके पास न तो महंगे इलाज की सुविधा है और न ही साफ़ हवा वाले इलाकों में रहने का विकल्प। झुग्गियों, भीड़भाड़ वाले इलाकों और औद्योगिक क्षेत्रों के पास रहने वाले लोग सबसे ज़्यादा प्रभावित होते हैं। ग्रामीण भारत में आज भी बड़ी संख्या में लोग खाना पकाने के लिए ठोस ईंधन का इस्तेमाल करते हैं, जिससे घर के भीतर ही ज़हरीली हवा पैदा होती है। महिलाएं और बच्चे इसका सबसे बड़ा शिकार बनते हैं, लेकिन उनकी पीड़ा अक्सर किसी नीति बहस का हिस्सा नहीं बनती।

सरकारें समय-समय पर योजनाओं और अभियानों की घोषणा करती रही हैं। कहीं पराली जलाने पर रोक की बात होती है, कहीं इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने का दावा किया जाता है, तो कहीं स्वच्छ ऊर्जा की योजनाओं का प्रचार होता है। लेकिन ज़मीनी स्तर पर इन प्रयासों की गति और प्रभाव दोनों ही सीमित दिखाई देते हैं। जब तक विकास को केवल सड़कों, इमारतों और निवेश के आंकड़ों से मापा जाता रहेगा, तब तक हवा, पानी और इंसान की सेहत हाशिये पर ही रहेंगे।

विश्व बैंक की रिपोर्ट इस मायने में अहम है कि वह प्रदूषण को केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं मानती, बल्कि उसे आर्थिक और सामाजिक संकट के रूप में देखती है। यह रिपोर्ट बताती है कि अगर वायु की गुणवत्ता में सुधार किया जाए, तो न केवल लाखों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं, बल्कि आर्थिक विकास को भी स्थायी और संतुलित बनाया जा सकता है। साफ़ हवा कोई विलासिता नहीं, बल्कि उत्पादक समाज की बुनियाद है। बीमार नागरिक न तो अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा सकते हैं और न ही किसी राष्ट्र की ताक़त बन सकते हैं।


आज ज़रूरत इस बात की है कि नीति निर्माण में स्वास्थ्य और पर्यावरण को केंद्र में रखा जाए। उद्योगों, परिवहन और ऊर्जा उत्पादन के तरीकों पर पुनर्विचार किया जाए। शहरों की योजना इस तरह बने कि वे केवल फैलें नहीं, बल्कि सांस लेने लायक भी हों। किसानों को पराली जलाने के विकल्प दिए जाएं, सिर्फ़ दंड नहीं। आम नागरिक को यह समझाया जाए कि स्वच्छ हवा केवल सरकार की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास से ही संभव है।

भारत जैसे युवा देश के लिए यह चेतावनी और भी गंभीर है। अगर आज हवा ज़हरीली रहेगी, तो आने वाली पीढ़ियां शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर होंगी। इसका असर शिक्षा, श्रम शक्ति और सामाजिक स्थिरता पर पड़ेगा। विकास का वह मॉडल, जो लोगों की औसत उम्र और जीवन की गुणवत्ता को गिरा दे, अंततः अपने ही दावों के नीचे ढह जाता है।

विश्व बैंक की यह रिपोर्ट दरअसल एक आईना है, जिसमें भारत को खुद को देखना चाहिए। सवाल यह नहीं है कि प्रदूषण है या नहीं, सवाल यह है कि हम उसे कब तक अनदेखा करते रहेंगे। जब हर साल दस लाख जिंदगियां हवा में घुल रही हों और अर्थव्यवस्था अरबों का नुकसान झेल रही हो, तब चुप्पी भी अपराध बन जाती है। अब समय आ गया है कि विकास और सांस के बीच संतुलन को गंभीरता से समझा जाए।


# समय की पुकार: सूफ़ी विचारों का प्रसार

आज लगभग पूरी दुनिया स्वार्थ, नफ़रत, ईर्ष्या,विद्वेष,धार्मिक व जातीय मतभेद,वर्चस्व व विस्तारवाद की आग में जल रही है। धर्म,जाति,भाषा वर्ग व समुदाय के आधार पर लोग एक दूसरे की जान के दुश्मन बने हुये हैं। ऐसे ख़तरनाक माहौल में केवल संतों व फ़क़ीरों की शिक्षा उनके दिखाये गये मानवतावादी रास्ते,उनके परोपकारी विचार व उनकी संगत ही समाज को सद्मार्ग दिखा सकती है। केंद्र शासित प्रदेश


निर्मल रानी

चंडीगढ़ के दरबार में गत 66 वर्षों से आयोजित होता आ रहा सप्ताह भर चलने वाला यह सर्व धर्म समागम एक ऐसा ही प्रयास है जहाँ हर धर्म व हर जाति के लोग प्रत्येक आस्था व विश्वास के लोग क्या अमीर तो क्या ग़रीब, सभी समान रूप से शिरकत करते आ रहे हैं। प्रत्येक वर्ष इसी अवसर पर रामायण व भागवत गीता का अखंड पाठ आयोजित होता है साथ ही पवित्र गुरु ग्रन्थ साहब का अखंड पाठ भी रखा जाता है। इतना ही नहीं बल्कि प्रत्येक वर्ष उर्स-ए-मुबारक के अंतिम दो दिनों में यानी 19 व 20 जनवरी की रात सूफ़ी संगीत व क़व्वाली की महफ़िल भी सजाई जाती है।

इस पवित्र स्थान की संस्थापक मर्द - ए -क़लन्दर माता राम बाई अम्मी हुज़ूर जी का जीवन परोपकार,सर्वधर्म समभाव व मानवतावादी मूल्यों पर आधारित था। अम्मी हुज़ूर जी संतों व फ़क़ीरों की शिक्षाओं का अनुसरण करने वाली एक सच्ची व आदर्शवादी फ़क़ीर थीं। और आज अम्मी हुज़ूर जी के वारिस व गद्दी नशीन शहज़ादा पप्पू सरकार द्वारा इसी सिलसिले व रिवायत को शानदार तरीक़े से अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। अपने निजी व्यापार तथा पारिवारिक व्यस्तताओं को छोड़ कर शहज़ादा पप्पू सरकार जी गत् चालीस वर्षों से भी लंबे समय से पूरे समर्पण,श्रद्धा तथा विश्वास के साथ अपनी गद्दीनशीनी का कर्तव्य निभाते हुए अम्मी हुज़ूर तथा सख़ी सरवर बाबा सख़ी चंद जी के सपनों को साकार करते हुए इस स्थल को चंडीगढ़ के एक सबसे विशाल,आकर्षक तथा सर्वधर्म समभाव के राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित किए जाने के प्रयास में लगे हुये हैं। उनका मानना है कि ईश्वर-अल्लाह,वाहेगुरू तथा गॉड सभी एक ही सर्वोच्च सत्ता के अलग-अलग नाम हैं। राम दरबार की परंपरा किसी भी व्यक्ति में विराजमान 'मैं ही मैं' को समाप्त कर 'तू ही तू' के विचारों को धारण कराने की है। 'तू ही तू' राम दरबार का मुख्य वाक्य भी है। राम दरबार की शिक्षाएं सभी धर्मों के आम लोगों को अंधविश्वास,पाखंड आदि से मुक्त कराती हैं। राम दरबार न केवल धार्मिक वैमनस्य को समाप्त कर सांप्रदायिक सद्भाव बनाने का मार्ग दिखाता है बल्कि छूआछूत व जात-पात जैसी प्राचीन विघटनकारी दक़ियानूसी परंपराओं को समाप्त करने की दिशा में भी कार्य करता है। सहभोज या सामूहिक लंगर व भंडारा इसी दिशा में उठाया




गया एक सकारात्मक क़दम हैं।

सप्ताह भर चलने वाले इस पूरे आयोजन में सभी धर्मों के लोगों का एक साथ मिल-बैठ कर किसी धार्मिक समागम में शिरकत करना जहां अपने-आप में एक अनूठा प्रयास है बल्कि यह इस समय पूरे देश व दुनिया की सबसे बड़ी ज़रूरत भी है। आज जहां हमारे देश में अनेक ऐसी शक्तियां सक्रिय हैं जो लोगों को धर्मों व जातियों के नाम पर लड़वा रही हैं। वहीं शहज़ादा पप्पू सरकार की गद्दीनशीनी में संचालित होने वाला राम दरबार, भारत का एक ऐसा गौरवपूर्ण स्थान है जहाँ हर धर्म व समुदाय के लोग पूरी श्रद्धा व आस्था के साथ अपने शीश झुकाते हुए नज़र आते हैं। राम दरबार एक ऐसा स्थान है जहाँ विभिन्न धर्मों,आस्थाओं तथा विश्वासों को लेकर टकराव अथवा विवाद की बात नहीं होती बल्कि यहां मानवता का संदेश दिया जाता है। यहाँ धर्म की रूढ़िवादी व अतिवादी मान्यताओं से अलग हटकर सहनशीलता,मानवता, प्रेम,सद्भाव तथा परस्पर भाईचारे को सबसे अधिक अहमियत दी जाती है। राम दरबार के भक्तगण एक-दूसरे के खाने,पहनने,उसके धार्मिक पूर्वाग्रहों पर न तो चर्चा करना चाहते हैं न ही इन्हें परस्पर विवाद या चर्चा का विषय समझते हैं।

शहज़ादा पप्पू सरकार इस आयोजन के संबंध में फ़रमाते हैं कि चूंकि मानवता धर्म से कहीं ज़्यादा बड़ी चीज़ है इसलिए सभी धर्मों के लोगों को अपने-अपने धर्म के उसी स्वरूप को मानना चाहिए तथा उन बातों पर अमल करना चाहिए जो हमें मानवता, प्रेम,सद्भाव,सहयोग तथा भाईचारे की सीख देती हों। यदि किसी भी धर्म का मानने वाला कोई भी व्यक्ति धार्मिकता का चोला लपेटकर समाज में ज़हर फैलाए,समाज को धर्म के नाम पर विभाजित करने की कोशिश करे,देश को धर्म व जाति के नाम पर बांटने या तोड़ने की कोशिश करे,धर्म के नाम पर हिंसा,आगज़नी,हत्या तथा लूटपाट को प्रोत्साहित करे या धर्म को धन संग्रह करने का धंधा बनाये, ऐसा व्यक्ति धार्मिक कहने योग्य ही नहीं है। देश के अमनपसंद लोगों को ऐसे फ़िरक़ा परस्त व सांप्रदायिकतावादी,लोभी,स्वार्थी ,दुराचारी तथा व्याभिचारी क़िस्म के तथाकथित स्वयंभू धर्मगुरुओं से दूर रहना चाहिए। और एक सच्चे व अच्छे इंसान को हमेशा यही कोशिश करनी चाहिए कि वह प्रत्येक माध्यम से संसार में मानवता व भाईचारे की शमा रौशन करे। दरबार की संस्थापक मर्दे क़लन्दर अम्मी हुज़ूर के तेज, उनके प्रताप व चमत्कारों से जहां चंडीगढ़ के आम लोग, प्रशासनिक अधिकारी, राजनेता,अनेक राजघरानों के लोग,बुद्धिजीवी व उद्योगपति वर्ग के लोग प्रभावित होते थे वहीं मुंबई की फ़िल्म नगरी के अनेक प्रमुख लोग भी राम दरबार के मोह से अछूते नहीं रहे। अम्मी हुज़ूर जी द्वारा सर्वधर्म संभाव व सांप्रदायिक सौहार्द की मशाल रौशन करने का फ़िल्म जगत के लोगों पर इतना प्रभाव पड़ा कि न केवल दरबार में विशेष हाज़िरी लगाने के लिये बल्कि जब कभी फ़िल्मी दुनिया के लोग अपनी फ़िल्म की शूटिंग के सिलसिले में भी चंडीगढ़ अथवा हिमाचल प्रदेश आते-जाते तो उनका पड़ाव राम दरबार ही रहता था। वे लोग राम दरबार में ही अम्मी हुज़ूर के सानिध्य में रहकर यहां का पवित्र व लज़ीज़ लंगर ग्रहण करते तथा बल्कि अम्मी हुज़ूर से अपनी फ़िल्मों की व शूटिंग की सफलता के लिए आर्शीवाद लेते तथा क़व्वालियाँ सुना करते थे। मर्द-ए-क़लन्दर माता राम बाई अम्मी हुज़ूर जी के फ़िल्म जगत के अनेक भक्तों में एक प्रसिद्ध अभिनेता दादा साहब फ़ाल्के अवार्ड विजेता प्रसिद्ध अभिनेता प्राण भी थे। सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति अम्मी हुज़ूर जी हमेशा चंडीगढ़ व आस पास प्रायः अपने निजी रिक्शे पर ही आना जाना पसंद करते थे।

# बूथ की मजबूती से ही खिलेगा विकास का कमल: नितिन नवीन

अवधनामा संवाददाता

■ शक्ति और भक्ति का संगम- मथुरा से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिया विजय मंत्र
■ सीएम योगी बोले- ब्रज का गौरव हमारी पहचान
■ मथुरा की गलियों में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का शंखनाद
■ मुख्यमंत्री की मौजूदगी ने बढ़ाया उत्साह



**मथुरा।** ब्रज की पावन धरा आज केसरिया रंग में सराबोर नजर आई। अवसर था भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के प्रथम मथुरा आगमन का हुआ अक्षय पात्र से लेकर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर तक, संगठन की एकजुटता और कार्यकर्ताओं का जोश यह बताने के लिए पर्याप्त था कि आगामी चुनौतियों के लिए भाजपा का किला पूरी तरह अभेद्य है।

कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्वागत मंच पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहे। मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष की जुगलबंदी ने कार्यकर्ताओं में एक नई ऊर्जा का संचार किया। मंच पर राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह जैसे दिग्गजों की उपस्थिति ने इसे एक बड़े संगठनात्मक शक्ति प्रदर्शन में बदल दिया।

मन की बात से हुई दिन की शुरुआत अपने प्रवास की शुरुआत नितिन नवीन जी ने वृन्दावन स्थित अक्षय पात्र चंद्रोदय मंदिर से की। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए उन्हें जीत का मंत्र दिया। उन्होंने अत्यंत ओजस्वी वाणी में कहा-भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक दल इसलिए है क्योंकि हमारे पास आप जैसे निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। मेरा मथुरा आगमन केवल एक दौरा नहीं, बल्कि इस पावन भूमि से आशीर्वाद लेकर संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प है। आगामी चुनावों और संगठनात्मक कार्यक्रमों के लिए हमें बूथ स्तर पर अभेद्य घेराबंदी करनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी जी के सुशासन का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। याद रखिए, जब बूथ का कार्यकर्ता सक्रिय होता है, तो दिल्ली और लखनऊ में कमल अपने आप खिलता है। वहीं उन्होंने यहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को संगठन के पदाधिकारियों के साथ सुना। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में ब्रज के महत्व को रेखांकित करते हुए विपक्ष पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा ब्रज की यह पावन धरती धर्म, संस्कृति और कर्म की संगम स्थली है। पहले की सरकारों ने मथुरा और वृन्दावन को उपेक्षित रखा था, लेकिन आज यहाँ की तस्वीर बदल रही है। हम केवल सड़कों और पुलों का निर्माण नहीं कर रहे, बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित कर रहे हैं। ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माध्यम से आज वृन्दावन से लेकर गोवर्धन तक विकास की गंगा बह रही है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर सरकार की इन उपलब्धियों को बताएं और सुशासन के इस रथ को रुकने न दें। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश आज अपराध मुक्त होकर निवेश का गंतव्य बन चुका है, और इसमें संगठन के समर्पित कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है।पत्रकार वार्ता और अनौपचारिक चर्चाओं के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि संगठन की असली ताकत जमीन पर काम करने वाला कार्यकर्ता है। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया राष्ट्रीयअध्यक्ष नितिन नबीन ने बांके बिहारी के चरणों में टेका मत्था वहीं वे संगठनात्मक व्यस्तताओं के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष भक्ति के रंग में भी रंगे नजर आए। दोपहर लगभग 12.20 बजे वे ठाकुर बांके बिहारी मंदिर पहुंचे। भारी सुरक्षा घेरे और कार्यकर्ताओं के जयकारों के बीच उन्होंने आराध्य के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर राष्ट्र कल्याण की कामना की।जमीनी नेतृत्व की रही सक्रिय वही मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया महानगर के कार्यकर्ताओं द्वारा वृंदावन कट शिव ढाबा पर भव्य और दिव्या स्वागत किया।भागीदारीकार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रभारी अशोक कटारिया, जिला महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे ने दिन-रात एक कर दिया। कैबिनेट मंत्री चौ0 लक्ष्मीनारायण, मंत्री संदीप सिंह और पूर्व मंत्री मथुरा वृंदावन विधायक श्रीकांत शर्मा विधायक ठा. मेघश्याम सिंह विधायक राजेश चौधरी विधायक पूरन प्रकाश महापौर विनोद अग्रवाल जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह चौधरी सहित ब्रज क्षेत्र के सभी प्रमुख विधायकों और सांसदों की उपस्थिति ने संगठन की एकजुटता पर मुहर लगा दी।

इस अवसर सांसद सतीश गौतम पूर्व विधायक कारिंदा सिंह ब्लॉक प्रमुख पन्नालाल गौतम संजय शर्मा कुंज बिहारी चतुर्वेदी रामकिशन पाठक सुरेंद्र प्रधान विनीत शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा, हरिओम शर्मा एडवोकेट पवन हिंडोल, यज्ञदत्त कौशिक,लालित गौतम , मनोज सौनोठ, हेमंत खंदौली, हरिओम शर्मा, अंकुर गुर्जर, विजय शर्मा नितिन चतुर्वेदी आदि मौजूद थे।

# मौलाना मोहम्मद सुफियान निजामी की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर में बनी हाजी हरमैन सहित अन्य मकबरों को लेकर उत्तर प्रदेश वक्फ निर्माण एवं विकास बोर्ड की बैठक डालीगंज के खदरा त्रिवेणी नगर स्थित कार्यालय में मौलाना मोहम्मद सुफियान निजामी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में मौलाना मोहम्मद सुफियान निजामी ने कह कि हाजी हरमैन की दरगाह लगभग 600 साल पुरानी है और इसकी नींव 1426 ईस्वी में रखी गयी थी, जबकि केजीएमसी वर्तमान केजीएमयू का शिलान्यास 1905 में किया गया था। 1913 में इसका निर्माण पूरा हुआ। इस ऐतिहासिक तथ्य के मद्देनजर यह कहना कि दरगाह अस्पताल की जमीन पर बाद में बनी या गैरकानूनी है पूरी तरह गलत और भ्रामक है। मौलाना सुफियान निजामी ने जनता से शांति बनाए रखते हुए अफवाहों से दूर रहने और संविधान पर भरोसा रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी मकबरों की सुरक्षा हम सबकी सामूहिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। बैठक में असलम नदवी एडवोकेट ने काा कि मकबरा देश के वक्फ अधिनियम के तहत संरक्षित है। इसलिए किसी भी संस्था या व्यक्ति को इसे गैरकानूनी घोषित करने या इसके खिलाफ तोडफ़ोड़ करने का अधिकार नहीं है। बैठक में तय किया गया कि जिम्मेदार अधिकारियों के साथ मिल कर मुद् दे का संतुलित और स्थायी समाधान निकाला जाएगा। बैठक में बोर्ड के सदस्य मसीहउल्लाह खान एडवोकेट, अतीक अहमद सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा की

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** शिया मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने प्रयागराज में माघ मेला के दौरान शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के साथ हुई घटना की कड़ी निंदा की है। मौलाना ने अपने बयान में कहा कि शंकराचार्य पूरे हिन्दुस्तान के एक सम्मानित और प्रतिष्ठित धार्मिक व्यक्तित्व हैं। उनके साथ इस तरह का व्यवहार अत्यंत निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है, जिससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है। किसी भी धार्मिक गुरु के साथ ऐसा व्यवहार सामाजिक सौहार्द और आपसी सम्मान की परम्परा के विरुद्ध है। मौलाना ने सरकार से पूरे मामले की गंभीरता से समीक्षा कराने की मांग करते हुए कहा कि अगर जिला प्रशासन की ओर से कोई चूक या अनुचित कदम उठाया गया है तो उचित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि भारत की पहचान सर्वधर्म सम्मान और आपसी भाईचारे से है और इसे बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## गणतंत्र दिवस पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी और नेता विधान मंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने गणतंत्र दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। नेताद्वय ने अपने बधाई संदेश में कहा कि हमारा गणतंत्र अमर रहे, इसके लिए भारत के संविधान में निहित निर्देशों का अनुपालन करते हुए आपसी भाईचारा कौमी एकता और देश की एकता और अखण्डता अक्षुण्य बनाए रखने के लिए पूरा देश कृत संकल्पित है। नेताद्वय ने प्रदेश की जनता को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## डॉ प्रसाद को पद्ममिलने पर कुलपति अब्बास मेहदी ने दी बधाई



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)** एरा लखनऊ मेडिकल कालेज के प्रोफेसर डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद को देश की प्रतिष्ठित पद्मसम्मान मिलने पर एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली मेहदी ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है। अब्बास अली मेहदी ने कहा कि डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद को भारत में रेस्पिरेटरी मेडिसिन के भीष्म पितामह के नाम से भी जाना जाता है, चिकित्सा के क्षेत्र में उनकी सेवा सराहनीय है। मरीजों के इलाज के अलावा उन्होंने कई सरकारी और गैर सरकारी अभियानों में भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथ उसे सफल बनाया। शोध कार्य में भी उनकी भूमिका खास रही है। वह लम्बे समय से एरा मेडिकल कालेज से जुड़े है। अब्बास अली मेहदी ने कहा कि डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद पद्मसम्मान प्राप्त होने से प्रदेश के साथ साथ एरा विश्वविद्यालय का नाम भी रोशन हुआ है।

# दरगाह शाह मीना शाह पर कार्रवाई का विरोध

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** दरगाह हजरत शाह मीना शाह परिसर निकट के.जी.एम.यू. में प्रदेश भर से आये दीगर ओलेमा और मौलानाओं के जरिये आम लोगो और दरगाह में दर्शन के लिये आने जाने वाले में हजारों लोगो से यह अपील और जानकारी दी जा रही है कि यह मुकद्दस दरगाह 15वी सदी से यहाँ मौजूद है। जिसमें हर साल लगभग हर महीने में बड़े व छोटे कार्यकम कायम व दायम है। जिसमें सबसे प्रसिद्ध उर्स और बसंत का कार्यकम पूरे देश व प्रदेश में प्रसिद्ध है। जिसमें हजारा की तदाद में न कवल मुस्लिम समुदाय बल्कि हिन्दू समुदाय के साथ साथ हर मज़हब और वर्ग के लोग शामिल होते रहे है। जिनका इस दरगाह और मजारों से एक अध्यात्मिक विश्वास बना रहा है। वर्ष 1912 में जब यहाँ के.जी.एम.यू. कॉलेज की स्थापना हुई तो नुजूल विभाग द्वारा दरगाह और मजारों तथा के.जी.एम.यू. परिसर की भूमि को चौहद्दीकरण कर अलग अलग कर दिया गया। बावजूद इसके के.जी.एम.यू. द्वारा 26.04.2025 में मनमाने तरीके से दरगाह शाह हरमैन को अवैध बताते हुये धवस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

जिसके उपरान्त दरगाह कमेटी द्वारा मा. उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ में रिट सी संख्या 4460/2025 हाजी हरमैन साहब दरगाह बनाम् उ.प्र. सरकार व अन्य योजित की जिसमे के.जी.एम.यू की ओर से यह कहा गया है कि दरगाह शाहमीना शाह एवं हाजी हरमन साहब दरगाह की परिसीमा के अंतर्गत स्थित संपत्तियों को कोई क्षति नहीं पहुँचाई जा रही है तथा श्रद्धालुओं के दरगाह पर आने, जियारत करने अथवा किसी भी प्रकार की धार्मिक रस्म अदा करने में कोई बाधा उत्पन्न नहीं की जा रही है। जिस पर मा. उच्च न्यायालय उपरोक्त रिट को दिनांक 09.05.2025 को यह निर्देशित करते हुये निस्तारित कर दी गई कि अनधिकृत दुकानों के निर्माण से संबंधित कोई भी कार्यवाही विधि द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विध्वंस (demolition) के मामलों में स्पष्ट की गई शर्तों के अधीन ही की जाएगी।

# गणतंत्र दिवस समारोह के तहत दूसरे दिन प्रतियोगिताओं का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में तीन दिवसीय गणतंत्र दिवस समारोह के तहत दूसरे दिन भाषण, क्विज और नज्म प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस मौके पर इमाम ईदगाह और दारुल उलूम के नाजिम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि हमारे देश के संविधान ने अपने सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किये हैं। मौलाना ने कहा कि देश को अंग्रेजों के कब्जे से आजाद कराने और एक धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक संविधान लागू करने में हमारे बुजुर्गों ने बड़ी कुर्बानियां दी हैं। इसलिए लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना हम सबकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। मौलाना ने कहा कि संविधान की धारा 25 और 41 में देश के धार्मिक अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक और शैक्षिक अधिकारों की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से दी गयी है। इस मौके पर भाषण प्रतियोगिता में अरीब अहमद उस्मानी, मोहम्मद बिलाल आकिल और मोहम्मद हारून शादाब विजयी घोषित हुए। नज्म प्रतियोगिता में मोहम्मद शाहनवाज, निसा बानो और मोहम्मद हारून शादाब, लोकतंत्र क्विज के जूनियर ग्रुप में रिदा फातिमा प्रथम, अब्दुर्रकीब दूसरे और मोहम्मद अरहान तीसरे स्थान पर रहे जबकि सीनियर ग्रुप में मोहम्मद हारून शादाब प्रथम, मोहम्मद अजीर दूसरे और उमर अली तीसरे स्थान पर विजयी घोषित हुए। इस मौके पर मुफ्ती अतीकुर्रहमान, मौलाना अजहरुद्दीन, कारी मोहम्मद हारून, कारी तनवीर आलम, कारी कमरुद्दीन, कारी अब्दुल मुगीस, कारी मोहम्मद शमीम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# यू0पी0 दिवस की विदेशों में भी धूम

अवधनामा ब्यूरो



■ उत्तर प्रदेश को इस आयोजन के लिए बधाइयां और शुभकामनाएं मिली
■ विदेशों में रहने वाले यू0पी0 निवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस नें अपनी जड़ों से जुड़ने का अनूठा अवसर दिया: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के तीन दिवसीय समारोह (24-26 जनवरी) की शुरुआत के साथ ही प्रदेश की सांस्कृतिक चेतना ने भौगोलिक सीमाओं से आगे बढ़कर राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर अपनी सशक्त पहचान दर्ज कराई। उद्घाटन दिवस पर उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव न केवल प्रदेश के कोने-कोने में, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों और दुनिया के अनेक देशों में भी आयोजित किया गया। यह व्यापक सहभागिता उत्तर प्रदेश के प्रवासी समुदाय के गहरे सांस्कृतिक जुड़ाव, प्रदेश की समृद्ध विरासत-परंपराओं और आधुनिक भारत में उसकी बढ़ती भूमिका को रेखांकित करती है।24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी व्यापक रूप से मनाया गया। मालदीव, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, रूस, मंगोलिया, सिंगापुर, श्रीलंका और म्यांमार सहित लगभग 15 देशों में आयोजित कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रवासी समुदाय एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फिल्म प्रदर्शन और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, कलात्मक परंपराओं और विकसित होती पहचान को प्रस्तुत किया गया, जिससे विदेशों में बसे भारतीय समुदायों में गर्व और आत्मीयता की भावना और प्रबल हुई।

उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर जापान के ओसाका-कोबे, फ्रांस के सेंट डेनिस, कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, श्रीलंका के जाफना, यूनाइटेड किंगडम तथा यूरोप के लिथुआनिया में स्थित भारतीय मिशनों एवं वाणिज्य दूतावासों द्वारा भेजे गए संदेशों ने उत्तर प्रदेश की वैश्विक पहचान और प्रतिष्ठा को नया आयाम दिया।

रूस स्थित भारतीय दूतावास में उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को केंद्र में रखते हुए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं, बर्लिन स्थित भारतीय दूतावास एवं टैगोर सेंटर में प्रदेश की समृद्ध परंपराओं, प्रमुख पर्यटन स्थलों और जीवंत कला रूपों को प्रस्तुत करते हुए उत्तर प्रदेश को परंपरा और प्रगति के संगम के रूप में प्रदर्शित किया गया। मंगोलिया, सिंगापुर, म्यांमार, श्रीलंका, सेंट डेनिस, कांगो डीआर और जाफना से भी इसी प्रकार के आयोजनों की जानकारी आधिकारिक मिशन संचार माध्यमों के माध्यम से प्राप्त हुई। व्यापक जनसंपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वीडियो संदेश भी प्रदर्शित किया गया।

उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के पहले दिन देश के लगभग 20 राज्यों में भी उत्सव का माहौल रहा। वरिष्ठ नेताओं एवं उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में आयोजित इन कार्यक्रमों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक पहचान और विकास यात्रा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया गया। दिल्ली, तेलंगाना, गुजरात, असम, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, तमिलनाडु और गोवा सहित कई राज्यों में आयोजन हुए। इसके अतिरिक्त, दिल्ली में उपराज्यपाल कार्यालय, मुंबई, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, ओडिशा और पंजाब समेत अनेक स्थानों पर स्मरणीय कार्यक्रम आयोजित किए गए।

# नए भारत की मजबूत नींव है उत्तर प्रदेश: केशव मौर्य

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने तथा प्रदेश की सांस्कृतिक, सामाजिक एवं विकासात्मक उपलब्धियों को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा नई दिल्ली स्थित दिल्ली हाट में ÷विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश÷ की थीम पर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य आयोजन शनिवार को किया गया।

इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मा0 उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के माध्यम से उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, पर्यटन, कला, परंपराओं एवं सामाजिक योगदान को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस का यह आयोजन प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, पर्यटन संभावनाओं तथा वैश्विक पहचान को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का दिल और आत्मा है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष उत्तर प्रदेश दिवस मनाया जा रहा है और 24 जनवरी प्रदेश के लिए ऐतिहासिक महत्व का दिन है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से 2026 तक उत्तर प्रदेश ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह संभावनाओं से भरपूर प्रदेश है। यह वही उत्तर प्रदेश है जो रामकृष्ण, गौतम बुद्ध और महावीर की ज्ञान-भूमि रहा है, जहाँ बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी, भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या तथा तीर्थराज प्रयाग स्थित है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में प्रत्येक वर्ष माघ मेला तथा कुंभ जैसे विश्वविख्यात आयोजनों में करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से आते हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बीते लगभग 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। प्रदेश में रोजगार के अनेक अवसर सृजित हुए हैं। माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देशभर में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले, जिनमें सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश की है। उन्होंने कहा कि जब व्यवस्था भ्रष्टाचार-मुक्त होती है, तो विकास तीव्र गति से आगे बढ़ता है। विकसित भारत के निर्माण में उत्तर प्रदेश की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। आज उत्तर प्रदेश किसी बीमारू राज्य की श्रेणी में नहीं, बल्कि तेज़ी से विकास पथ पर अग्रसर राज्य है।

कार्यक्रम में श्रीलंका, मॉरीशस, कनाडा, रूस, सिंगापुर सहित विभिन्न देशों के माननीय राजदूतगण तथा अनेक विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान डॉ0 वेदपति मिश्रा, महानिदेशक पर्यटन द्वारा स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अतिथियों का सम्मान किया गया तथा कुंभ पर आधारित कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही दिल्ली-एनसीआर में निवास कर रहे उत्तर प्रदेश के विशिष्ट व्यक्तियों को पर्यटन, शिक्षा, संस्कृति एवं अन्य क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण उत्तर प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित राधा-कृष्ण थीम वाले सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियाँ रहीं, जिनमें लोकनृत्य, संगीत एवं कला की मनमोहक झलक देखने को मिली।



# डीएम ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मतदाता दिवस के अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा रविवार को तहसील नौगढ़ से स्कूली बच्चों के मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। यह रैली बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज पर समापन हुआ।

इसके पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज, नौगढ़ में द्वीप प्रज्ज्वलित कर मतदाता दिवस का शुभारम्भ किया गया। प्राचार्य बुद्ध विद्यापीठ डिग्री कालेज द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शिवशरणप्पा जी.एन. एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव को बैज लगाकर तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शिवशरणप्पा जी.एन. ने सभी राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि हमे संविधान में यह अधिकार दिया गया है कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें। 1 जनवरी को जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो रहा है वह सभी लोग मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा ले। हमें निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उपजिला निर्चाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सभी लोग जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गयी है अपना नाम मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा ले।

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट श्री शिवशरणप्पा जी.एन. द्वारा सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी। डीएम ने बीएलओ प्रतिमा पाण्डेय, मनोज कुमार, अरविन्द कुमार गुप्ता, दूधनाथ, बीआरसी नौगढ़ के रामकेश, सोनू पाण्डेय को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्त में सामूहिक राष्ट्गान का गायन हुआ।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्य, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/तहसीलदार नौगढ़ देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# डस्टबिन वितरण का पालिका टांडा ने चलाया अभियान



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** स्वच्छ भारत मिशन अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर क्षेत्र टांडा में स्वच्छता कार्यो में नागरिकों की सहभागिता और जनजागरुक किया जा रहा है वार्ड के हर घरों पर वार्ड नंबर 1 नेहरू नगर वार्ड 16 फत्तूपट्टी में सुबह डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के साथ गीला कूड़ा वा सूखा कूड़ा अलग अलग डस्टबिन में एकत्र कर नगर पालिका परिषद टांडा के सफाई कर्मियों को देने का उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को नीरज गौतम उपजिलाधिकारी (न्यायिक)/अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर वार्ड में नागरिकों के घरों पर फूलों की हर पहनकर सम्मानित किया गया और वार्डो में गीला कूड़ा वा सूखा कूड़ा अलग अलग कलेक्शन को बढ़ावा देने हेतु नागरिकों को जनजागरुक किया गया, उक्त कार्य में नगर पालिका परिषद टांडा के आशीष कुमार चौहान अवर अभियंता जलकल, मोहम्मद हुसैन श्री मोहम्मद अहमद मोहम्मद सुहेल मोहम्मद इदरीस शकील अहमद सफाई नायक और सफाई कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मां तिलेसरा देवी पीजी कॉलेज में शुल्क प्रतिपूर्ति प्रमाण पत्र वितरण समारोह का हुआ आयोजन

छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की राह को सुगम बनाती : आर.पी.प्रजापति



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार सभी महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति व शुल्क प्रति पूर्ति प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया जिसमें आज मां तिलेसरा देवी पी.जी. कॉलेज, भसड़ा टांडा, जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संरक्षक श्री आर.पी. प्रजापति रहे। उन्होंने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के आरंभ में छात्रा गरिमा एवं जूही द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके उपरांत छात्राएं अनामिका, अन्तिमा एवं गरिमा द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि श्री आर.पी. प्रजापति ने अपने संबोधन में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की राह को सुगम बनाती है। इसके पश्चात उन्होंने पात्र छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर श्रीवास्तव, मुख्य नियंता डॉ. सुशील कुमार, बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) एवं डॉ. शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) सहित शिक्षकगण प्रमोद पटेल, सुनील कुमार वर्मा, सुश्री लक्ष्मी भारती, शिव प्रकाश, इंद्रेश कुमार, अरुण कुमार, ममता, सुश्री अंशिका रानी, संगीता देवी तथा अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं में राजेश, रवि कुमार, रिशू वर्मा, सन्ध्या गौड़, उपासना गुप्ता, रूबी वर्मा, खुशबू गुप्ता, अंजली कुमारी, अंकिता प्रजापति, अंशी पटेल, गीता यादव, जया विश्वकर्मा, कुलदीपा यादव, ममता वर्मा, अन्तिमा, निशू यादव, नीतू गुप्ता, शिवांगी वर्मा, सोनाली यादव, प्रिया वर्मा, नैन्सी विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सैकड़ों छात्रों को मतदान करने व मतदान के महत्व के प्रति जानकारी दी गई

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज, भसड़ा टांडा, जनपद अम्बेडकर नगर के प्रांगण में मतदाता-2026 के अंतर्गत एक भव्य जन-जागरूकता शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। जिसको दिनांक 24 जनवरी व 25 जनवरी को इस शपथ ग्रहण में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्रङ्कछात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आमजन को मतदान के प्रति जागरूक करने का शपथ लिया।

शपथ ग्रहण का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर से हुआ। शपथ ग्रहण में शामिल छात्राओं ने स्वयं मतदान करने और दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करने आदि के बारे में शपथ लिये। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि मतदान में युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार ने छात्रों को सुरक्षित यातायात की आदतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर बी0एड0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार , एन0एस0एस0 कार्यक्रमाधिकारी अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) एवं डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) ने भी छात्रों को मतदान करने की जानकारी देते हुए कहा कि मतदान करना अधिकार है इसलिए मतदान अवश्य करें।शपथ ग्रहण में महाविद्यालय के शिक्षकगण प्रमोद पटेल, सुनील कुमार वर्मा, सुश्री लक्ष्मी देवी, सुश्री अंशिका रानी, इंद्रेश कुमार, शिव प्रकाश , संदीप सहित अन्य प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं। छात्रङ्कछात्राओं में रुबी प्रजापति, रिमझिम वर्मा, रिंका, गरिमा गौड़, मोनिका, स्नोव्हाइट, साक्षी वर्मा, रूपाली, रुचि प्रजापति, शर्तिमा, सोनाली, प्रीति सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

# पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा ।** थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-15/26, धारा 103(1) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी हत्याभियुक्त बाबूलाल पुत्र राममगन, निवासी ग्राम भयकपुरवा, मौजा भोलाजोत, थाना खरगूपुर, जनपद गोण्डा, को भयकपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

दिनांक 23.01.2026 को समय करीब 09.00 बजे थाना खरगूपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भयक पुरवा भोलाजोत में घरेलू विवाद के दौरान अभियुक्त बाबूलाल पुत्र राम मगन ने अपनी पत्नी रेनू (उम्र लगभग 40 वर्ष) पर घर में रखे फावड़े से सिर व पीठ पर प्रहार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी। मृतका के पिता राम सेवक पुत्र हरिद्वार की लिखित तहरीर के आधार पर थाना खरगूपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन कर प्र0नि0 खरगूपुर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में आज दिनांक 25.01.2026 को पुलिस टीमों द्वारा आरोपी हत्याभियुक्त बाबूलाल पुत्र राममगन, को भयकपुरवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# मरहूम सैयद हुसैन बांदी की मजलिस में उमड़ा अकीदतमंदों का जनसमूह

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** तहसील जलालपुर क्षेत्र के मौज लखनिया, पोस्ट बड़ेपुर, थाना सम्मनपुर में मरहूम सैयद हुसैन बांदी बिन्ते सैयद विलायत हुसैन की याद में एक भव्य मजलिस का आयोजन अकीदत और एहतराम के साथ किया गया। मजलिस में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की।

कार्यक्रम की शुरुआत मीर तालिब अब्बास (कटघर कमाल) द्वारा कुरआन-ए-पाक की आयतों की तिलावत से हुई। इसके पश्चात जनाब सैयद इंतजार अब्बास साहब (लोरपुर) ने इमाम हुसैन (अ.) की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सत्य, न्याय और इंसानियत के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

मौलाना सैयद ओन अब्बास (लखनिया) ने हज़रत फातिमा ज़हरा (स.) के जीवन, त्याग और आदर्शों पर विस्तार से चर्चा की। वहीं ज़ाहिद कर्बलाई ने हज़रत अब्बास (अ.) की शहादत, बहादुरी और वफ़ादारी का भावपूर्ण वर्णन किया। मौलाना आसिम रिज़वी साहब ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मौलाना सैयद असद यावर साहब (बिहार) रहे, जिनके बयान को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग उमड़े। उन्होंने शिक्षा के महत्व पर ज़ोर देते हुए कहा कि ÷माँ की गोद से कब्र तक इल्म हासिल करना हर मुसलमान का फ़र्ज़ है।

उन्होंने विशेष रूप से युवाओं और अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाएं, क्योंकि शिक्षा ही समाज की तरक्की और मजबूती की बुनियाद है। ग़मगीन माहौल में मौलाना असद यावर साहब ने इमाम हुसैन (अ.) और रसूल-ए-अकरम ? के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर रोशनी डालते हुए इंसानियत, भाईचारे और ज्ञान की अहमियत को रेखांकित किया। वहीं जाहिद जलालपुर ने अपने अंदाज़ में इमाम हुसैन (अ.) की शान में भावपूर्ण खुत्बा पेश किया।

मजलिस में मरहूम सैयद हुसैन बांदी के तीनों पुत्र–लाडले साहब, पप्पू साहब और आतिशम साहब (संयोजक) मौजूद रहे। इसके अलावा ग्राम सभा लखनिया के पूर्व प्रधान अली अंसार, सफदर अब्बास, कोटेदार कुमैल अब्बास, अली अब्बास, मिनाल मोहम्मद, सैयद जफर, सैयद शहंशाह मोहम्मद आज़म, सैयद बाक़र सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विद्यालय की छात्राओं ने मताधिकार के लिए लोगों को किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ स्थित सेठ रामकुमार खेतान बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मताधिकार के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या अंजू मिश्रा ने छात्राओं को लोकतंत्र की मजबूती के लिए शपथ दिलाई और स्वयं मतदान करने के साथ-साथ अन्य नागरिकों को भी निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र की नींव जागरूक मतदाता से ही पड़ती है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को निर्भय होकर अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान माई इंडिया-माई वोट, वोट हमारा अधिकार है, वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, आपका मतङ्कआपकी ताकत जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। छात्राओं ने स्लोगन और शपथ के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों का संदेश दिया। इस मौके पर मेघश्याम गुप्ता, मुस्तन शेरुल्लाह, सत्यप्रकाश शुक्ला, आशा, अंजलि, प्रतिमा चौधरी, प्रिया, पूजा प्रजापति, मीनू, अंकित, लक्ष्मी, महिमा, कल्पना, गुड़िया शर्मा, राजेश चौरसिया, अजय कुमार गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कर्नलगंज में लल्ला भैया की प्रथम पुण्यतिथि पर सियासी हलचल

**गोंडा।** कर्नलगंज के पूर्व भाजपा विधायक स्वर्गीय कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार 23 जनवरी को उस समय माहौल भावुक और तनावपूर्ण हो गया, जब उनके सुपुत्र कुंवर कमलेन्द्र मोहन सिंह को श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने से पुलिस प्रशासन ने रोक दिया। इस घटनाक्रम के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। जानकारी के अनुसार, स्वर्गीय लल्ला भैया की प्रथम पुण्यतिथि पर बरगदीकोट में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उनकी दूसरी पत्नी मीनाक्षी सिंह के बड़े पुत्र कुंवर कमलेन्द्र मोहन सिंह जा रहे थे। इसी दौरान पुलिस ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और करीब एक घंटे तक पुलिस व कमलेन्द्र मोहन सिंह के बीच बातचीत चलती रही, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कार्यक्रम स्थल पर जाने की अनुमति नहीं दी गई। रोक-टोक से आहत कुंवर कमलेन्द्र मोहन सिंह को बाद में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पीडब्ल्यूडी डाक बंगले ले जाया गया, जहां उन्होंने अपने दिवंगत पिता की तस्वीर के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की।

# पत्नी की हत्या का आरोपी पति अब भी फरार, 48 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली



अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** खरगूपुर थाना क्षेत्र के भयकपुर पुरवा गांव में पत्नी की बेरहमी से हत्या करने वाला आरोपी पति बाबूलाल यादव अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस उसे पकड़ने में नाकाम रही है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। बताया गया कि आरोपी बाबूलाल यादव वारदात के बाद से ही फरार है। पुलिस ने उसकी तलाश में कई टीमें गठित कर आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। आरोपी की गिरफ्तारी न होने से मृतका के परिजन गहरे आक्रोश में हैं।

**पुलिस का दावा—जल्द होगी गिरफ्तारी :** खरगूपुर थाना प्रभारी शेषमणि पांडेय ने बताया कि आरोपी की तलाश जारी है। उसके रिश्तेदारों और संभावित शरण स्थलों पर नजर रखी जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

**परिवार का रो-रोकर बुरा हाल :** मृतका रीता यादव (36) की मौत के बाद बच्चों की स्थिति बेहद दयनीय बनी हुई है। बड़ा बेटा अंकित यादव ही अब परिवार का एकमात्र सहारा है, जो ई-रिक्शा चलाकर किसी तरह घर का खर्च और बहन की पढ़ाई चला रहा था। मां की हत्या और पिता के फरार होने से बच्चों के सामने गंभीर सामाजिक और आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी पति शराब का आदी था और शराब के लिए खेत बेचने का दबाव बनाता था। पति-पत्नी के बीच पहले भी विवाद हो चुका था, जिन्हें रिश्तेदारों ने सुलझाया था। घटना के दिन घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था, इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की मौत सिर पर गंभीर वार से होने की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मृतका के पिता सेवक राम की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है और स्थिति सामान्य बताई जा रही है, लेकिन आरोपी की गिरफ्तारी न होने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है।

## मतदान बूथ पर बीएलओ ने मतदाताओं को दिलाई शपथ, मतदान के महत्व की दिलाई याद



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ क्षेत्र के विभिन्न मतदान बूथों पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रविवार को बीएलओ द्वारा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान मतदाताओं को लोकतंत्र में वोट के महत्व की शपथ दिलाई गई। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ढेबरुआ स्थित बूथ संख्या 40 पर बीएलओ आशुतोष मिश्रा ने उपस्थित मतदाताओं को शपथ दिलाते हुए कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे। उन्होंने आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प भी दिलाया। कार्यक्रम के दौरान मतदाता कमलेश यादव, संतोष यादव, बिंद्रा प्रसाद, राम प्रकाश यादव, रामजी यादव, राजेंद्र सिंह, मनीष यादव सहित प्रधानाध्यापक निसार अहमद एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाना रहा।

## जिलाधिकारी ने लिया सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 की तैयारियों का जायजा



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जनपद में 28 जनवरी से 1 फरवरी, 2026 तक बीएसए ग्राउण्ड मे आयोजित होने वाले सिद्धार्थनगर महोत्सव-2026 की तैयारियों का रविवार को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महोत्सव की तैयारियों, पार्किंग व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, शांति व्यवस्था हेतु लगाये जाने वाले पुलिस बल इत्यादि की समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये गये। इसके अलावा रेस्ट हाउस पर भी पार्किंग व्यवस्था स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक, अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## जश्ने सरकारे वफ़ा का 27 जनवरी को होगा आयोजन

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर ।** जाफराबाद अखाड़ा परिसर, जलालपुर में आगामी 27 फरवरी (मंगलवार) को रात्रि 7~30 बजे से बज्मे सरकारें वफ़ा के तत्वावधान में हज़रत इमाम हुसैन सिपाहे सालार और उनके छोटे भाई हज़रत अब्बास के जन्मदिवस के अवसर पर वार्षिक 'जश्न-ए-सरकारे वफ़ा' का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह आयोजन अपने 25 वर्ष पूर्ण होने (सिल्वर जुबली) के कारण विशेष रूप से भव्य और ऐतिहासिक होगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियाँ जोरों पर हैं और आयोजन समिति उत्साहपूर्वक व्यवस्थाओं में जुटी हुई है।कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध शायर अपनी शायरी से महफ़िल को रौनक़ बख़्शेंगे। प्रमुख शायरों में मीर नज़ीर बकरी फराज वास्ती (बरेली), सागर बनारसी (वाराणसी), काज़िम जारचवी, तनवीर आज़मी, जैगम सिराज सिवी, सुहेल बस्ती, मोअज़्ज़म (कोलकाता) और अनीस जायसी शामिल हैं। इसके साथ ही स्थानीय शायर भी अपने कलाम पेश करेंगे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, कलाकारों, शिक्षकों तथा अधिकारियों को किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**गोण्डा।** 16वाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं पर्यटन दिवस के अवसर पर वेंकटा चार्य क्लब में एक भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मतदाता सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा पर्यटन के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों से आए प्रतिभागी छात्र-छात्राओं, कलाकारों, शिक्षकों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का मतदान में भाग लेना अत्यंत आवश्यक है। विशेष रूप से युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक होकर अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं बल्कि एक महत्वपूर्ण कर्तव्य है, जो देश के भविष्य को दिशा देता है।

मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन ने पर्यटन दिवस के अवसर पर जिले की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यटन न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देता है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत को भी पहचान दिलाता है। उन्होंने छात्राओं और कलाकारों से आह्वान किया कि वे अपनी कला और प्रतिभा के माध्यम से जिले एवं प्रदेश के पर्यटन स्थलों का प्रचार-प्रसार करें।कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नाटक, गीत एवं नृत्य के माध्यम से मतदान के महत्व और पर्यटन की उपयोगिता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। इन प्रस्तुतियों में प्रतिभागी छात्राओं एवं कलाकारों ने सराहनीय प्रदर्शन किया, जिसकी उपस्थित जनसमूह ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं, अध्यापकों तथा अधिकारियों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली शहीदे आजम सरदार भगत इंटर कॉलेज टामसन परिसर से वेंकटाचार्य क्लब अम्बेडकर चौराहा तक निकाली गई।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्री आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने वाली प्रतिभागी छात्राओं, कलाकारों एवं शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने, अधिक से अधिक नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने तथा पर्यटन को जनआंदोलन बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# पिता की पुण्यतिथि पर विधायक ने वितरित की ट्राई साईकिल



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विधायक सैय्यदा खातून के द्वारा अपने पिता स्वर्गीय तौफीक अहमद के पुण्यतिथि पर तौफीक मेमोरियल एजुकेशनल एण्ड वेल्फेयर ट्रस्ट के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव के 5 दिव्यांगों को 4 लाख 50 हज़ार रुपये की लागत से ट्राई साईकिल व कम्बल वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे द्वारा बिना किसी भेदभाव के पूरे विधानसभा क्षेत्र में हर जरूरतमंद की मदद की जाती है और यह कार्य जारी रहेगा।उन्होंने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय तौफीक अहमद का पूरा जीवन संघर्षमय रहा। वह जनता में काफी लोकप्रिय नेता रहे। वह जमीन से जुड़े हुए जमीनी नेता रहे इसलिए वह क्षेत्रीय जनता और कार्यकर्ताओं में काफी लोकप्रिय थे विधायक ने कहा कि उन्होंने कभी भी अपने जीवन में धर्म, सम्प्रदाय या जाति की राजनीति नहीं की और समाज की सेवा की। विधायक ने कहा मेरे पिता की ही दुआ आशीर्वाद से आज क्षेत्र की जनता का प्यार हमें मिल रहा है। मौके पर सूर्य प्रकाश उपाध्याय, जहीर मलिक, बहरैची प्रेमी, नौशाद मलिक, बाल कृष्ण ओझा, मतीबुल, पप्पू मलिक, फैजान अहमद, इरफान मिर्ज़ा, महेंद्र कुमार, अब्दुल हमीद, मोहम्मद अलमास, लालजी शुक्ला सहित अन्य नेता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इस दाल की मदद से घर पर तैयार करें टैन रिमूवल साबुन, इस्तेमाल के बाद दमक उठेगी त्वचा



**नई दिल्ली।** मसूर की दाल टैनिंग हटाने और त्वचा को नेचुरली ग्लोइंग बनाने के लिए बेहद फायदेमंद है। ऐसे में इसकी मदद से घर पर ही साबून तैयार करें, जो आपकी त्वचा को दमकाएगी। जब भी बात आती है स्किन केयर प्रोडक्ट की तो लोगों के जहन में एक ही बात आती है कि स्किन केयर में तो हजारों रुपये खर्च करने ही पड़ेंगे। जबकि ऐसा नहीं है। आप कम पैसे खर्च करके भी अपनी त्वचा का खास ध्यान रख सकते हैं। यदि आप टैनिंग से परेशान हैं, तो आपको घबराने की जरूरत नहीं है। यहां हम आपको ऐसी साबुन बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी और टैनिंग भी खत्म हो जाएगी। इस साबुन को घर पर बनाने के लिए आपको ज्यादा चीजें भी नहीं चाहिए होंगी। बस इसके इस्तेमाल से पहले एके बार पैच टेस्ट अवश्य कर लें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे। मसूर की दाल की साबुन बनाने के लिए सबसे पहले मसूर की दाल पाउडर तैयार करें। इसके लिए आपको मसूर की दाल को धोकर अच्छी तरह से सुखाना है। जब ये पूरी तरह से सूख जाए तो इसका बारीक पाउडर बना लें। पाउडर बनाने के बाद जो ग्लिसरीन की साबुन ली है उसे छोटे टुकड़ों में काट लें। टुकड़ों में काटने के बाद इस साबुन को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में पिघला लें। जब साबुन पूरी तरह पिघल जाए, तो उसमें मसूर की दाल पाउडर, हल्दी, एलोवेरा जेल, नींबू का रस, तेल और गुलाब जल डालें। इसे अच्छी तरह से मिक्स करें, ताकी सभी चीजें आपस में मिल जाएं। आखिर में चाहें तो खुशबू के लिए कोई तेल भी इसमें मिक्स कर सकते हैं। जब सभी चीजें मिक्स हो जाएं तो इस मिश्रण को साबुन के सांचे (मोल्ड) में डालें। अब इसे 6-8 घंटे या पूरी रात के लिए सेट होने दें। जब साबुन पूरी तरह जम जाए, तो इसे सांचे से निकाल लें। अब हर रोज इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## एक लिपस्टिक लगाकर हो गई हैं बोर तो पुराने शेड्स को ऐसे करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** पुरानी लिपस्टिक को फेंकने की बजाय इन आसान ब्यूटी हैक्स से नए और खूबसूरत लिप शेड तैयार किए जा सकते हैं। आइए आपको भी इस बारे में जानकारी देते हैं। महिलाएं चाहे किसी भी उम्र में हों, उन्हें लिपस्टिक लगाने का हमेशा से क्रेज रहता है। शायद ही कोई ऐसी महिला होगी, जिसके पास लिपस्टिक का कलेक्शन नहीं होगा। इसी के चलते कई बार तो लिपस्टिक रखे-रखे पुरानी होने लगती है। वहीं कई बार एक ही रंग लगाते-लगाते बोरियत होने लगती है।

ऐसे में हम आपको पुरानी लिपस्टिक इस्तेमाल करने के कुछ आसान ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। इन ट्रिक्स को अपनाने के बाद आपकी पुरानी लिपस्टिक दोबारा इस्तेमाल हो जाएगी और आपको नया शेड भी मिल जाएगा।

## बदलते मौसम में खो रही है पैरों की रंगत तो अपनाएं ये नुस्खे



**नई दिल्ली।** अगर आपके पैरों की रंगत भी खो रही है और आप उन्हें मखमली मुलायम बनाना चाहते हैं, तो ये घरेलू नुस्खे आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकते हैं। जिस तरह से बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, ठीक उसी तरह से इसका असर लोगों की त्वचा पर भी देखा जा रहा है। ऐसे में लोग अपने चेहरे और हाथों का तो खास ध्यान रख लेते हैं, लेकिन वो अक्सर पैरों पर ध्यान देना भूल जाते हैं। जिस वजह से लोगों से पैरों में रूखापन बढ़ने लगता है और पैरों की रंगत खोने लगती है। इसी वजह से आज हम आपको पैरों की रंगत सुधारने के लिए कुछ टिप्स देने जा रहे हैं। इन टिप्स को अपनाकर आप अपनी त्वचा को और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकते हैं। इन टिप्स को आप हफ्ते में एक से दो बार फॉलो कर सकते हैं। यदि आप अपने पैरों को साफ और मुलायम बनाना चाहते हैं तो पैरों गुनगुने पानी में भिगोने से आपको लाभ मिल सकता है। इसके लिए सबसे पहले एक टब या फिर बाल्टी में गुनगुना पानी लेकर उसनें थोड़ा सा नमक और नीबू का रस डालें। पैरों को कम से कम 20 मिनट के लिए पानी में भिगो कर रखें।

# चुकंदर की मदद से घर पर तैयार करें हेयर कलर, आसान है इसे लगाने का तरीका भी



**नई दिल्ली।** यदि आप बाजार में मिलने वाले हेयर कलर के इस्तेमाल के इस्तेमाल से डरते हैं, तो घर पर ही चुकंदर की मदद से घर पर ही इसे तैयार करें और अपना लुक बदलें।

आज के समय में कम उम्र में ही युवाओं के बाल सफेद हो जा रहे हैं। ऐसे में बेहद कम उम्र में ही लोगों को हेयर कलरों का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। वैसे तो बाजार में कई कंपनियों के हेयर कलर आते हैं, जो न सिर्फ लुक बदल देते हैं, बल्कि इनके इस्तेमाल से बालों में शाइन भी आती है। पर, बहुत से लोग केमिकल वाले इन रंगों के इस्तेमाल करने से डरते हैं। इसी के चलते हम आपको यहां घर पर ही हेयर कलर बनाने का तरीका बताने जा रहे हैं, ताकि आपको किसी तरह की एलर्जी का खतरा नहीं रहे। यहां हम आपको चुकंदर की मदद से हेयर कलर बनाना बताएंगे, ताकि आप घर पर ही अपने बालों का लुक बदल सकें। यदि आप अपने बालों में चुकंदर से बने हेयर कलर का इस्तेमाल करते हैं, इससे बालों को कोई नुकसान नहीं होता। चुकंदर में आयरन, विटामिन ष्ट और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो बालों को मजबूत बनाते हैं। ये हेयर कलर बालों का रंग बदलने के साथ-साथ स्कैल्प को हाइड्रेट करता है और बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है। अगर आप चाहते हैं कि बालों में हल्का रेड-बर्गंडी शेड आए, तो इस मिश्रण को अपनाएं। इसके लिए आपको चुकंदर के साथ-साथ गाजर और नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। हेयर कलर तैयार करने के लिए चुकंदर और गाजर को छोटे टुकड़ों में काटकर मिक्सी में ब्लेंड कर लें। सही से ब्लेंड करने के बाद इसका गाढ़ा रस निकाल लें और इसमें 1 चम्मच नारियल तेल मिलाएं। अब इस मिश्रण को बालों में ब्रश से लगाएं और 1 घंटे के लिए छोड़ दें। एक घंटे के बाद अपने बालों को अच्छी तरह से धो लें। इससे आपके बालों में हल्का लाल कलर आ जाएगा। यदि आपके बाल रूखे हैं तो सिंपल हेयर कलर की बजाए चुकंदर के साथ एलोवेरा को मिक्स करें। इस पैक से आपके बालों की नमी बरकरार रहेगी। इसे तैयार करने के लिए 2 चुकंदर के साथ एलोवेरा जेल की जरूरत पड़ेगी।

## चेहरे के लिए रामबाण है चावल और एलोवेरा से बना जेल



**नई दिल्ली।** चावल और एलोवेरा दोनों ही प्राकृतिक रूप से त्वचा को निखारने और हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। ऐसे में आप इसका चेल बनाकर स्किन केयर में कर सकते हैं। यदि आप ग्लोइंग और दमकती त्वचा पाना चाहते हैं तो उसके लिए या तो महंगे-महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं, वरना घरेलू नुस्खे अपना सकते हैं। आज के समय में ज्यादातर लोग घरेलू नुस्खे अपनाना पसंद करते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से हैं, जिन्हें घरेलू चीजें इस्तेमाल करना पसंद है तो यहां हम आपको एक ऐसे जेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसके इस्तेमाल से आपका चेहरा खिल उठेगा। हम बात कर रहे हैं चावल और एलोवेरा से बने जेल की, जो आपका चेहरा दमकाने में आपकी मदद उठेगा। इसका इस्तेमाल आप पैच टेस्ट के बाद कर सकते हैं। यहां हम आपको न सिर्फ से जेल तैयार करना बताएंगे, बल्कि इसके इस्तेमाल का सही तरीका भी बताएंगे। चावल का जेल बनाने के लिए चावल को धोकर 30 मिनट तक पानी में भिगो दें। इसके बाद इन चावलों को एक कप पानी में तब तक उबालें, जब तक कि ये पूरी तरह से नरम न हो जाए। इस जेल को पूरी तरह से ठंडा करके इसमें 2 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करने के बाद गुलाब जल और विटामिन श्व कैप्सूल भी मिला सकते हैं। आखिर में इसे एयरटाइट कंटेनर में पैक कर लें। इस जेल को चेहरे पर लगाने के लिए पहले चेहरे को अच्छी तरह से धो लें। अब साफ चेहरे पर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। इसे 15-20 मिनट* तक लगा रहने दें। आखिर में इसे गुनगुने पानी से धो लें। इसे हफ्ते में 3-4 बार इस्तेमाल करें और कुछ दिनों में ही आपको ग्लोइंग और सॉफ्ट स्किन नजर आने लगेगी।

# इंडिया पोस्ट के नाम पर ऑनलाइन ठगी! पैकेज डिलीवरी के नाम पर हो सकता है बड़ा धोखा





**नई दिल्ली।** इंडिया पोस्ट के नाम पर चल रहे ऑनलाइन स्कैम का भंडाफोड़ हुआ है। इस नए तरह के स्कैम में लोगों को डिलीवरी एड्रेस अपडेट करने के लिए स्म्स पर लिंक भेजा जा रहा है। लिंक पर क्लिस करते ही फोन हैक होने के मामले सामने आए हैं।

क्या आपको भी एक एसएमएस आया है जिसमें कहा गया है कि आपका पैकेज किसी वेयरहाउस में अटका हुआ है और अगर आपने 24 घंटे के अंदर अपना पता अपडेट नहीं किया, तो पैकेज वापस कर दिया जाएगा? अगर हां, तो अलर्ट हो जाइए!

यह एक नया ऑनलाइन स्कैम है, जो मासूम लोगों को ठगने के लिए फैलाया जा रहा है। यह फर्जी मैसेज एकदम असली लग सकता है, जिससे लोगों को जल्दी से एक्शन लेने के लिए मजबूर किया जाता है। मैसेज में एक लिंक दिया जाता है, जो दिखने में इंडिया पोस्ट की वेबसाइट जैसा लगता है, लेकिन असल में यह धोखाधड़ी वाली फेक साइट होती है। जब कोई यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, तो उसे अपना नाम, पता, फोन नंबर, बैंक डिटेल्स और यहां तक कि क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरने के लिए कहा जाता है। इस डेटा का इस्तेमाल पहचान की चोरी, फर्जी ट्रांजैक्शन या फिर इसे डार्क वेब पर बेचने के लिए किया जाता है। कई मामलों में, यह फर्जी साइट आपके डिवाइस में मैलवेयर भी इंस्टॉल कर सकती है, जिससे आपका फोन या कंप्यूटर हैक हो सकता है। प्रेस इंफॉर्मेशन ब्यूरो फैक्ट चेक ने इस फेक मैसेज का भंडाफोड़ किया है और बताया है कि इंडिया पोस्ट कभी भी ऐसे मैसेज नहीं भेजता, जिसमें पता अपडेट करने के लिए किसी बाहरी लिंक पर क्लिक करने को कहा जाए। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। हमेशा यूआरएल चेक करें और किसी भी संदेहजनक वेबसाइट से बचें। ऑफिशियल सोर्स से जानकारी लें। अगर कोई भी डिलीवरी अपडेट चाहिए, तो 222.indiapost.gov.in पर जाकर खुद चेक करें। अगर आपको ऐसा कोई मैसेज मिले, तो इसे तुरंत cybercrime.gov.in पर रिपोर्ट करें या फिर PIB Fact Check के सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी दें।


## गूगल ने भारत में शुरू किया अपना सबसे बड़ा कैम्पस, 5000 सीटों का है इंतजाम

**नई दिल्ली।** Ananta, जो अब गूगल के सबसे बड़े कार्यालयों में से एक है, इसी विश्वास और भारत के डिजिटल भविष्य को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उन सभी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो इस भविष्य को आकार देने में योगदान दे रहे हैं। गूगल ने बुधवार को भारत में अपना सबसे बड़ा कैंपस "Ananta" (जिसका संस्कृत में अर्थ असीम होता है) लॉन्च किया। यह न केवल भारत में बल्कि गूगल के वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े परिसरों में से एक है। यह कैंपस बेंगलुरु के महादेवपुरा में स्थित है और इसमें 5,000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता है। इस कैंपस का डिजाइन सुगमता (एक्सेसिबिलिटी) को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है और इसके निर्माण में उपयोग किए गए अधिकांश सामग्री स्थानीय स्रोतों से ली गई है। गूगल इंडिया की वाइस प्रेसिडेंट और कंट्री मैनेजर, प्रीति लोबाना ने इस अवसर पर कहा, "Ananta केवल उन इनोवेशन के लिए नहीं जाना जाएगा जो इसकी दीवारों के भीतर से उभरेंगे, बल्कि इसके स्थायी प्रभाव के लिए भी पहचाना जाएगा। छह साल पहले हमने AI-फर्स्ट दृष्टिकोण को अपनाने का एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया। हमने भारत को न केवल एक प्रतिभा संपन्न देश के रूप में देखा,




बल्कि एक ऐसे स्थान के रूप में भी पहचाना, जहां AI बड़े पैमाने पर जीवन को बदल सकता है। यह नया कैंपस तकनीकी क्षेत्र में हो रहे व्यापक बदलावों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। गूगल डीपमाइंड के वाइस प्रेसिडेंट और बेंगलुरु साइट लीड आनंद रंगराजन ने कहा, भारत जटिल चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करता है। भारतीय उपयोगकर्ताओं की समस्याओं को हल करने से वैश्विक समाधान तैयार होते हैं। Ananta, जो अब गूगल के सबसे बड़े कार्यालयों में से एक है, इसी विश्वास और भारत के डिजिटल भविष्य को सशक्त बनाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह उन सभी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो इस भविष्य को आकार देने में योगदान दे रहे हैं। गूगल का भारत में 10,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ एक मजबूत कार्यबल है। कंपनी की बेंगलुरु, मुंबई, हैदराबाद और गुरुग्राम सहित कई शहरों में उपस्थिति है। वर्तमान में, गूगल हाइब्रिड वर्क मॉडल का अनुसरण करता है, जिसमें कर्मचारियों को प्रति सप्ताह तीन दिन कार्यालय में काम करने की आवश्यकता होती है। Ananta कैंपस के लॉन्च के साथ, गूगल भारत में अपने विश्व-स्तरीय उत्पादों और जटिल उपयोगकर्ता चुनौतियों को हल करने की क्षमता को और मजबूत करेगा।

# ब्राजील के न्यायालय ने एक्स पर 1.4 मिलियन डॉलर का लगाया जुर्माना, आदेशों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई



**ब्रासीलिया।** ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के लिए बुधवार को एक अहम आदेश जारी किया। इसके तहत उन्होंने एक्स को 8.1 मिलियन ब्राज़ीलियाई रीसिस (करीब 1.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भरने का आदेश दिया। ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश, एलेक्जेंडर डी मोरेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) के लिए बुधवार को एक अहम आदेश जारी किया। इसके तहत उन्होंने एक्स को 8.1 मिलियन ब्राज़ीलियाई रीसिस (करीब 1.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भरने का आदेश दिया। यह जुर्माना तब लगाया गया जब एक्स ने अदालत के आदेश के बावजूद एलन डॉस सैंटोस के प्रोफ़ाइल से संबंधित पंजीकरण डेटा देने से इनकार कर दिया।

बता दें कि डी मोरेस ने जुलाई 2024 में आदेश दिया था कि एक्स और मेटा को सैंटोस के एकाउंट को ब्लॉक करने, उसे प्रतिबंधित करने और उसका डेटा प्रदान करने के लिए कार्रवाई करनी चाहिए। एक्स ने इस आदेश का पालन करते हुए एकाउंट तो ब्लॉक किया, लेकिन यह दावा किया कि उसके पास डेटा नहीं है क्योंकि यह डेटा एकत्र नहीं किया गया था और उपयोगकर्ता का ब्राजील से कोई तकनीकी संबंध नहीं था। हालांकि, न्यायाधीश ने इस तर्क को खारिज कर दिया। इसके बाद, एक्स को डेटा देने में नाकाम रहने पर अगस्त 2024 में 100,000 ब्राज़ीलियन रीसिस (करीब 17,500 अमेरिकी डॉलर) का दैनिक जुर्माना लगाया गया। अक्टूबर तक यह जुर्माना बढ़कर 8.1 मिलियन रीसिस हो गया।

एक्स ने इस जुर्माने के खिलाफ अपील की थी, लेकिन बाद में उसने अदालत को सूचित किया कि वह जुर्माना भरने को तैयार है। अदालत ने बुधवार के फैसले में कंपनी को तुरंत पूरी राशि का भुगतान करने का आदेश दिया। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि एक्स ने न्यायालय के अनुरोध के अनुसार पंजीकरण डेटा प्रदान किया या नहीं। वहीं पिछले वर्ष, डी मोरेस ने एक्स के खिलाफ एक और कदम उठाया था जब कंपनी ने ब्राज़ील में अपने सारे कर्मचारियों को निकालने की योजना बनाई थी। तब उन्होंने देश में एक्स के कानूनी प्रतिनिधि को गिरफ़्तारी की धमकी दी थी। ब्राज़ील के कानून के अनुसार, विदेशी कंपनियों को देश में एक स्थानीय कानूनी प्रतिनिधि नियुक्त करना पड़ता है, ताकि वे अदालत के फैसले प्राप्त कर सकें और त्वरित कार्रवाई कर सकें।

# सरकार ने दी बड़ी चेतावनी, एक झटके में हो सकते हैं हैकर्स के शिकार

**नई दिल्ली।** यह चेतावनी Vulnerability Note CIVN-2025-0024 के तहत जारी की गई है, जिसमें बताया गया है कि यदि इन सुरक्षा खामियों का फायदा हैकर्स द्वारा उठाया जाता है, तो वे प्रभावित सिस्टम पर मनचाहा कोड एडिट कर सकते हैं और अनधिकृत रूप से पहुंच प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे में उपयोगकर्ताओं को तत्काल अपना ब्राउजर अपडेट करने की सलाह दी गई है। यदि आप macOS, Windows ÿÊ Linu× पर Google Chrome ब्राउजर का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो आपके लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा चेतावनी जारी की गई है। भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम ने एक उच्च-स्तरीय (हाई-रिस्क) सुरक्षा चेतावनी जारी की है, जो Google Chrome ब्राउजर में मौजूद कई खतरनाक कमजोरियों की ओर इशारा करती है। CERT-In के अनुसार, Windows, macOS •1/U Linu× उपयोगकर्ताओं के लिए Google Chrome में कई गंभीर सुरक्षा खामियां पाई गई हैं। ये खामियां Chrome के आर्किटेक्चर में मौजूद विभिन्न कमजोरियों के कारण पैदा हुई हैं, जिनमें शामिल हैं CERT-In का कहना है कि हैकर्स इन कमजोरियों का उपयोग गलत वेबसाइटों के जरिए कर सकते हैं। यदि कोई उपयोगकर्ता इन वेबसाइटों पर क्लिक करता है, तो मैलवेयर के जरिए हैकर्स उसके सिस्टम पर नियंत्रण प्राप्त कर सकते हैं। इसका परिणाम निम्नलिखित हो सकता है उपयोगकर्ता की संवेदनशील जानकारी चोरी हो सकती है। सिस्टम क्रैश हो सकता है या पूरी तरह से हैक हो सकता है। सरकारी संस्थानों और व्यवसायों पर साइबर हमले का खतरा बढ़ सकता है। CERT-In ने बताया कि यह सुरक्षा खामी उन उपयोगकर्ताओं को प्रभावित कर सकती है, जो Google Chrome का पुराना संस्करण चला रहे हैं। प्रभावित संस्करणों में शामिल हैं।



CMYK

## भाजपा के इशारे पर विपक्ष को कुचल रहा चुनाव आयोग, ममता बनर्जी का EC पर हमला



**कोलकाता।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारत निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने, विपक्ष को दबाने और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर भारत निर्वाचन आयोग पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के आयोजन को दुखद तमाशा करार देते हुए आरोप लगाया कि वह भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। इसके साथ ही आयोग विपक्ष को कुचलने के साथ-साथ भारतीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर रहा है। रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर निशाना साधा, उन्होंने पोस्ट में लिखा कि चुनाव आयोग भाजपा, अपने आका के इशारे पर, विपक्ष को कुचलने और भारतीय लोकतंत्र की नींव को नष्ट करने में लगे हैं, और फिर भी उनमें मतदाता दिवस मनाने की हिम्मत है।


अपने पोस्ट में ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि चुनाव आयोग पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) स्ढ्ढक्र को अनुचित जल्दबाजी में करा रहा है। आयोग 'तार्किक विसंगतियों' के नाम पर नए-नए बहाने गढ़ रहा है, जिससे आम लोगों को परेशान किया जा रहा है और उन्हें उनके चुनावी अधिकारों से वंचित कर रहा है। मैं इस आचरण से बेहद दुखी और परेशान हूं।

# भारत पहुंचे गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि लुइस और लेयेन, गार्ड ऑफ ऑनर से हुआ स्वागत

**आयोग**

**गणत्रंत दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन रविवार शाम 5 बजे के करीब राजधानी दिल्ली पहुंचे।**

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष दोनों ही रविवार शाम को दिल्ली पहुंचे। इस दौरान एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



गणत्रंत दिवस समारोह में शामिल होने के लिए यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सैंटोस दा कोस्टा और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन रविवार शाम 5 बजे के करीब राजधानी दिल्ली पहुंचे।

दिल्ली पहुंचने पर दोनों मेहमानों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बता दें कि दोनों 77वें गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हैं। यह पहली बार है जब यूरोपीय संघ के दो शीर्ष अधिकारी एक साथ भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में भाग ले रहे हैं। यूरोपीय संघ के दोनों शीर्ष अधिकारियों के दिल्ली पहुंचने पर वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने दोनों का स्वागत किया। बता दें कि 1950 से भारत गणतंत्र दिवस समारोह में किसी विदेशी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता आ रहा है।

यह परंपरा भारत की विदेश नीति और उसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों को दर्शाती है। शीत युद्ध के समय भारत ने गुटनिरपेक्ष आंदोलन से जुड़े नेताओं को आमंत्रित किया, जबकि हाल के वर्षों में अपने करीबी और रणनीतिक साझेदार देशों के नेताओं को यह सम्मान दिया गया है।

गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के अगले दिन, 27 जनवरी को भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन होगा।

इस बैठक में दोनों पक्ष व्यापार, निवेश, सुरक्षा और तकनीक के क्षेत्र में सहयोग पर बातचीत करेंगे। इस दौरे को भारत और यूरोपीय संघ के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है।

## वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली का निधन 90 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस



**नई दिल्ली।** 24 अक्टूबर, 1935 को कोलकाता में जन्मे और भारत में बीबीसी दिल्ली के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली का रविवार को निधन हो गया। वह 90 साल के थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लंबे समय तक भारत में बीबीसी दिल्ली के अध्यक्ष रहे वरिष्ठ पत्रकार मार्क टुली का रविवार को 90 साल की उम्र में दिल्ली के मैक्स अस्पताल में निधन हो गया। टुली के निधन की पुष्टी उनके दोस्त और पत्रकार सतीश जैकब ने दी। जैकब ने टुली के निधन की जानकारी देते हुए बताया कि वह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और एक सप्ताह से मैक्स अस्पताल में भर्ती थे। 24 अक्टूबर, 1935 को कोलकाता में जन्मे टुली ने 22 वर्षों तक बीबीसी, नई दिल्ली के ब्यूरो प्रमुख के रूप में कार्य किया। वे न केवल एक प्रतिष्ठित पत्रकार थे, बल्कि बीबीसी रेडियो 4 के कार्यक्रम समथिंग अंडरस्टुड के प्रस्तुतकर्ता भी रहे। मार्क टुली ने भारत में हुए कई अहम और बड़े बदलाव के दौरान रिपोर्टिंग की थी। इनमें 1975 में इंदिरा गांधी के आपातकाल लगाने के फैसले की जब मार्क टुली ने आलोचना की तो सरकार ने उन्हें भारत छोड़ने का आदेश दे दिया। जिसके बाद टुली कुछ समय के लिए दोबारा भारत आए। इसी तरह जब 1977 में मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने और 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या हुई तो उस समय भी टुली ने अहम रिपोर्टिंग की। मार्क टुली को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कई बार सम्मानित किया गया। उन्हें 2002 में नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित किया गया और 2005 में भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से नवाजा गया। लेखक के रूप में टुली ने भारत पर कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं, जिनमें नो फुल स्टॉप्स इन इंडिया, इंडिया इन स्लो मोशन और द हार्ट ऑफ इंडिया शामिल हैं।

## गणतंत्र दिवस पर कैदियों को माफी की घोषणा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने गणतंत्र दिवस पर कैदियों को विशेष माफी देने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत 65 वर्ष की आयु वाले कैदियों और महिला कैदियों को अधिकतम 90 दिन तक की छूट प्रदान की जाएगी। यह माफी उन कैदियों को मिलेगी जो एक वर्ष से 10 वर्ष तक की सजा पा चुके हैं और इस समय सजा काट रहे हैं। परोल पर चल रहे कैदियों को भी यह माफी पाने का अधिकार होगा। लेकिन यह छूट ऐसे कैदियों को नहीं मिलेगी जो हत्या, अदालत की अवमानना, आर्थिक लेनदेन अन्य बेहद गंभीर किस्म के अपराधों में लिप्त रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर यह माफी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता , 2023 की धारा 473 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दी जा रही है।

## फरार आरोपी मुजफ्फर राथर के खिलाफ शिकंजा कसना शुरू, इंटरपोल से मांगी गई मदद

**विस्फोट**

**दिल्ली के एतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विनाशकारी विस्फोट में 35 से ज्यादा लोगों की जान गई थी।**



**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट के फरार आरोपी मुजफ्फर राथर के खिलाफ अब शिकंजा और तेजी से कसना शुरू हो गया है। राथर के खिलाफ इंटरपोल रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। दिल्ली के एतिहासिक लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए विनाशकारी विस्फोट में 35 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। इस पूरे धमाके में सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल सामने आया था। धमाके को कार के अंदर विस्फोटक रखकर अंजाम दिया गया था। ऐसे में कार ब्लास्ट मामले में फरार आरोपी मुजफ्फर अहमद राथर के खिलाफ अब कड़ा कदम उठाने की तैयारी की जा रही है। अफगानिस्तान की धरती से अहम रसद सहायता और धन मुहैया कराने वाले सह-साजिशकर्ता के रूप में नाम सामने आने के बाद व्हाइट-कॉलर आतंकी मॉड्यूल के आरोपी डॉ. मुजफ्फर राथर के खिलाफ इंटरपोल का रेड कॉर्नर नोटिस जल्द ही जारी किया जा सकता है।

दरअसल, पेशे से बाल रोग विशेषज्ञ और दक्षिण कश्मीर का रहने वाले राथर को एनआईए की एक विशेष अदालत पहले ही भगोड़ा अपराधी घोषित कर चुकी है। ऐसे में अब राथर के खिलाफ इंटरपोल का नोटिस जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। आरोपी मुजफ्फर अहमद राथर ने डॉ. उमर उन नबी को रसद, वित्तपोषण, संचार और योजना बनाने में मदद की थी। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि राथर एक प्रमुख सह-साजिशकर्ता के रूप में सामने आया है, जिसने कथित तौर पर भारत से भागने के बाद विदेश से हमले की योजना बनाई थी। उन्होंने बताया कि जांचकर्ताओं ने रसद, एन्क्रिप्टेड संचार और कट्टरपंथी नेटवर्क की ऐसी चीजों का पता लगाया है, जो सीधे अफगानिस्तान में सुरक्षित ठिकानों तक ले जाते हैं, जहां राथर के वर्तमान में छिपे होने का संदेह है। अधिकारियों ने बताया कि उमर ने राथर और अफगानिस्तान स्थित सहयोगियों के समर्थन से आत्मघाती हमला किया, जिन्होंने रसद, संचार, धन और योजना उपलब्ध कराई। अधिकारियों ने आरोप लगाया कि राथर ने विशेष रूप से संपर्क और वित्तपोषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि राथर आतंकवादियों के साथ लगातार संपर्क में रहे और बम बनाने और परिचालन रणनीति से संबंधित जानकारी के लिए अफगानिस्तान स्थित संचालकों के साथ उनके संचार को सुविधाजनक बनाया।

राथर पिछले साल अगस्त के मध्य में दिल्ली विस्फोट से कुछ ही समय पहले भारत से चला गया था, और पहले दुबई की यात्रा की और बाद में अफगानिस्तान में प्रवेश किया, जहां वह वर्तमान में छिपा है। अधिकारियों ने बताया कि व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल में गिरफ्तार अन्य आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि राथर ने कथित तौर पर आतंकी मॉड्यूल के लिए धन जुटाने में सहायता की और आतंकी साजिश के वित्तीय कोष में लगभग 6 लाख रुपये का योगदान दिया। 2021 में राथर ने डॉ. मुजम्मिल अहमद गनाई और उमर के साथ तुर्किए की यात्रा की थी और इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य बाहरी संचालकों के साथ संपर्क स्थापित करना या अफगानिस्तान की ओर निकलने का प्रयास करना था। हालांकि उस समय वे अफगानिस्तान में दाखिल नहीं हुए थे, लेकिन अधिकारियों ने कहा कि इस यात्रा को उनके कट्टरपंथीकरण और तैयारी नेटवर्क गतिविधियों का हिस्सा माना जाता है।

यात्रा के बाद राथर, उमर और गनाई, जो फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में पढ़ाते थे, ने खुले बाजार से भारी मात्रा में रसायन जमा करना शुरू कर दिया, जिसमें 360 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट, पोटेशियम नाइट्रेट और सल्फर शामिल थे, जिनमें से अधिकांश को विश्वविद्यालय परिसर के पास इकट्ठा किया गया था। मालूम हो कि आतंकी साजिश तब नाकाम हो गई।

## प्यार में धोखा और फिर रची खौफनाक साजिश

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रेमी का किसी और से शादी करना एक महिला को इस कदम नागवारा गुजरा की, उसने बेहद शातिराना तरीके से एक साजिश रची और फिर मदद का दिखावा कर उसे एचआईवी संक्रमिक इंजेक्शन लगा दिया। इस चौंकाने वाले मामले में पुलिस ने आरोपी महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। हैरान कर देने वाला यह मामला आंध्र प्रदेश के कुरनूल से है। जहां पुलिस ने महिला समेत चार लोगों को एक डॉक्टर को कथित तौर पर एचआईवी का इंजेक्शन लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि डॉक्टर उस महिला के पूर्व प्रेमी की पत्नी है। आरोपियों की पहचान कुरनूल की रहने वाली बी बोया वसुंधरा (34), अडोनी के एक प्राइवेट अस्पताल में नर्स कोंग ज्योति (40) और उसके दो बच्चों के रूप में हुई है, जिनकी उम्र 20 साल के आसपास है। पुलिस ने बताया कि उन्हें 24 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन अन्य लोगों के साथ मिलकर साजिश रचने और एक सड़क दुर्घटना का नाटक करने के बाद वसुंधरा ने कथित तौर पर एक डॉक्टर को HIV वायरस का इंजेक्शन लगाया, जो उसके पूर्व प्रेमी की पत्नी है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने सरकारी अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों से एचआईवी संक्रमित खून के सैंपल लिए थे, वो भी यह कहते हुए कि सैंपल रिसर्च के मकसद से चाहिए।पुलिस के मुताबिक आरोपी का दावा है कि उसने संक्रमित खून को फ्रिज में रखा था और बाद में हमले के दौरान वही सैंपल पीड़ित को इंजेक्ट कर दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी महिला यह बात बर्दाश्त नहीं कर पा रही थी कि उसके पूर्व प्रेमी ने दूसरी महिला से शादी कर ली है, आरोपी ने कपल को अलग करने की साजिश रची और जानबूझकर सड़क दुर्घटना का नाटक करके पीड़ित की मदद करने का दिखावा करते हुए उसे ॥ढ्ढङ्क वायरस का इंजेक्शन लगा दिया। जानकारी के अनुसार यह घटना 9 जनवरी को दोपहर करीब 2.30 बजे हुई, जब पीड़ित (जो कुरनूल के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर है) लंच के लिए ड्यूटी के बाद स्कूटर से घर लौट रही थी।

## मिनियापोलिस में संघीय अधिकारियों की कार्रवाई पर गंभीर सवाल

**नीति**

**एलेक्स राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त इमिग्रेशन नीति और मिनियापोलिस में आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) की कार्रवाइयों से काफी परेशान थे।**



**मिनेसोटा।** अमेरिका में पुलिस और फेडरल एजेंसियों की कार्रवाई, विरोध-प्रदर्शनों में जाने वालों और आम नागरिकों की जान की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। मिनियापोलिस में पेशे से नर्स शख्स, जो दूसरों की जान बचाता था, खुद पुलिस अधिकारियों की गोली का शिकार हो गया।

अमेरिका के मिनियापोलिस शहर में शनिवार को एक संघीय अधिकारी की गोली से मारे गए व्यक्ति की पहचान एलेक्स जेफ्री प्रेट्टी के रूप में हुई है। उनके परिवार के अनुसार, एलेक्स वेटरन्स अफेयर्स (वीए) अस्पताल में आईसीयू नर्स थे। वे लोगों की बहुत परवाह करते थे और अपने काम के जरिए मरीजों की जान बचाने और उनकी मदद करने में गर्व महसूस करते थे।

एलेक्स राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्त इमिग्रेशन नीति और मिनियापोलिस में आईसीई (इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट) की कार्रवाइयों से काफी परेशान थे। इसी वजह से वे हाल ही में हुए विरोध-प्रदर्शनों में भी शामिल हुए थे। उनके पिता माइकल प्रेट्टी ने कहा, वह लोगों की बहुत गहराई से परवाह करता था। जो कुछ मिनियापोलिस और पूरे अमेरिका में हो रहा है, उससे वह दुखी था। विरोध करना उसके लिए दूसरों के प्रति अपनी चिंता और समर्थन दिखाने का तरीका था।

एलेक्स का जन्म इलिनॉय में हुआ था और वे अमेरिकी नागरिक थे। कोर्ट रिकॉर्ड के अनुसार, उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला नहीं था। परिवार का कहना है कि ट्रैफिक टिकट के अलावा उनका कभी पुलिस से कोई सामना नहीं हुआ था। एलेक्स को घूमना-फिरना और प्रकृति में समय बिताना बहुत पसंद था। उन्हें अपने पालतू कुत्ते जूल से बेहद लगाव था, जो हाल ही में मर गया था। परिवार का कहना है कि यह सदमा भी उन्हें अंदर से तोड़ गया था। कुछ हफ्ते पहले एलेक्स के माता-पिता, जो विस्कॉन्सिन में रहते हैं, ने उनसे बात की थी और कहा था कि अगर वे विरोध करने जाएं तो सावधानी रखें। उनके पिता ने बताया, हमने उससे कहा था कि विरोध करो, लेकिन किसी से उलझो मत, कोई गलत कदम मत उठाओ। उसने कहा था कि उसे सब समझ में है और वह सावधान रहेगा।

अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का कहना है कि एलेक्स ने बॉर्डर पेट्रोल अधिकारियों के पास जाते समय 9 मिमी की सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल रखी हुई थी। हालांकि अधिकारियों ने यह साफ नहीं किया कि क्या उन्होंने बंदूक तानी थी या नहीं। शूटिंग का जो वीडियो मौजूद है, उसमें भी बंदूक साफ नजर नहीं आती। परिवार ने बताया कि एलेक्स के पास कानूनी रूप से बंदूक रखने और छिपाकर ले जाने का परमिट था, लेकिन उन्होंने

## बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक की हत्या, गैराज में पेट्रोल डालकर जिंदा जलाया

**हत्या**

**बांग्लादेश में एक बार फिर एक हिंदू युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है।**

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब एक बार फिर बांग्लादेश में एक और हिंदू युवक को जिंदा जलाकर मार डाला गया। इससे पहले भी हाल के दिनों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें हिंदू युवकों को निशाना बनाया गया।

बांग्लादेश में एक बार फिर एक हिंदू युवक की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। युवक की पहचान चंचल चंद्र भौमिक के रूप में हुई है, जो नरसिंहदी इलाके में एक गैराज में सो रहा था। उसी दौरान अज्ञात लोगों ने गैराज में पेट्रोल डालकर आग लगा दी, जिसमें जिंदा जलकर चंचल की दर्दनाक मौत हो गई। बांग्लादेश के पत्रकार सलाह उद्दीन शोएब चौधरी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मामले की पूरी जानकारी दी।

सलाहउद्दीन शोएब चौधरी ने लिखा कि बांग्लादेश में एक बार फिर हिंदू युवक को जलाकर मार डाला गया है। पहले दीपू चंद्र दास को मेमनसिंह में जलाकर मारा गया। उसके बाद शरियातपुर में खोकन चंद्र दास को मारा गया और अब नरसिंहदी में चंचल चंद्र भौमिक को एक दुकान में जिंदा जलाकर मार डाला गया। यह घटना शुक्रवार रात घटित हुई। सलाहउद्दीन ने लिखा, चंचल चंद्र भौमिक कोमिला जिले के लक्ष्मीपुर गांव का निवासी था और अपने पिता की मौत के बाद घर चलाने की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी। चंचल की मां बीमार रहती है और उसका एक भाई दिव्यांग है। वह बीते छह साल से नरसिंहदी में रूबल मियां नामक व्यक्ति के गैराज में काम करता था और नरसिंहदी में ही रहता था। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुक्रवार को चंचल काम खत्म करने के बाद गैराज में ही सो गया। पास लगे एक सीसीटीवी में दिखा कि देर रात एक व्यक्ति ने चंचल को मारने के इरादे से पेट्रोल डालकर गैराज में आग लगा दी। आग लगाने के काफी देर बाद तक आरोपी वहां खड़ा रहा और जब उसे विश्वास हो गया कि चंचल की मौत हो गई है, तब वहां से गया। चंचल के परिवार ने भी हत्या का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने पहचान जाहिर न करने की शर्त पर आशंका जताई कि धार्मिक कारण से ही चंचल की हत्या की गई है।



बांग्लादेश के हिंदू संगठनों और आम लोगों में इस घटना को लेकर घबराहट और डर का माहौल है। हिंदू संगठनों ने घटना को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की। पिछले कुछ महीनों में बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों को निशाना बनाकर हिंसा की कई घटनाएं सामने आई हैं। यह सिलसिला छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मौत के बाद तेज हुआ। 18 दिसंबर को एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करने वाले दिपू चंद्र दास को ईशनिंदा के आरोप में भीड़ ने पीट-पीटकर मार डाला और बाद में उसके शव को आग के हवाले कर दिया गया।

इसके कुछ दिनों बाद पुलिस के अनुसार कुख्यात अपराधी बताए गए अमृत मंडल को राजबाड़ी जिले में जबरन वसूली के आरोप में भीड़ ने पीटकर मौत के घाट उतार दिया। बीते हफ्ते हिंदू व्यापारी लिटन चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी। एक अन्य मामले में पेट्रोल पंप पर काम करने वाले रिपन साहा को एक वाहन ने कुचल दिया। वाहन बिना भुगतान किए भाग रहा था और साहा ने उसे रोकने की कोशिश की थी।

# विमानन क्षेत्र में भारत की ताकत को वैश्विक मंच पर मिली मान्यता




**दावोस।** दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच 2026 के दौरान भारत की विमानन क्षमता को वैश्विक स्तर पर सराहना मिली। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने ड्रोन नीति, दूरदराज इलाकों में मेडिकल सेवाओं, सतत विमानन ईंधन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर भारत का विजन रखते हुए बताया कि कैसे देश नवाचार और टिकाऊ विकास के साथ भविष्य के विमानन की दिशा तय कर रहा है। दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2026 में कई उच्च स्तरीय बैठकों, रणनीतिक सम्मेलनों और बहुपक्षीय वार्ताओं में नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भाग लिया। इसमें वैश्विक नेताओं ने विमानन, अवसंरचना, स्थिरता, नवाचार और वैश्विक आर्थिक सहयोग में भारत के बढ़ते नेतृत्व की पुष्टि की। नायडू ने स्वायत्त गतिशीलता को प्रोत्साहन सत्र में ड्रोन नियम के नीतिगत ढांचों, दूरस्थ क्षेत्रों में मेडिकल सेवाओं समेत कई मामलों में भारत की तैयारियों पर भारत के सुनियोजित दृष्टिकोण की रूपरेखा रखी।

राम मोहन नायडू ने प्रगति समूह, स्किल्डएआई और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ कई उपयोगी द्विपक्षीय बैठकें कीं। इनमें विमानन, अवसंरचना और ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों का पता लगाया गया। उन्होंने कहा, डब्ल्यूईएफ मंच वैश्विक हितधारकों के साथ जुड़ने और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता के बीच भारत के लिए साझेदारी को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।

नायडू ने यूरोपीय संघ (ईयू) के परिवहन आयुक्त अपोस्टोलोस त्जित्जिकोस्टास के साथ परिवहन एक महत्वपूर्ण राजनयिक बैठक में पारिस्थितिकी तंत्र में स्थिरता, नवाचार और भारत-ईयू सहयोग पर चर्चा की।

# राष्ट्रपति ट्रंप ने बनाई नई रक्षा रणनीति



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नई रक्षा रणनीति बनाई है। इसके साथ ही उन्होंने नाटो और अन्य सहयोगियों से कहा- अब खुद ही अपनी सुरक्षा करें। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति की तरफ से 34 पन्नों के दस्तावेज में यूरोप से एशिया तक के साझेदार देशों की आलोचना की गई है।

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन ने शुक्रवार देर रात प्राथमिकताओं में बदलाव को दर्शाने वाली नई राष्ट्रीय रक्षा रणनीति जारी की। इसमें नाटो व अन्य सहयोगी देशों को अपनी सुरक्षा की जिम्मेदारी खुद संभालने को कहा गया है। इसमें वो सभी राष्ट्र शामिल हैं, जिनसे अब तक अमेरिका के प्रगाढ़ संबंध रहे हैं।

इस प्रकार का 34 पन्नों का दस्तावेज 2022 के बाद पहली बार जारी किया गया है, जो एक सैन्य नीति दस्तावेज होने के बावजूद काफी हद तक राजनीतिक है। इसमें यूरोप से एशिया तक के साझेदार देशों की आलोचना की गई है। दस्तावेज में हुई आलोचना के तहत यूरोप और एशियाई साझेदार देश अपनी रक्षा के लिए पूर्व अमेरिकी सरकारों पर निर्भर रहे। इसमें दृष्टिकोण, फोकस और लहजे में तीव्र बदलाव की बात कही गई है, जिसका मतलब है कि रूस से लेकर उत्तर कोरिया तक के खतरों से निपटने का ज्यादा बोझ अब सहयोगी देशों को उठाना होगा। यह दस्तावेज ऐसे समय आया है जब ट्रंप प्रशासन और यूरोप जैसे उसके पारंपरिक सहयोगियों के बीच तनाव है।

इसमें रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के मंत्रालय की तरफ से ग्रीनलैंड और पनामा नहर जैसे रणनीतिक क्षेत्रों तक अमेरिकी सैन्य और व्यावसायिक पहुंच सुनिश्चित करने के विश्वसनीय विकल्प देने की बात कही गई है।

34 पेज का यह दस्तावेज चीन के संदर्भ में कहता है कि बदलाव दर्शाने वाली नई राष्ट्रीय रक्षा नीति का उद्देश्य चीन पर प्रभुत्व जमाना या उसे अपमानित करना नहीं है। इसका मुख्य मकसद उसे अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हावी होने से रोकना है। हालांकि, इस अहम रणनीतिक दस्तावेज में ताइवान का कोई स्पष्ट जिक्र नहीं है, जबकि 2022 की रणनीति में ताइवान की आत्मरक्षा के समर्थन की बात कही गई थी।

यूरोप के बारे में कहा गया है कि रूस उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के पूर्वी सदस्यों के लिए खतरा बना रहेगा, लेकिन नाटो सहयोगी यूरोप की पारंपरिक रक्षा की मुख्य जिम्मेदारी खुद संभालने में सक्षम हैं। मालूम हो कि अमेरिका पहले ही यूक्रेन सीमा के पास नाटो क्षेत्रों से अपने सैनिकों की संख्या घटाने की पुष्टि कर चुका है।

वहीं राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के साथ संभावित व्यापार समझौते को लेकर कनाडा को कड़ी चेतावनी दी है। ट्रंप ने कहा कि अगर कनाडा ने चीन के साथ कोई व्यापारिक सौदा किया तो अमेरिका सभी कनाडाई वस्तुओं और उत्पादों पर तुरंत 100 प्रतिशत टैरिफ लगा देगा। उन्होंने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कॉर्नी को आगाह करते हुए कहा कि ऐसा कोई भी समझौता कनाडा के लिए गंभीर खतरा साबित होगा।

## गणतंत्र दिवस पर कैदियों को माफी की घोषणा, लेकिन ऐसे लोगों को नहीं मिलेगी माफी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने गणतंत्र दिवस पर कैदियों को विशेष माफी देने की घोषणा की है। इसके अंतर्गत 65 वर्ष की आयु वाले कैदियों और महिला कैदियों को अधिकतम 90 दिन तक की छूट प्रदान की जाएगी। यह माफी उन कैदियों को मिलेगी जो एक वर्ष से 10 वर्ष तक की सजा पा चुके हैं और इस समय सजा काट रहे हैं। परोल पर चल रहे कैदियों को भी यह माफी पाने का अधिकार होगा। लेकिन यह छूट ऐसे कैदियों को नहीं मिलेगी जो हत्या, अदालत की अवमानना, आर्थिक लेनदेन अन्य बेहद गंभीर किस्म के अपराधों में लिप्त रहे हैं। गणतंत्र दिवस पर यह माफी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 202× की धारा 47× के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दी जा रही है।दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने बताया है कि यह माफी उन दोषसिद्ध कैदियों पर लागू होगी, जिन्हें दिल्ली के आपराधिक न्यायालयों द्वारा दंडित किया गया है।

# भारत पहुंचीं यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर, फ्री ट्रेड और डिफेंस डील पर लगेगी मुहर

**शुरुआत**

**भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं।**



**नई दिल्ली।** यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष भारत पहुंच गईं हैं। वह गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगीं। 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठक में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) और डिफेंस पैक्ट पर मुहर लगने की उम्मीद है।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के रिश्तों में एक नया और बड़ा अध्याय जुड़ने जा रहा है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन अपनी चार दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंच गई हैं। उनके साथ-साथ यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी रविवार को दिल्ली पहुंच रहे हैं। यह यात्रा भारत के लिए दो वजहों से खास है- पहला, ये दोनों यूरोपीय दिग्गज 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, और दूसरा, 27 जनवरी को होने वाली बैठक में कई बड़े व्यापारिक समझौतों पर मुहर लग सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूरोपीय नेताओं के बीच होने वाली इस शिखर वार्ता में सबसे बड़ा आकर्षण मुक्त व्यापार समझौता है। सूत्रों के मुताबिक, लंबे समय से अटके इस समझौते के पूरा होने की घोषणा इस बैठक में की जा सकती है। इसके अलावा दो और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौतों की उम्मीद है-

1. रक्षा साझेदारीः दोनों पक्ष एक रणनीतिक रक्षा समझौते को अंतिम रूप देंगे।

2. नौकरी और मोबिलिटीः भारतीय पेशेवरों के लिए यूरोप में काम करना और आना-जाना आसान बनाने के लिए एक मोबिलिटी फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह डील?**

यूरोपीय संघ एक ब्लॉक के रूप में भारत का सबसे बड़ा गुड्स ट्रेडिंग पार्टनर (सामान का व्यापार करने वाला साझेदार) है।

व्यापार के आंकड़ेः वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईयू के बीच कुल 136 अरब डॉलर (करीब 11 लाख करोड़ रुपये) का व्यापार हुआ।

भारत का फायदाः अच्छी बात यह है कि भारत ने इसमें 76 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि आयात 60 अरब डॉलर रहा।

वैश्विक संकेत यह बैठक ऐसे समय में हो रही है जब अमेरिका में ट्रंप प्रशासन की आर्थिक और सुरक्षा नीतियों के कारण वैश्विक स्तर पर चिंताएं बढ़ी हुई हैं। ऐसे में दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्र-भारत और यूरोपीय संघ-आपसी विश्वास और साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने हवाई अड्डे पर उर्सुला वॉन डेर लेन का स्वागत किया, जिसके बाद विदेश मंत्रालय ने इसे रणनीतिक साझेदारी का अगला चरण बताया।

# सैमसंग ने सैमसंग हेल्थ ऐप पर 'फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन 26' की घोषणा की



**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज सैमसंग हेल्थ ऐप पर फिट इंडिया वॉक-ए-थॉन'26 की घोषणा की। यह स्टेप-काउंट चैलेंज लोगों को रोज़मर्रा की गतिविधियों के ज़रिए बेहतर स्वास्थ्य अपनाने के लिए प्रेरित करता है। यह चैलेंज गणतंत्र दिवस के अवसर पर बेहतर स्वास्थ्य का संकल्प लेने वाले भारत के यूजर्स के लिए उपलब्ध होगा। इस चैलेंज के लिए रजिस्ट्रेशन 22 जनवरी, 2026 से सैमसंग हेल्थ ऐप पर शुरू होंगे, जबकि चैलेंज 26 जनवरी से 24 फरवरी, 2026 तक चलेगा। इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को 30 दिनों की अवधि में 2,00,000 कदम पूरे करने होंगे। चैलेंज के दौरान यूजर्स अपने कदमों की गिनती ट्रैक कर सकेंगे। इसके साथ ही एक लीडरबोर्ड की सुविधा भी होगी, जिससे प्रतिभागी अपनी प्रगति देख सकेंगे और अन्य प्रतिभागियों के साथ अपनी स्थिति की तुलना कर पाएंगे। जो प्रतिभागी 2,00,000 कदमों का लक्ष्य सफलतापूर्वक पूरा करेंगे, वे लकी ड्रॉ में शामिल होंगे। चैलेंज पूरा होने पर उन्हें सैमसंग मेंबर्स ऐप के बेनिफिट्स सेक्शन में एक स्क्रैच कार्ड मिलेगा।

## ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अनधिकृत कीटनाशकों की बिक्री पर क्रॉपलाइफ इंडिया की चिंता




**लखनऊ।** क्रॉपलाइफ इंडिया, 17 अनुसंधान एवं विकास आधारित फसल संरक्षण कंपनियों का संगठन, ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर अनधिकृत फसल संरक्षण उत्पादों की बिक्री को लेकर गंभीर चिंता जताई है। संगठन ने कहा कि ऑनलाइन कीटनाशक बिक्री में नियामक निगरानी, नियमों का पालन और जवाबदेही को तत्काल मजबूत करने की जरूरत है। क्रॉपलाइफ इंडिया ने यह भी कहा कि जब सरकार ड्राफ्ट पेस्टीसाइड्स मैनेजमेंट बिल, 2025 के तहत कीटनाशक कानूनों की समीक्षा कर रही है, तब ऑनलाइन बिक्री से जुड़े नए जोखिमों को स्पष्ट रूप से शामिल किया जाना चाहिए। यह मुद्दा नई दिल्ली में आयोजित क्रॉपलाइफ इंडिया के ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर फसल संरक्षण उत्पादों की बिक्री विषय पर राष्ट्रीय सम्मेलन में उठाया गया। सम्मेलन में नीति-निर्माता, नियामक, उद्योग प्रतिनिधि और अन्य हितधारक शामिल हुए। चर्चा इस बात पर केंद्रित रही कि कृषि-इनपुट्स की बिक्री तेजी से ऑनलाइन हो रही है और किसानों तथा आपूर्ति श्रृंखला की सुरक्षा के लिए क्या नियम जरूरी हैं।

# दिल्ली विकास प्राधिकरण ने शहर के पहले ग्रीन एक्सपो के लिए मंच तैयार किया

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल के यमुना बाढ़ के मैदानों का कायाकल्प करने के सफल प्रयोगों से प्रेरित होकर, जिसमें असिता, बांसेरा, वासुदेव घाट और यमुना वाटिका जैसे सार्वजनिक हरित स्थान बनाए गए हैं, जिससे न केवल बाढ़ के मैदानों का कायाकल्प किया गया है, बल्कि दिल्ली के लोगों को नदी के करीब भी लाया गया है, दिल्ली विकास प्राधिकरण 14 और 15 फरवरी, 2026 को बांसेरा पार्क, नई दिल्ली में पहला डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 आयोजित करने जा रहा है। स्थिरता, शहरी हरियाली और प्रकृति-आधारित समाधानों पर केंद्रित, यह एक्सपो भारतीय शहरों के भविष्य की कल्पना करने के लिए एक प्रमुख राष्ट्रीय मंच के रूप में काम करेगा, जबकि शहरी नियोजन और शहर के विकास में पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु-प्रथम दृष्टिकोण को शामिल करने के लिए डीडीए की निरंतर प्रतिबद्धता को रेखांकित करेगा। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप एक बेंचमार्क-स्थापित राष्ट्रीय मंच के रूप में परिकल्पित, यह एक्सपो भारत में भविष्य के लिए तैयार, जलवायु अनुकूल शहरों को आकार देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विचारकों, नीति निर्माताओं और अर्बन प्रैक्टिशनर्स को एक साथ लाएगा। अपनी तरह का यह पहला दो दिवसीय एक्सपो प्रदर्शनियों, लाइव प्रदर्शनों और विशेषज्ञों द्वारा दिए जाने वाले सत्रों की मेजबानी करेगा, जिसमें सतत शहरी पारिस्थितिकीय तंत्र और हरित बुनियादी ढांचे में नवाचारों और सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें जलवायु, पानी और पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करने वाले शहरों के लिए स्केलेबल और अनुकरणीय मॉडल पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शोकेस के साथ-साथ, यह एक्सपो सरकारी निकायों, अनुसंधान संस्थानों और निजी क्षेत्र के बीच पैनल चर्चा, ज्ञान के आदान-प्रदान और सहयोग को बढ़ावा देगा, जिसमें रणनीतिक साझेदारी और समझौता ज्ञापनों को औपचारिक रूप दिया जाएगा ताकि दीर्घकालिक, जलवायु-अनुकूल शहरी विकास को आगे बढ़ाया जा सके।

आगामी एक्सपो के महत्व पर टिप्पणी करते हुए, दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री विनय कुमार सक्सेना ने कहा- ÷आज शहरों को पारंपरिक विकास मॉडल से आगे बढ़कर विकास के मूल में स्थिरता, लचीलापन और नागरिकों की भलाई को रखना चाहिए। हमें राजधानी में फिर से ऐसे शहरी विकास की कल्पना करनी होगी, जिसमें जलवायु को प्राथमिकता देने वाली, सहयोगात्मक मानसिकता हो, स्थिरता और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दिया जाए, साथ ही हर विकास में स्थानीय लैंडस्केपिंग, जल और अपशिष्ट प्रबंधन योजना और प्रकृति-आधारित समाधानों को शामिल किया जाए। नीति निर्माताओं, उद्योग, नवप्रवर्तकों, छात्रों, शिक्षाविदों और अर्बन प्रैक्टिशनर्स को एक साझा मंच पर लाकर, डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और अधिक अनुकूल शहर बनाने के लिए सामूहिक कार्रवाई को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। दिल्ली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्रीएन. सरवण कुमार ने एक्सपो के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए, कहा कि डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026 यह दर्शाता है कि दिल्ली विकास प्राधिकरण आज की चुनौतियों का सामना करने के लिए शहरी विकास के बारे में किस प्रकार सोच रहा है। ग्रीन एक्सपो को एक व्यावहारिक, समाधान-संचालित मंच के रूप में देखा गया है, जो शहरी हरियाली, परिदृश्य बहाली और स्थायी बुनियादी ढांचे में स्केलेबल नवाचारों को प्रदर्शित करता है। ज्ञान के आदान-प्रदान, साझेदारी और नागरिक भागीदारी के माध्यम से, हमारा लक्ष्य दिल्ली के शहरी पारिस्थितिकीय तंत्र में जलवायु-अनुकूल प्रथाओं को अपनाने में तेजी लाना है। राष्ट्रीय राजधानी के लिए वैधानिक योजना और भूस्वामी अथॉरिटी के रूप में, दिल्ली विकास प्राधिकरण दिल्ली के शहरी परिदृश्य, बुनियादी ढांचे और पर्यावरणीय अनुकूलता को आकार देने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। इस पृष्ठभूमि में, डीडीए ग्रीन एक्सपो 2026, अपने पैमाने, भागीदारी की विविधता और समाधान-आधारित फोकस के कारण, एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में है, जो राजधानी में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार, भविष्य के लिए तैयार और लोगों पर केंद्रित शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए प्राधिकरण के दीर्घकालिक दृष्टिकोण को दर्शाता है।

# एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड एलटीएफ का लाभ पीएटी 760 करोड़ रुपये रहा

एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड, पूर्व में एल एंड टी फाइनेंस होल्डिंग्स लिमिटेड (एलटीएफ) के नाम से जाना जाता है, जो भारत में प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनियों (एनबीएफसी) में से एक है, ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही (वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही) में अपना अब तक का सबसे अधिक कोर कर पश्चात लाभ (पीएटी) 760 करोड़ रुपये (नए लेबर कोड प्रावधान के एक बार के प्रभाव से पहले) दर्ज किया है, जिसमें साल-दर-साल 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नए लेबर कोड के एक बार के प्रभाव के बाद पीएटी 739 करोड़ रुपये है, जो वित्त वर्ष 26 की तीसरी तिमाही में 18 प्रतिशत अधिक है। तिमाही के दौरान, रिटेल बुक साइज 1,11,990 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, और इसमें साल दर साल 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। कंसोलिडेटेड लोन बुक सालाना 20 प्रतिशत बढ़कर 1,14,285 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तीसरी तिमाही के लिए अब तक का सबसे अधिक तिमाही रिटेल डिस्बर्समेंट 49 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 22,701 करोड़ रुपये दर्ज किया। कंपनी ने टू-व्हीलर फाइनेंस में अब तक का सबसे अधिक डिस्बर्समेंट 3,217 करोड़ रुपये और फार्मर फाइनेंस में 2,783 करोड़ रुपये दर्ज किया, जो क्रमशः सालाना 33 प्रतिशत और 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। 31 दिसंबर, 2025 तक कुल बुक का रिटेलाइजेशन 98 प्रतिशत पर खड़ा था। वित्तीय परिणामों के बारे में, सुदीप्ता रॉय, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, एलटीएफ, ने कहा, वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही अच्छे आर्थिक कारकों के मजबूत मिश्रण से प्रभावित रही। जीएसटी 2.0 की शुरूआत, अच्छी बारिश (मानसून), और रेपो दर में लगातार कटौती ने लोगों के खर्च में बढ़ोतरी की है और विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाया है। इस तिमाही में, एलटीएफ ने सभी कारोबारी हिस्सों में शानदार प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया। हमने अब तक की सबसे ज्यादा तिमाही लोन डिस्बर्समेंट राशि 22,701 करोड़ रुपये दर्ज की, जो पिछले साल की तुलना में 49 प्रतिशत ज्यादा है। रिटेल लोन पोर्टफोलियो 1,11,990 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाता है। इससे कर पश्चात लाभ (पीएटी) 760 करोड़ रुपये हुआ, जो पिछले साल से 21 प्रतिशत अधिक है (एक बार की विशेष मद के प्रभाव को छोड़कर)।

तिमाही आधार पर, कंपनी के नेट इंटरेस्ट मार्जिन्स (एनआईएम्स)+फीस 19 बेसिस पॉइंट्स (बीपीएस) सुधरकर 10.41 प्रतिशत हो गए, जो 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में 10.22 प्रतिशत थे। रूरल बिजनेस फाइनेंस बिजनेस की एसेट क्वालिटी में महत्वपूर्ण सुधार हुआ, जिसमें दिसंबर 2025 में 0 डेज पास्ट ड्यू (डीपीडी) कलेक्शन एफिशिएंसी 99.7 प्रतिशत तक पहुंच गई।

## गीग वर्कर्स के लिए डिजिटल एवं वित्तीय योजना कार्यक्रम भारत पेट्रोलियम प्लांट कुर्सी रोड में रीडर हुआ

नोएडा शहर में गिग वर्कर्स को डिजिटल फाइनेंसियल रूप से एक्जीक्यूटिव बनाने का प्रशिक्षण कार्यक्रम के बारे में एक कार्यक्रम में विस्तार और एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से चल रही है। सुकन्या समृद्धि, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, बीमा योजना के बारे में भी पूछा गया, वहां मौजूद गिग श्रमिकों ने ड्राइवरों, होटलों और अन्य प्रतिभागियों से जुड़े लोगों ने कार्यक्रम को समझाया और विज्ञापनदाताओं की सभी ने विशेष रूप से समझा और एनआईआईटी फाउंडेशन के कार्यकर्ता मनोज यादव के सहयोग से अपने फोन में शामिल किया और हो रहे फॉड की जानकारी प्राप्त करने वाले कार्यक्रम की वहां मौजूद 50 ड्राइवरों ने इस धन संवाद कार्यक्रम का तहे दिल से विज्ञापन किया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किया केंद्रीय सरकार कर्मचारी वेतन खाता का शुभारंभ

**लखनऊ।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक बैंक ऑफ बड़ौदा ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एक विशेष वेतन खाता पैकेज सुविधा प्रदान करने हेतु वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) की पहल के तहत बॉब केंद्रीय सरकार कर्मचारी वेतन खाता की शुरुआत की। वित्तीय सेवाएं विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू द्वारा शुभारंभ किया गया, यह वेतन खाता पैकेज केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए एकल-विंडो बैंकिंग समाधान है, जिसमें उन्नत वेतन खाता सुविधाएं, व्यापक बीमा कवरेज तथा प्रीमियम कार्ड लाभ शामिल हैं।

इस अवसर पर डॉ. देबदत्त चांद, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा,बैंक ऑफ बड़ौदा को केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस समेकित वेतन खाता पैकेज का शुभारंभ करते हुए हर्ष हो रहा है। यह बचत, ऋण और व्यापक सुरक्षा लाभों को सहजता से एकीकृत करता है ताकि केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों के सभी वर्गों को बेहतर सुविधा, वित्तीय सुरक्षा और मानसिक शांति प्रदान की जा सके।

## रिकॉर्ड समय में पूरा हुआ सॉल्युबल फर्टिलाइज़र निर्माण पायलट प्रोजेक्ट



**लखनऊ।** जब वैश्विक स्तर पर चीन ने स्पेशियलिटी फॉस्फेट उर्वरकों के निर्यात प्रतिबंध को 2026 तक बढ़ा दिया है, ऐसे समय में भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। नागपुर में सॉल्युबल फर्टिलाइज़र पायलट प्लांट का प्रथम चरण सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। इसका उद्घाटन जवाहरलाल नेहरू एल्युमिनियम रिसर्च डेवलपमेंट एंड डिजाइन सेंटर के निदेशक डॉ. अनुपम अग्निहोत्री द्वारा किया गया। यह पायलट सुविधा जेएनएआरडीडीसी द्वारा वित्तपोषित अनुसंधान परियोजना के तहत निर्धारित समय से लगभग एक माह पहले पूरी की गई है। यह उपलब्धि भारत में विशेष और मूल्यवर्धित उर्वरकों के स्वदेशी निर्माण क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस संयंत्र के माध्यम से उन सभी प्रमुख सॉल्युबल फर्टिलाइज़रों का देश में ही उत्पादन संभव होगा, जिनका अब तक आयात किया जाता रहा है। आगामी चरण में इस पायलट प्लांट का बड़े पैमाने पर विस्तार किया जाएगा, जिसे देश की अग्रणी उर्वरक कंपनियां अपनाने की तैयारी में हैं। इससे न केवल आयात निर्भरता घटेगी, बल्कि रोजगार सृजन, तकनीकी आत्मनिर्भरता और लागत में कमी जैसे लाभ भी मिलेंगे। खनन मंत्रालय के अधीन नोडल एजेंसी जेएनएआरडीडीसी लगातार महत्वपूर्ण खनिजों सहित कई रणनीतिक क्षेत्रों में स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दे रही है। इशिता इंटरनेशनल द्वारा विकसित यह हरित तकनीक, जो विशेष सॉल्युबल उर्वरकों के उत्पादन के लिए तैयार की गई है, अप्रैल में जेएनएआरडीडीसी के सहयोग से शुरू हुई थी और रिकॉर्ड समय में लैब स्तर से पायलट स्तर तक पहुंच गई। यह दर्शाता है कि संस्थागत समर्थन से देश में स्वदेशी तकनीकों का तेजी से विकास और क्रियान्वयन संभव है। यह परियोजना भारत को उर्वरक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत आधार प्रदान करती है और भविष्य में अन्य रणनीतिक तकनीकों के विकास का भी मार्ग प्रशस्त करेगी।

# इंडस टावर्स के वृक्षारोपण और आजीविका प्रोग्राम ने उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में जलवायु संरक्षण एवं ग्रामीण समृद्धि को किया प्रोत्साहित

**लखनऊ।** दुनिया की सबसे बड़ी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में से एक, इंडस टावर्स लिमिटेड ने सस्टेनेबल ग्रीन इनिशिएटिव फाउंडेशन (एसजीआईएफ) के सहयोग से, उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण के ज़रिए पर्यावरण संरक्षण एवं ग्रामीण आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। अपने मुख्य सीएसआर प्रोग्राम 'प्रगति' के तहत, इंडस टावर्स ने छोटे और सीमांत किसानों की ज़मीनों पर 60,000 फल वाले पेड़ लगाने में मदद की है, जिससे पूर्वी उत्तर प्रदेश के इस संसाधन-संवेदनशील क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और आजीविका के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। इस पहल पर पर बात करते हुए तेजिन्दर कालरा, सीओओ, इंडस टावर्स लिमिटेड ने कहा, ''इंडस टावर्स में हमारा मानना है कि पर्यावरण की सुरक्षा और ग्रामीण प्रगति दोनों एक साथ जारी रहने चाहिए। सोनभद्र में हमारा वृक्षारोपण अभियान दर्शाता है कि वैज्ञानिक तरीकों से वृक्षारोपण, समुदाय के सहयोग और निरंतर क्षमता निर्माण के द्वारा पारिस्थितिक एवं आर्थिक दोनों स्तरों पर सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। छोटे एवं सीमांत किसानों को फल वाले पेड़ लगाने में सहयोग प्रदान कर, हम जलवायु संरक्षण में योगदान दे रहे हैं, साथ ही किसानों को भी गरिमा के साथ स्थायी आजीविका कमाने में सक्षम बना रहे हैं। देश भर में हमारे प्रयास हरित, सशक्त एवं अधिक प्रत्यास्थ समुदायों के निर्माण के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।''

यह प्रोग्राम भारत सरकार के नेशनल एक्शन प्लान ऑन क्लाइमेट चेंज और ग्रीन इंडिया मिशन के अनुरूप काम करते हुए सुनिश्चित करता है कि वृक्षारोपण के प्रयास- जलवायु संरक्षण, जैव विविधता में सुधार तथा ग्रामीण स्थायित्व के राष्ट्रीय लक्ष्यों को समर्थन प्रदान करें। वृक्षारोपण के वैज्ञानिक तरीकों, फील्ड की सख्त निगरानी और समुदाय की भागीदारी के ज़रिए यह पहल किसानों के खेतों को फल उगाने वाले बागानों में बदल देती है। इससे उन्हें न सिर्फ लम्बे समय के लिए आजीविका के स्रोत मिलते हैं, बल्कि जलवायु संरक्षण में भी सहयोग मिलता है। कुल मिलाकर ये प्रयास क्षेत्र में पर्यावरण के स्वास्थ्य में सुधार लाते हैं।सोनभद्र में वृक्षारोपण अभियान के दौरान किसानों को बागवानी के बेहतर ज्ञान एवं खेती के पर्यावरण अनुकूल तरीकों के साथ सशक्त बनाने पर ज़ोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्रों, फील्ड डेमोन्स्ट्रेशन तथा प्रासंगिक सरकारी विभागों के सहयोग से किसानों को मिट्टी की तैयारी, पौधों के पोषण, सिंचाई की योजना एवं बागान प्रबन्धन के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। वहीं दूसरी ओर महिला सदस्यों ने भी खेती के ज़रिए परिवार को सहयोग प्रदान कर तथा समुदाय में पर्यावरण संरक्षण की भावना को बढ़ावा देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस पहल के व्यापक प्रभावों पर रोशनी डालते हुए श्री दुर्गेश रतुरी, डायरेक्टर, सस्टेनेबल ग्रीन इनीशिएटिव फाउन्डेशन ने कहा, ''सोनभद्र में यह प्रोग्राम दर्शाता है कि कैसे सुनियोजित वृक्षारोपण अभियान पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता में सुधार लाकर ग्रामीण समुदायों के लिए आजीविका के मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

## वर्ल्ड प्रीमियर डिजिटल के लिए हो जाएं तैयार



**नई दिल्ली।** निर्माता में धूम मचाने के बाद, मजेदार फ्रेंचाइज़ी की चौथी फिल्म, मस्ती 4 दर्शकों के लिए फिर से दीवाना बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब अपने घर पर आराम से बैठें, एक बार फिर से उस पागलपन का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि 23 जनवरी को हिंदी ZEE5 पर इस फिल्म का ग्लोबल प्रीमियर होने वाला है। वेवबैंड प्रोडक्शन और ज़ी स्टूडियोज द्वारा मारुति इंटरनेशनल और बालाजी टेलीफिल्म्स के सहयोग से प्रस्तुति की गई, मस्ती 4 को ए झुनझुनवाला और शिखा करण अहुलवालिया ने इंद्र कुमार, अशोक ठके, शोभा कपूर, यूनिटी कपूर और संगीतकार बैशमीन के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। मिलाप जावेरी के डायरेक्शन में बनी मजेदार 4 में कॉमेडी टिकड़ी रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी एक और मिस्ट्री जर्नी के लिए वापस आ रहे हैं। फिल्म में अरशद वारसी, तुषार कपूर, नरगिस फाखरी, श्रेया शर्मा, रूही सिंह, एलनाज नोरोजी और कई बेहतरीन कलाकारों ने भी अहम किरदार निभाए हैं। मस्ती 4 में भी दर्शकों को ज़बरदस्त कॉमेडी, डोरी प्लेयर्स और एडल्ट होमर का शानदार मेल देखने को मिलेगा, जो कि फ्रेंचाइज़ी की पहचान बन गया है। इस फिल्म की कहानी भी गैब्रिएट मर्दों की एक टोली के रूप में घूमती है, जो एक बार फिर से लालची, फैंटेसी और अपने भावुक लक्ष्यों के बीच आकर्षक दिखती हैं। क्रिस्टोफर चाहने वालों की वजह से शुरू हुई अंटार्कटिका के बीच, उनके हर दोस्त दर्शकों को हंसाने पर मजबूर कर देते हैं और यह झूठी कहानी, जादूगर कारनामों और हंसी से लोट-पोट कर देने वाले लम्हे ज़बरदस्त कॉमेडी बन जाती है। बिंदास मनोरंजन के साथ-साथ, मस्ती 4 दोस्ती और वफादारी के उद्गार- बच्चों को भी खिलौने-फुल्के बिस्कुट में खाना है, और बताएं कि सीधे से रोमांच की तलाश में लोग किस हद तक जा सकते हैं।

## दुनियाभर के अस्थिर माहौल में मजबूत घरेलू फंडामेंटल्स भारतीय बाजारों को सहारा देंगे: पीएल वेल्थ मैनेजमेंट



**लखनऊ।** पीएल वेल्थ ने अपनी ताज़ा रिपोर्ट मार्केट आउटलुक जनवरी 2026 में कहा है कि भारत 2026 में दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में कहीं अधिक मज़बूत स्थिति में है। जहाँ वैश्विक बाजार धीमी ग्रोथ, नीतियों की अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रहे हैं, वहीं भारत का नज़रिया भरोसेमंद बना हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू खपत, सरकार द्वारा बुनियादी ढांचे पर लगातार खर्च और कंपनियों की मज़बूत वित्तीय स्थिति बाजार को स्थिरता प्रदान करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए 'ठहराव' का साल रहा। जहाँ वैश्विक बाजारों ने अच्छा मुनाफा कमाया, वहीं भारतीय बाजार थोड़े पीछे रहे क्योंकि यहाँ वैल्यूएशन सामान्य हुई और विदेशी निवेशक लगातार बिकवाली करते रहे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशकों का भरोसा बना रहा और एसआईपी के ज़रिये आने वाले निवेश ने बाजार को बड़ी गिरावट से बचाए रखा। पीएल वेल्थ मैनेजमेंट के सीईओ इंदरबीर सिंह जॉली ने कहा भारत 2026 में मज़बूत ग्रोथ और कम महंगाई के एक बेहतरीन तालमेल के साथ कदम रख रहा है। हालांकि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण थोड़े समय के लिए उतार-चढ़ाव बना रह सकता है, लेकिन भारत में लंबी अवधि का निवेश बेहद आकर्षक है। ऐसे में निवेशकों को धैर्य और अनुशासन के साथ अच्छी क्वालिटी के शेयरों पर ध्यान देना चाहिए। वैश्विक स्तर पर, 2026 में आर्थिक वृद्धि मध्यम लेकिन असमान रहने की उम्मीद है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी बनी रहेगी, जिसमें जीडीपी वृद्धि और धीमी होने की उम्मीद है क्योंकि वित्तीय स्थितियां काफी सख्त बनी हुई हैं।

# मोटोरोला ने मोटोरोला सिग्नेचर के साथ भारत में फ्लैगशिप सेगमेंट को अपग्रेड किया

**नई दिल्ली।** मोटोरोला, मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर तथा भारत के प्रमुख एआई स्मार्टफोन ब्रांड, ने आज भारत में मोटोरोला सिग्नेचर को लॉन्च किया है। यह अल्ट्रा-प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन बेहद लग्ज़री है, और अपने सेगमेंट में एक नया बेंचमार्क स्थापित करता है। इसे उन उपभोक्ताओं के लिए डिजाइन किया गया है जो बेजोड़ उत्कृष्टता चाहते हैं, सिग्नेचर फ्लैगशिप अनुभव को दुनिया के पहले कैमरा इनोवेशन, शानदार लग्जरी क्राफ्टमैनशिप, नेक्स्ट-जेनरेशन परफॉर्मेंस और क्यूरेटेड लाइफस्टाइल प्रिविलेज के साथ फिर से परिभाषित करता है। इस प्रीमियम इकोसिस्टम को और मजबूत करते हुए, मोटोरोला ने मोटो वॉच पावर्ड बाय पोलर भी लॉन्च की है, जो टाइमलेस वॉच डिजाइन में सेगमेंट-अग्रणी वेलनेस ट्रैकिंग देती है। मोटोरोला सिग्नेचर में दुनिया का एकमात्र ट्रिपल सोनी लिटिया प्रो-ग्रेड कैमरा सिस्टम है, जिसे डीएक्सोमार्क गोल्ड लेबल सर्टिफिकेशन की मान्यता मिली है और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में यह असाधारण फोटो और वीडियो परफॉर्मेंस देता है। डीएक्सोमार्क के कैमरा परफॉर्मेंस इंडेक्स पर 164 के कैमरा स्कोर के साथ, मोटोरोला सिग्नेचर 100,000 रुपये के सेगमेंट में भारत का नंबर 1 कैमरा फोन बन गया है। सिस्टम के केंद्र में 50एमपी सोनी लिटिया 828 मेन कैमरा है, जो अब तक का सबसे बड़ा 50एमपी सेंसर है। यह सिनेमैटिक इमेजिंग देता है, जिसमें डॉल्बी विजनो वीडियो रिकॉर्डिंग 8के और 4के में 60एफपीएस तक, क्वाड पिक्सल टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड नॉइज रिडक्शन और 3.5 डिग्री ऑप्टिकल इमेज स्टेबलाइजेशन शामिल है, जो किसी भी तरह की रौशनी में बेहद सटीक परिणाम देता है। इसमें 50एमपी सोनी लिटिया 600 पेरिस्कोप कैमरा भी दिया गया है, जिसमें 3एक्स ऑप्टिकल जूम, ओआईएस और 100 एक्स तक सुपर जूम प्रो है।




साथ ही 50एमपी अल्ट्रा-वाइड प्लस मैक्रो विजन कैमरा 122 डिग्री फील्ड ऑफ व्यू और क्लोज-फोकस मैक्रो कैपेबिलिटी के साथ आता है। 50एमपी सोनी लिटिया 500 फ्रंट कैमरा 4के वीडियो 60चि पर सपोर्ट करता है। पूरे कैमरा सिस्टम को पैंटोन वैलिडेटेड कलर और स्किनटोन कैलिब्रेशन तथा मल्टीस्पेक्ट्रल 3-इन-1 लाइट सेंसर से और बेहतर बनाया गया है, जो सटीक एक्सपोजर, व्हाइट बैलेंस और शानदार कलर रिप्रोडक्शन के लिए है। इमेजिंग अनुभव को पावर देने वाला मोटो एआई और गूगल एआई फीचर्स का एक एडवांस्ड सूट है, जो प्रोफेशनल फोटोग्राफी को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। एआई सिग्नेचर स्टाइल सीन के आधार पर इंटेलिजेंटली कलर, कंट्रास्ट और टोन को अपनाता है, जबकि एआई एक्शन शॉट हाई-मोशन मोमेंट्स को एन्हांस्ड शटर स्पीड और क्लैरिटी के साथ फ्रीज करता है। एआई ग्रुप शॉट मल्टीपल फ्रेम्स को मर्ज करके हर चेहरे को शार्प बनाता है, बंद आंखों को खत्म करता है, और एआई ऑटो स्माइल कैप्चर परफेक्ट मोमेंट को ऑटोमैटिक तरीके से कैप्चर करता है। एआई फोटो एन्हांसमेंट इंजन, एआई एडाप्टिव स्टेबलाइजेशन और एआई कलर ऑप्टिमाइजेशन रियल टाइम में डिटेल, डायनामिक रेंज और नेचुरल स्किन टोन्स को रिफाइन करते हैं, जबकि गूगल फोटोज एआई टूल्स जैसे एआई मैजिक एडिटर, एआई मैजिक इरेज़र, एआई फोटो अनब्लर, फोटो टू वीडियो और सिनेमैटिक फोटोज कैप्चर के बाद दमादार एडिटिंग, ऑर्गनाइजेशन और स्टोरीटेलिंग को सक्षम बनाते हैं। कारीगरी और खूबसूरती पर बेजोड़ फोकस के साथ डिजाइन किया गया, मोटोरोला सिग्नेचर ब्रश्ड एयरक्राफ्ट-ग्रेड एल्यूमिनियम और रिच फैब्रिक-इंस्पायर्ड फिनिशेस से बनी एक लग्जरी, परिष्कृत, अल्ट्रा-थिन डिजाइन पेश करता है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सम्मानित हुए बीएलओ एवं सुपरवाइजर

- डीएम ने मतदाता जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज, पडरौना में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में मताधिकार के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को सम्मानित किया गया। इसके उपरांत मतदाता जागरूकता रैली को जिलाधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को अपने मताधिकार के प्रयोग हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के स्टाफ, छात्र/छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों की सहभागिता रही। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की मजबूती की नींव मतदाता की जागरूकता और सक्रिय सहभागिता पर निर्भर करती है। भारत का लोकतंत्र तभी सशक्त होगा, जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का जिम्मेदारीपूर्ण एवं निर्भीक होकर प्रयोग करेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक कर्तव्य भी है। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से युवाओं और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया लोकतंत्र की आत्मा है, जिसे मजबूत बनाने में प्रत्येक मतदाता की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता जागरूकता अभियान को निरंतर गति देने की आवश्यकता है, ताकि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे।

### गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि होंगी विजय लक्ष्मी गौतम

**कुशीनगर।** आज गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम को शासन द्वारा नामित किया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि का जनपद में आगमन एवं कार्यक्रम विवरण इस प्रकार है- मुख्य अतिथि प्रातः 07:30 बजे जनपद देवरिया से प्रस्थान करेंगी तथा प्रातः 08:30 बजे सर्किट हाउस, कुशीनगर पहुंचेंगी। इसके उपरांत प्रातः 09:25 बजे रिजर्व पुलिस लाइन के लिए प्रस्थान करेंगी तथा प्रातः 09:30 बजे रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर ध्वजारोहण करेंगी। प्रातः 09:35 बजे परेड निरीक्षण, प्रातः 09:45 बजे राष्ट्रगान एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम, प्रातः 10:00 बजे उद्घाटन कार्यक्रम, प्रातः 10:15 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण आयोजित किया जाएगा। प्रातः 11:50 बजे स्वल्पाहार तथा प्रातः 12:10 बजे अन्य कार्यक्रम (सुविधानुसार) आयोजित किए जाएंगे।

# बीवी जी राम जी एक्ट सिर्फ नाम बदलने की कवायद नही, बल्कि मनरेगा की कमियों को दूर करने की एक ठोस पहल है : सांसद

- भाजपा सरकार में बिना भेदभाव हो रहा विकास कार्य : विनय
- बोदरवार में सांसद ने जन जागरुकता चौपाल के तहत श्रमिकों को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद विजय कुमार दुबे

**बोदरवार, कुशीनगर।** स्थानीय बाजार में नेहरू युवा चेतना केंद्र बोदरवार के तत्वाधान में आयोजित चौपाल में विकसित भारतङ्क्जी राम जी रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान चलाकर कृषकों व श्रमिकों को जागरूक करते हुए योजना के खूबियों को बताया।

रविवार को बोदरवार बाजार स्थित एक मैरेज हॉल में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे ने सहभागिता करते हुए ग्रामीणों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित करना, आजीविका के साधनों को सुदृढ़ करना तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वी वी जी राम जी एक्ट, 2025 सिर्फ नाम बदलने की कवायद नहीं है, बल्कि मनरेगा की कमियों को दूर करने की एक ठोस पहल है।ज्यादा रोजगार के दिन, समय पर मजदूरी भुगतान, बायोमेट्रिक हाजिरी और एआई पर आधारित निगरानी है यह बदलाव पारदर्शिता बढ़ाने और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। वी वी जी राम जी विकसित भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रह जाए। ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में यह मिशन एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे गांवों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा। विशिष्ट अतिथि रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना, रोज़गार के नए अवसर, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ तथा ग्रामीण सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं संवादात्मक चर्चा करने का अवसर प्राप्त हुआ।

यह संवाद ग्रामीण आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता एवं समावेशी विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है।सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने और ग्रामीणों को जागरूक करने पर बल दिया। कार्यक्रम का अध्यक्षता रामनरेश गुप्त व संचालन अवधेश कुमार गिरी ने किया।

# प्रेमिका से शादी करने को लेकर टॉवर पर चढ़ा प्रेमी, प्रशासन के फुले हाथ-पांव

- बड़ी मशक्कत के बाद शादी कराने की बात पर नीचे उतरा
- नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के पिपरा बुजुर्ग गांव का मामला

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर एक युवक मोबाइल टॉवर पर चढ़ आत्महत्या की धमकी देने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत और समझाइश के बाद युवक को सुरक्षित नीचे उतारा, जिसके बाद थाने में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई गई और परिजन विवाह के लिए सहमत हो गए।

नेबुआ नौरंगिया थाना परिसर के पास एक मोबाइल टावर पर एक युवक प्रेमिका से शादी की मांग को लेकर चढ़ गया। उसने आत्महत्या की धमकी दी। जानकारी के अनुसार पिपरा बुजुर्ग गांव निवासी युवक का अपने ही गांव की एक युवती से लंबे समय से प्रेम संबंध था। लगभग चार महीने पहले दोनों घर से चले गए थे, लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद वे वापस लौट आए थे। उस समय दोनों परिवार उनके विवाह के लिए सहमत नहीं थे। जब दोनों परिवार शादी के लिए नहीं राजी हुए तो युवक ने बात मनवाने के लिए अजीब पैंतरा आजमाया। वह प्रेमिका से शादी की जिद में थाना परिसर के पास स्थित मोबाइल टावर पर चढ़कर हंगामा किया। युवक को टॉवर पर देख हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर आनन-फानन में एसएसआई प्रमोद गौतम और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और युवक को समझाना शुरू किया। काफी प्रयासों के बाद युवक नीचे उतरा और उसे थाने लाया गया। थाने में हुई बातचीत के दौरान युवती और युवक के परिजनों ने आपसी सहमति से विवाह कराने पर रजामंदी जताई। पुलिस की मौजूदगी में दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौता कराया गया।

# घायल बिटिया के इलाज के लिए सपा नेता ने दी आर्थिक मदद

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** वैदहा में हुए दर्दनाक ट्रैक्टर हादसे में दो मासूम छात्राओं की मौत और एक गंभीर रूप से घायल होने के बाद समाजवादी पार्टी ने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए त्वरित आर्थिक मदद पहुंचाई है।

सपा नेता जिलाध्यक्ष विपिन प्रकाश सिंह 'दीपक' रविवार को जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव के साथ वैदहा पहुंचे, यहां उन्होंने मृतक आनवी तिवारी और प्रियदर्शिनी तिवारी के परिवारों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने घायल प्रशाली तिवारी जो वर्तमान में लखनऊ के केजीएमयू में इलाजरत हैं के बेहतर इलाज के लिए तत्काल 50,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। विपिन प्रकाश सिंह ने परिवारों को भरोसा दिलाया कि प्रशाली का इलाज चाहे लखनऊ में जारी रहे या दिल्ली के किसी बड़े अस्पताल में शिफ्ट करना पड़े, पूरा खर्च वे खुद उठाएंगे। उन्होंने कहा, यह छोटी-सी मदद है, लेकिन भविष्य में वे बेटियों के परिवार का दर्द समझते हुए उनके साथ खड़े हैं। इलाज में कोई कमी नहीं आने देंगे। यह मदद सदमे में डूबे परिवारों के लिए बड़ी राहत है। गौरतलब हो कि विगत 18 जनवरी को हादसे में स्कूटी सवार तीन छात्राओं को मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने कुचल दिया था, जिसमें आनवी (16 वर्ष, कक्षा 11) और प्रियदर्शिनी (14-16 वर्ष, कक्षा 8) की मौत हो गई थी, जबकि प्रशाली (19 वर्ष) गंभीर घायल हैं। परिवारों ने सपा नेता की इस संवेदनशील पहल की सराहना की है।

# यू पी दिवस पर जनसेवा का कार्यक्रम, अमरेन्द्र सिंह पिंटू ने सैकड़ों जरूरतमंदों को बांटे कम्बल

- वरिष्ठ विधानपरिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह सिंह मुख्य अतिथि और भाजपा के प्रदेश मंत्री शंकर गिरि, विशिष्ट अतिथि रहे

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी/भादर।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 130वें मन की बात कार्यक्रम पर अयोध्या नगर बाजार में कंबल वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान भाजपा नेता अमरेंद्र सिंह पिंटू ने जरूरतमंदों और गरीब लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से कंबल का वितरण किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक भादर के विभिन्न गांवों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोग पहुंचे। अमरेंद्र सिंह पिंटू और उनकी टीम के सदस्यों ने सुव्यवस्थित ढंग से कंबलों का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद मंच पर उपस्थित अतिथियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया।

समारोह में विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) शैलेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष दीपक सिंह और पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा सहित कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद थे। विशिष्ट अतिथि शंकर गिरी ने मंच से सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया।

इस अवसर पर समाजसेवी अमरेंद्र सिंह पिंटू ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को जन-जन से जोड़ने वाला प्रेरणास्रोत बताया।

# दहेज हत्या के आरोपित पति की खेत में मिली लाश

- ढाई महीने पहले फंदे से लटका मिला था पत्नी का शव

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** ढाई माह पूर्व अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति की गन्ने की खेत में लाश मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार रविवार सुबह मनिकौरा के गोलाघाट गांव से करीब 50 मीटर की दूरी पर स्थित गन्ने के खेत में सुबह आठ बजे पत्ती लेने गई दस वर्ष की बच्ची मुंह के बल पड़े युवक को देख घबरा गई। शोर मचाते हुए वह गांव की ओर भागी। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो शव देखे। शव की पहचान गांव के ही 22 वर्ष के भोला उर्फ आर्यन प्रजापति के रूप में हुई। खेत में शव होने की खबर इलाके में फैल गई। मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। चौकीदार ने इसकी सूचना कोतवाली पडरौना में दी। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। युवक के गले में नायलान की रस्सी बंधी थी। शरीर पर कोई चोट नहीं था। प्रभारी निरीक्षक ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी।

सीओ सदर डॉ. अजय कुमार सिंह ने मौके पर पहुंच घटना की जानकारी ली। फारेंसिक टीम बुलाई गई। कोतवाली पुलिस संग फारेंसिक टीम ने भी जरूरी साक्ष्य एकत्रित किए। गांव के लोगों के अनुसार परिवार में भोला व उसकी 55 वर्ष की मां सुगंती हैं। बेटे के शव मिलने की खबर पाते ही वह बिलख उठीं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक ने आत्महत्या की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। मृत्यु का कारण हैंगिंग, आया है। भोला दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित था।

### सात माह पूर्व किया था प्रेम विवाह

भोला उर्फ आर्यन का बगल के गांव चैती मुसहरी की सपना से प्रेम प्रसंग था। करीब सात माह पहले दोनों ने प्रेम विवाह किया था। शुरूआत में सबकुछ ठीक था। पर कुछ समय बाद दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। ढाई माह पूर्व सपना का शव कमरे में छत की कुंडी से दुपट्टा के सहारे लटका मिला। सपना के पिता ने भोला उर्फ आर्यन व उसकी मां सुगंती के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया था।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**कुशीनगर।** पिपरा कनक खास गांव के पश्चिम दिशा में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। पुलिस ने स्थिति संदिग्ध प्रतीत होने पर फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। मृतक की पहचान गांव निवासी 18 वर्षीय नसरूद्दीन पुत्र निजामुद्दीन के रूप में हुई है। घटना के बाद मृतक के स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

थाना प्रभारी धीरेन्द्र कुमार राय ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# एसआईआर कार्य का विधायक ने किया निरीक्षण, ली जानकारी



अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर 3, संत गाडगेनगर नगर (सपहा) स्थित पंचायत भवन पर रविवार को कुशीनगर विधायक पी.एन पाठक ने पहुंचकर विशेष मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के द्वितीय चरण के कार्यों का निरीक्षण किया।

सपहा पंचायत भवन पर बूथ संख्या 370, 371, 366, 367 समेत कई बूथों पर विधायक पी.एन पाठक ने भाजपा कार्यकर्ताओं और बीएलओ के साथ बैठक कर फार्म 6 के माध्यम से लोगो का फार्म भरवाया और लोगों को प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान विधायक श्री पाठक ने बीएलओ से फार्म-6 प्राप्त होने की स्थिति सहित अन्य बिंदुओं पर आंकड़ेवार जानकारी ली। प्रगति की जांच की। मतदाताओं को सूची पढ़कर सुनाने का निर्देश दिया। कहा छूटे हुए पात्र मतदाताओं को प्रपत्र-06 जल्द भरवाया जाए साथ ही विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में गुणवत्ता, यथार्थतता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है। विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं से विस्तारपूर्वक चर्चा कर छूटे लोगों का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने में सहयोग करने की बात कही। इस दौरान आद्या पांडेय, राज,अमरजीत कुशवाहा, सूर्यनाथ यादव, बीएलओ अनिता गुप्ता, राकेश,राजेश कुशवाहा समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अवैध तमंचे व कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार



**अमेठी /मुसाफिरखाना।** रविवार को पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। युवक के पास से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। बाइक का कागजात वह प्रस्तुत नहीं कर सका। क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर एक मोटरसाइकिल सवार युवक को रोका गया। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से एक तमंचा और 315 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान शिवांक प्रताप सिंह (20 वर्ष) के रूप में हुई है, जो सुल्तानपुर जिले के कुड़वार थाना क्षेत्र के ग्राम वैश का पुरवा, मजरा नौगवां का निवासी है। उसकी मोटरसाइकिल संख्या UP 44 BV 2090 के कागजात भी नहीं मिले। पुलिस ने अभियुक्त शिवांक प्रताप सिंह के खिलाफ मु0अ0सं0 16/26 धारा 9/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त, मोटरसाइकिल को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के तहत सीज कर दिया गया है।

## सड़क दुघर्टना में ट्रेलर चालक की मौत



**अमेठी ।** रामगंज थाना क्षेत्र में त्रिसुंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार की देर रात लगभग 2 बजे प्रयागराज की ओर जा रहा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर अपने सामने जा रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर का अगला केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसका चालक अंदर फंस गया। सड़क दुघर्टना में सूचना पर स्थानीय ग्रामीण और रामगंज पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस और ग्रामीणों ने गैस कटर मंगवाकर ट्रेलर के केबिन को काटा। इसके बाद चालक को बाहर निकाला जा सका। उसे तुरंत एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान सुल्तानपुर निवासी सोनू चौरसिया (लगभग 35 वर्ष) के रूप में हुई है। वह ट्रेलर लेकर सुल्तानपुर से प्रयागराज जा रहा था। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। रामगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने फरार ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

## झटका मशीन की चपेट में आने से किसान की मौत

**लम्भुआ/सुलतानपुर।** थाना लम्भुआ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम देलहाँ, पोस्ट गावपुर निवासी जब्बार पुत्र खैराती की हाई वोल्टेज झटका मशीन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के 24 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज न होने से पीड़ित परिवार में रोष व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जब्बार शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे घर से घास काटने के लिए निकले थे। इसी दौरान गांव के ही गया प्रसाद व राजेन्द्र प्रसाद सिंह द्वारा दशरथ सिंह के खेत में लगाए गए हाई वोल्टेज झटका मशीन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलस गए। घटना की सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में उन्हें लम्भुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना लम्भुआ में तहरीर देकर नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि घटना को एक दिन से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस द्वारा अब तक थ्स् दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

# सपा की 'सम्मान जागरण यात्रा' का दूसरा चरण शुरू, भारी जनसमर्थन

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** पूर्व विधायक अनूप संडा 188 सुल्तानपुर के नेतृत्व में सैकड़ो समाजवादी कार्यकर्ताओं के साथ शांति, सद्भाव, सशक्त लोकतंत्र,सामाजिक न्याय तथा डॉक्टर अंबेडकर के विचारों को घर-घर पहुंचने का संकल्प लेते हुए पांच दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान पदयात्रा के दूसरे चरण का शुभारंभ हुआ। पदयात्रा के द्वितीय चरण में विधानसभा 188 के जयसिंहपुर तथा कूरेभार ब्लॉक में लगभग 100 किलोमीटर भ्रमण होगा। यात्रा का शुभारंभ समाजवादी पार्टी सुल्तानपुर के जिला अध्यक्ष रघुवीर यादव एवं महासचिव द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। यात्रा के प्रारंभ में लोकतंत्र की मजबूती तथा सामाजिक न्याय एवं समरसता स्थापित करने के लिए संघर्ष का संकल्प करते हुए पूर्व विधायक एवं प्रवक्ता अनूप संडा ने कहा कि पीडीए समाज को सम्मान एवं न्याय दिलाने के लिए जागरूकता एवं संघर्ष की आवश्यकता है आम आदमी समृद्धि एवं सुरक्षित तभी होगा जब प्रदेश में शांति एवं सद्भाव हो। परंतु वर्तमान भाजपा सरकार आम जनमानस व्यापारियों किसानों एवं महिलाओं तथा पीडीए समाज का उत्पीड़न एवं दोहन कर रही है इसलिए समाजवादी कार्यकर्ता पदयात्रा के माध्यम से संविधान एवं सम्मान को बचाने हेतु, एसआईआर प्रक्रिया के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा फॉर्म 6 के माध्यम से लोगों को नए वोट जोड़ने हेतु प्रेरित करने का काम कर रहे हैं। यात्रा में शामिल समाजवादी कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संदेश जनवादी गीतों एवं नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। पीडीए जागरण एवं सम्मान यात्रा के स्वागत में डाकखाना चौराहे पर नदीम और धर्मेंद्र राजू चौधरी व विकास चौरसिया, नॉर्मल चौराहे चौराहे पर इरफान पिंटू, शारिक कुरैशी, गार्डन व्यू होटल पर जयंत द्विवेदी, घेर्राऊ मार्केट में बुद्धू चाचा लोलेपुर तबरेज भाई की दूकान पर शाहिद भाई, इस्मत भाई, कमनगढ़ में सानू प्रधान, जयप्रकाश चौरसिया, सिरवारा प्रथम में मोटे भाई, महमूद भाई, सिरवारा द्वितीय में सलमान भाई फत्तेपुर में भारत यादव, पठानीपुर में सोनू पूर्व प्रमुख, वारिस भाई, हरिहरपुर ग्राम से रेशमा वर्मा, शिवगढ़ अनीता पाल, ननका यादव, सूरजकली, इंद्रावती आदि भाग ले रही हैं।

### युवा वनबिहार कार्यक्रम' का हुआ आयोजन

**सुलतानपुर।** कुशभवनपुर नगर स्थित पर्यावरण पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने 25 जनवरी 2026 को 'युवा वनबिहार कार्यक्रम' का आयोजन किया। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सेवा भाव की अलख जगाना था। युवाओं ने विभिन्न खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। नगर संघचालक अमरपाल ने अपने संबोधन में संघ की देश सेवा की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए यह समझना आवश्यक है कि संघ देश में क्या सेवा कर रहा है। संघ न केवल शारीरिक और मानसिक विकास पर जोर देता है, बल्कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भागीदारी को भी बढ़ावा देता है। संघ शताब्दी वर्ष (1925 से 2025) के अवसर पर पूरे देश में ऐसे सैकड़ों कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य युवा पीढ़ी को संघ के मूल्यों से जोड़ना है।कार्यक्रम में अनूप, अर्चित, सुशील, अभिषेक, आदर्श, राजन, दिलीप, तारेश्वर, कौतुक, कुलदीप, लवलेश, मनोज, राजन, शेर बहादुर, वेद, नीरज आदि स्वयंसेवक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता प्रत्येक निर्वाचन में भागीदारी करायें सुनिश्चित : सीडीओ



अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलैक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, कर्मचारियों को शपथ दिलाते हुये कहा कि प्रत्येक मतदाता निर्वाचन में बिना किसी भेद-भाव, लालच, धर्म, वर्ग जाति से ऊपर उठकर बिना किसी प्रलोभन के देश हित में मताधिकार करें और सुयोग्य, स्वच्छ, ईमानदार छवि के जन प्रतिनिधि चुनकर भेजे, लोकतंत्र को मजबूत बनाने, देश, प्रदेश के सर्वागीण विकास में महती भूमिका अदा करें, देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखें, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुये निर्भीक होकर किसी के प्रलोभन से प्रभावित हुये बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए युवा अपना योगदान दें, मतदान करते समय देशहित को सर्वोपरि रखे और साफ-सुथरी छवि के प्रत्याशी के पक्ष में अपना मताधिकार करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी श्याम लता आनन्द, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज यादव, जिला आबकारी अधिकारी हितेन्द्र शेखर, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरुण, एस.ओ.सी. चकबंदी परवेज, नाजिर रोहित दुबे, सहित कलेक्ट्रेट के अनुभाग प्रभारी, अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मणिकर्णिका घाट पर ध्वस्तीकरण के निरीक्षण के पूर्व ही सपा नेता विष्णु शर्मा हाउस अरेस्ट





- एमएलसी आशुतोष सिंह सहित कई सपा कार्यकर्ताओं को लहुराबीर चौराहे से पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** मणिकर्णिका घाट हो रहे ध्वस्तीकरण एवं शंकराचार्य अवमुक्तेश्वरानंद के अपमान को लेकर सपाईयो के घरो पर देर रात से ही पुलिस फोर्स तैनात कर नजर बंद कर दिया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर मणिकर्णिका घाट पर ध्वस्तीकरण को लेकर सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने पत्र जारी कर स्थानीय पदाधिकारी एवं सासंदो का प्रतिनिधिमंडल भेजकर स्थलीय निरिक्षण कर रिपोर्ट के लिए कहा गया था। पुलिस प्रशासन को भनक लगते ही देर रात लोहटिया निवासी सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा विश्वकर्मा समेत कई सपा नेताओ के घर पर पुलिस फोर्स तैनात कर हाउस अरेस्ट कर लिया गया । सपा नेता विष्णु शर्मा विश्वकर्मा के लोहटिया स्थित आवास पर रात्रि दस बजे ही भारी पुलिस बल एवं पीएसी बल तैनात कर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक स्वयं पुरी रात खड़े रहे । नजर बंद किए गए नेताओ मे प्रमुख रूप से सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा विश्वकर्मा सपा नेता लालू यादव, संदीप मिश्रा, हरीश मिश्रा, दीपचंद गुप्ता,किशन दिक्षित, अमन यादव, शुभम सेठ गोलू, रहे। वही एमएलसी आशुतोष सिंह को भी लहुराबीर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया क्या उनके साथ भी दर्जनों समाजवादी कार्यकर्ता रहे।

# सेन्ट्रल बार एसो. ने सांसद धर्मेन्द्र यादव को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के सभागार में सांसद धर्मेन्द्र यादव जी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रसाद मौर्य एडवोकेट तथा संचालन मंत्री राना अजेय प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

कार्यक्रम शुभारम्भ सांसद धर्मेन्द्र यादव जी द्वारा माँ सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। सर्वप्रथम श्री कौशल कुमार राय जी द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात संघ की मांग सभागार के विस्तार हेतु सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के सदस्यों के आग्रह को सहर्ष स्वीकार करते हुए सांसद धर्मेन्द्र यादव द्वारा सभागार एवं पुस्तकालय के विस्तार हेतु घोषणा की गयी है। और यह कहा कि भविष्य में भी आपकी मांगों को पूरा करते रहेंगे। स्वागत समारोह में श्री हवलदार यादव जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, श्री प्रभाकर सिंह अध्यक्ष दीवानी बार एसोसिएशन, शत्रुघ्न सिंह एडवोकेट, जयप्रकाश राय एडवोकेट, आद्या प्रसाद सिंह एडवोकेट, प्यारे मोहन श्रीवास्तव एडवोकेट, दिनेशचन्द्र श्रीवास्तव एडवोकेट, दिनेश सिंह एडवोकेट, रवीन्द्र, आशीष अन्य सभी सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे। इसके अलावा जनपद-मऊ एवं बलिया से आये हुए अन्य सम्मानित अधिवक्तागण भी उपस्थित रहे। अन्त में सेन्ट्रल बार एसोसिएशन मण्डल आजमगढ़ के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रसाद मौर्य जी द्वारा उपस्थित सम्मानित अधिवक्तागण का आभार व्यक्त किया।

# एम.एस.एम.ई उद्योगों को भी बिजली में छूट दे : राजेश कुमार सिंह

- उद्योग चलेगा तो जीडीपी ग्रोथ भी बढ़ेगा : बृजेश गुप्ता

**अवधनामा ब्यूरो**




**वाराणसी।** आज लघु उद्योग भारती संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक मलदहिया, वाराणसी स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में केंद्र व राज्य सरकार से यह मांग की गई कि जिस प्रकार आज़ादी के बाद से बुनकरों को बिजली दरों में विशेष छूट दी जा रही है, उसी प्रकार सभी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उद्योगों को भी बिजली में छूट प्रदान की जाए।

लघु उद्योग भारती के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि एमएसएमई उद्यमियों के योगदान से आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और शीघ्र ही तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यदि सरकार बुनकरों की तर्ज पर सभी उद्यमियों को बिजली में छूट दे, तो स्वदेशी उत्पादों की लागत में कमी आएगी और गुणवत्ता में वृद्धि होगी, जिससे भारतीय उत्पाद विदेशी वस्तुओं के साथ प्रभावी प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। इससे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के स्वदेशी को बढ़ावा देने के आह्वान को भी मजबूती मिलेगी।

कृषि यंत्र निर्माता गुलज़ारी लाल गुप्ता ने कहा कि बिजली में छूट मिलने से कृषि यंत्र सस्ते होंगे,जिसका सीधा लाभ देश के अन्नदाता किसानों को मिलेगा।

लघु उद्योग भारती काशी के अध्यक्ष ज्योति शंकर मिश्रा ने कहा कि,आज़ादी के बाद से पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा केवल बुनकर समुदाय को बिजली में छूट दी गई, जबकि अन्य उद्योगों को भी समान रूप से यह लाभ मिलना चाहिए।

काशी के महामंत्री बृजेश गुप्ता ने बताया कि यदि विभिन्न उत्पादों से जुड़े कुटीर एवं लघु उद्यमियों को बिजली में छूट दी जाती है,तो इससे देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बैठक में प्रवेश सिंह,अजय गुप्ता,सिद्धार्थ गुप्ता दिलीप गुप्ता,मनीष चौबे,गुलज़ारी लाल गुप्ता,ज्योति शंकर मिश्रा, बृजेश गुप्ता सहित अनेक उद्यमी उपस्थित रहे।

# डीएम ने बैठक कर नदी को स्वच्छ बनाने की दिशा में दिए निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में चर्चा के दौरान कहा कि कुछ लोग समाज की सामूहिक प्रयासों की शक्ति से रास्ता निकालने का प्रयास करते हैं, ऐसा ही एक प्रयास उत्तर प्रदेश के जनपद आजमगढ़ में सामने आया है। आजमगढ़ से होकर गुजरने वाली तमसा नदी को लोगों ने नया जीवन दिया है। मा0 प्रधानमंत्री जी ने कहा कि तमसा केवल एक नदी ही नही है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की सजीव धारा है। उन्होने कहा कि अध्योध्या से निकलकर गंगा में समाहित होने वाली यह नदी कभी इस क्षेत्र के लोगों के जन जीवन की धूरी हुआ करती थी, लेकिन पूदूषण की वजह से इसकी अविरल धारा में रूकावट आने लगी थी। उन्होने कहा कि गाद, कूड़ा-कचरा और गंदगी ने तमसा नदी के प्रवाह को रोक दिया था, इसके बाद यहां के लोगों ने तमसा को एक नया जीवन देने का अभियान शुरू किया, नदी की सफाई की गयी, नदी के किनारों पर छायादार, फलदार पेड़ लगाये गये।

स्थानीय लोग कर्तव्य भावना से इस कार्य में जुटे थे और सबके प्रयास से नदी का पुनरोद्धार हो गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार द्वारा अप्रैल 2025 में कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात लगातार प्रदेश सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी क्रम में उन्होने प्रदेश सरकार की सबसे महत्वपूर्ण नदी पुनरोद्धार योजना को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेते हुए जनपद की ऐतिहासिक, पौणाणिक, धार्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण तमसा नदी को पुनर्जिवित करने की उठायी थी जिम्मेदारी। उन्होंने तमसा नदी के तट पर स्थित चन्द्रमा ऋषि आश्रम का लगातार भ्रमण किया एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर नदी के पुनरोद्धार की कार्ययोजन तैयार कराया। जिलाधिकारी ने तमसा नदी के जल को साफ एवं स्वच्छ बनाने के लिए सफाई कर्मचारियों की तैनाती सुनिश्चित की। जिलाधिकारी महोदय के निर्देश पर मनरेगा, स्वयं सेवी संगठनों एवं आम जनमानस के सहयोग से जनपद के अन्दर 89 किलोमीटर में बहने वाली तमसा नदी से गाद, प्लास्टिक, कचरा एवं दाह संस्कार के पश्चात फेंके हुए कपड़ों को हटाकर सफाई करायी गयी एवं तमसा नदी के जल को नहाने एवं आचमन योग्य बनाया गया। जिलाधिकारी महोदय के प्रयास से जिला गंगा समिति एवं स्थनीय लोगों से सहयोग से एक विशेष अभियान चलाया गया। तमसा नदी गंगा की सहायक एवं प्राचीन नदी है, यदि नदी अयोध्या, अंबेडकरनगर, आजमगढ़ एवं मऊ से प्रवाहित होते हुए जनपद बलिया में गंगा नदी में मिल जाती है। तमसा नदी का पुनर्जीवन, गंगा की सहायक नदियों की सफाई एवं संरक्षण के लिए एक व्यापक एवं प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करता है। नमामि गंगे एक व्यापक एवं समग्र परियोजना है, जिसके अन्तर्गत गंगा एवं सहायक नदियों एवं छोटो नदियों से संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता में सुधार एवं पर्यावरण संतुलन बनाये रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। तमसा नदी जनपद आजमगढ़ में लगभग 89 किमी के क्षेत्र में फैली हुई है तथा इसके किनारे जनपद के 111 ग्राम पंचायतें पड़ती है।जिलाधिकारी ने शुरू से ही समस्त ग्राम पंचायतों के साथ जनपद स्तर पर बैठक कर उन्हें नदी की सफाई एवं उससे मिलने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया।

जिलाधिकारी के प्रयासों से जहां नदी पट गयी थी, वहां से गाद निकलवाया गया तथा नदी के किनारे से गंदगी को हटाया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत नदी के किनारे की खाली जमीनों की पैमाइश कराते हुए अवैध अतिक्रमण को हटाकर फलदार एवं छायादार वृक्ष लगवाये गये, जिसके फल एवं लकड़ी का प्रयोग वहां की ग्राम पंचायतों को होगा। जिलाधिकारी महोदय के मार्गदर्शन में नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत स्टेट मिशन फार क्लीन गंगा और जिला गंगा समिति के समन्वय से तमसा नदी के संरक्षण और पुनरोद्धार के लिए व्यापक प्रयास किया गया।

# एसआईआर में हो रही अनियमितताओं को लेकर सपा प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मिलकर विरोध दर्ज कराया

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पार्टी जिला अध्यक्ष व विधायक का प्रतिनिधिमंडल एसआईआर में हो रही अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर जिलाधिकारी प्रशासन से मिलकर विरोध दर्ज कराया और मांग पत्र प्रस्तुत किया। 12 सूत्रीय मांग पत्र में नो मैपिंग, ड्राफ्ट में श्रेणी से स्पष्टीकरण मांगने निचले स्तर चुनाव में लगे कर्मचारियों के ऊपर भाजपा नेताओं के दबाव नियम संगत कार्य न करने प्रमाण पत्र के नाम पर मतदाताओं को परेशान करना, फॉर्म 6 की पर्याप्त व्यवस्था न होना, समाजवादी पार्टी के बीएलएस को बीएलओ द्वारा समन्वय न किया जाना, कारा किरायेदारी के नाम फर्जी मतदाता बनाने की साजिश करने संबंध आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि एसआईआर ईमानदारी पूर्ण हो रहा है यदि किसी कर्मचारी द्वारा अनियमितता की गई तो उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में लालगंज सांसद दरोगा प्रसाद सरोज, जिला अध्यक्ष हवलदार यादव, पूर्व मंत्री दुर्गा प्रसाद यादव, विधायक डॉ संग्राम यादव, विधायक डॉ एच एन सिंह पटेल,अखिलेश यादव, श्रीमती पूजा सरोज, अजीत कुमार राव आदि थे। प्रेस वार्ता के दौरान सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा कि मोदी योगी की सरकार संविधान व लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने प्रत्येक व्यक्ति को वोट देने का अधिकार दिया लेकिन भाजपा एसआईआर के आधार पर पिछड़ों, वंचितों, दलितों अल्पसंख्यकों का वोट कटवा कर मतदान से वंचित करना है।

# सिद्धार्थनगर का लाल निर्देशक विनीत शुक्ल ने यूकिं के शेफील्ड शहर में मचाया धमाल

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सदर विधानसभा से पूर्व विधायक स्व0 ईश्वर चन्द शुक्ल के पौत्र व जिले के उसका बाज़ार विकास खण्ड के पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रभात शुक्ल के पुत्र विनीत शुक्ला ने यूनाइटेड किंगडम के शेफील्ड शहर में बेघर लोगों की ज़िंदगी, सामाजिक उपेक्षा और सहायता संस्थाओं की भूमिका पर आधारित डॉक्यूमेंट्री बनाकर धमाल मचा दिया है।

निर्देशक विनीत शुक्ला की यह फिल्म सड़कों पर रह रहे लोगों की व्यक्तिगत कहानियों के साथ-साथ यह भी दिखाती है कि एनजीओ, सामाजिक संस्थाएं और सरकारी नीतियाँ इस समस्या से निपटने की कोशिश कैसे कर रही हैं। फिल्म का उद्देश्य सहानुभूति पैदा करना और समाज को ज़िम्मेदारी की ओर प्रेरित करना है। यह फिल्म केवल एक रचनात्मक प्रयास नहीं है, बल्कि सामाजिक शोध और जनहित से जुड़ा डॉक्यूमेंट्री कार्य है, जिसे अकादमिक और मानवाधिकार मंचों पर भी मान्यता मिली है। विनीत शुक्ला एक K-आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्ममेकर और रिसर्चर हैं, जो शहरी जीवन, सामाजिक असमानता और अदृश्य श्रम जैसे विषयों पर काम कर रहे हैं। फिल्ममेकर विनीत शुक्ला की डॉक्यूमेंट्री फिल्म No Place Like Home: In Search of a Safe Haven यूनाइटेड किंगडम के शेफील्ड शहर में बेघर लोगों की ज़िंदगी पर आधारित है।

यह फिल्म सड़कों पर रहने वाले लोगों की व्यक्तिगत कहानियों के साथ-साथ सहायता संस्थाओं और सरकारी नीतियों की भूमिका को भी सामने लाती है। इस फिल्म को जर्मनी के गैर-लाभकारी संगठन Knowmad Institut द्वारा आयोजित मानवाधिकार शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल 2024 में पुरस्कार मिला है और यह Lift-Off Global Sessions 2025 के लिए भी चयनित हुई है।

# गणतंत्र दिवस मनाने हेतु रूप-रेखा निर्धारित

- जनपद में गणतंत्र दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा : डीएम
- गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम प्रधान ग्राम पंचायतों में बैठक आहूत करते हुए ग्रामवासियों को आमंत्रित कर उद्बोधन दें : जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि गणतंत्र दिवस समारोह जनपद में गत वर्ष की भाति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा, दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर तिरंगा झण्डा लगाएं जिससे गणतंत्र दिवस के उल्लास का माहौल बन सके, 26 जनवरी,2026 को प्रातः काल 8.30 बजे सरकारी भवनों पर राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा, इस अवसर पर राष्ट्रगान के गायन के साथ ही संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रातः 9.30 बजे पुलिस परेड, पुलिस लाइन में सम्पन्न होगा, पुलिस लाइन में परेड का सम्पूर्ण कार्यकम भव्य रूप से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल संयोजन में प्रारम्भ होगा। प्रातः 10:00 बजे समस्त शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान सामूहिक रूप से किया जायेगा। समस्त शिक्षण संस्थानों में इस अवसर पर ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए जिसमें राष्ट्रगान जन-गण-मन का सामूहिक गायन अवश्य हो। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का इतिहास बताया जाय और सशक्त सैन्य बलों के बलिदान का नमन करते हुए देश भक्तों के जीवन के प्रेरक प्रसंग दोहराए जाय, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। अपरान्ह 01:00 बजे शहीद स्मारक ग्राम परासी दूबे एवं लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह के सामने नेहरू पार्क में शहीदों की श्रद्धाजलि का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पूर्वान्ह 11.00 बजे नगर पालिका द्वारा कम से कम 04 मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। मलिन बस्तियों की भी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विशेष सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, गणतंत्र दिवस के पूर्व नगर एवं ग्रामीण अंचलों के समस्त मलिन बस्तियों की साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया जायेगा। दिन में शिक्षण संस्थाओं में खेद-कूद साइकिल रेस दंगल आदि का आयोजन किया जाये। इस संबंध में खेल विभाग द्वारा जारी किये गये आदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाये। 26 जनवरी, 2026 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर प्रात 09:15 बजे से तियरा स्टेडियम में कास कन्ट्री रेस आयोजित की जायेगी उन्होंने बताया कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर जो भी प्रतियोगिता आयोजित की जाये उसमें सारगर्भित उद्बोधन किया जाये। इस मौके पर समस्त ग्राम प्रधानों को पत्र भेजकर सुनिश्चित कराएं कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त ग्राम प्रधान अपने ग्राम पंचायतों में बैठक आहूत करते हुए ग्रामवासियों को आमंत्रित कर अपना सारगर्भित उद्बोधन दें। समस्त शिक्षण संस्थानों में प्रधानाध्यापक द्वारा छात्रों के मध्य सारगर्भित उद्बोधन देते हुए संवैधानिक इतिहास तथा उसके विकास के बारें में अवगत कराया जाये। उन्होंने बताया कि जनपद में निवास करने वाले व्यक्ति अपने निजी भवनों व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर 25 व 26 जनवरी,2026 की रात्रि तक लाइटिंग कराएं। राजकीय भवनों पर दो दिन अर्थात 25 एवं 26 जनवरी 2026 को प्रकाश की व्यवस्था अवश्य करायी जाये। व्यापार मण्डल की तरफ से बाजारों में 100-200 मीटर की गैप के बाद टेन्ट लगवा कर वहां 26 जनवरी को प्रातः 5.00 बजे से देशभक्ति गीतों का प्रसारण कराया जाये।

## रतन्ती चतुर्दशी के अवसर पर रानी भवानी ट्रस्ट द्वारा कंबल वितरण



**वाराणसी।** रानी भवानी एण्डालेमेन्ट ट्रस्ट द्वारा रानी भवानी मंदिर पांडे घाट स्थित मंदिर प्रांगण में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गरीब और निर्धन के लिए कमर वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज रविवार को किया गया। यह प्रति वर्ष रतन्ती चतुर्दशी काली पूजा के उपलक्ष में रानी भवानी मंदिर में किया जाता है। कार्यक्रम में पहुंचे सभी वृद्ध एवं असहाय लोगों को ट्रस्ट की तरफ से 100 कंबल वितरित किया गया। संचालन तारकनाथ गांगुली एडवोकेट ने किया। आयोजित समारोह में प्रबंधक श्यामा प्रसाद कुंडू ने लोगों का आभार व्यक्त करते हुए संस्था के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से स्वरूप चक्रवर्ती,तारकनाथ गांगुली,डॉ.एस एस गांगुली,श्यामा प्रसाद कुंडू,अर्जुन कुंडू,विजय शेखर रस्तोगी(अधिवक्ता) मौजूद रहे।

## श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की लगी कतार



**वाराणसी।** रतनती चतुर्दशी के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम पर श्रद्धालुओं की लंबी कतार सुबह से ही देखी गई। लाखों श्रद्धालु लंबी कतार के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचने के लिए कतारबद्ध दिखे। वहीं रविवार को श्री काल भैरव मंदिर सहित आदि विशेश्वरी मंदिर एवं मंगला गौरी, केदारेश्वर महाराज, बिरला टेंपल,संकट मोचन मंदिर में भी श्रद्धालुओं का रेला देखा गया ।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सुनी पीएम के मन की बात

**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 130वें संस्करण को जिला मुख्यालय के भीमापार बूथ पर जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान ने पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ सुना। रविवार को मन की बात कार्यक्रम के जरिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने %राष्ट्रीय मतदाता दिवस% की समस्त मतदाताओं को बधाई दी तथा साथ ही स्टार्टअप से जुड़े व स्टार्टअप का शुभारंभ करने वाले युवाओं को भी बधाई दी। कहा कि आज भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप बन चुका है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने समस्त देशवासियों को क्वालिटी पर जोर देने का मंत्र दिया। मन की बात के माध्यम से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ से होकर गुजरने वाली तमसा नदी का भी जिक्र किया। अयोध्या से निकलकर गंगा में समाहित होने वाली इस नदी के पवित्र जलधारा में कुछ रूकावटों को देखते हुए स्थानीय लोगों ने साफ-सफाई की तथा साथ ही इस नदी के किनारों पर छायादार, फलदार पेड़ भी लगाए गए। तमसा सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत की एक जीवित धारा है। मन की बात सुनने के उपरांत जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मन की बात आज जन-जन के मन की बात बन चुका है, जिससे देशवासी जुड़कर अपने भविष्य को सशक्त, समृद्ध और संवारने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

# भव्य तरीके से जनपद में मनाया गया 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस

- 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को मताधिकार का प्रयोग करने से सम्बन्धित दिलायी गयी शपथ*
- जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिलाई मतदान की शपथ, बच्चों के नुक्कड़ नाटक ने मोहा मन



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में आज जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर में 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बी0एन0 सिंह ने उपस्थित जनसमूह को लोकतांत्रिक मर्यादाओं को बनाए रखने और निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि मतदाता के बिना चुनाव प्रक्रिया शून्य है, लोकतंत्र में मतदाताओं से बड़ा कोई नहीं है।

उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव प्रक्रिया में मतदाता सबसे अहम हिस्सेदार होता है। यदि मतदाता जागरूक नहीं है, तो पूरी निर्वाचन प्रक्रिया शून्य के समान है। उन्होंने खुशी जाहिर की कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष का कार्यक्रम अधिक सुव्यवस्थित और भव्य रहा। इस दौरान उन्होंने जनपदवासियों को मतदाता दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जब हम 18 वर्ष के हो जाते हैं, तब हमें लोकतांत्रिक व्यवस्था में वोट देने का अधिकार मिल जाता है, लोकतंत्र में मतदान दिवस को त्यौहार के रूप में मनाया जाता है, बी0एल0ओ0 का लोकतंत्र में बहुत महत्वपूर्ण कार्य होता है, वोटर लिस्ट की शुद्धता बी0एल0ओ0 के ऊपर निर्भर करती है, नये वोटर जोड़ना, घटना, शिफ्ट करना बी0एल0ओ0 की जिम्मेदारी होती है, उन्होंने कहा कि जितनी पारदर्शी मतदाता सूची बनती है, उतना ही निष्पक्ष चुनाव होता है, उन्होंने कहा कि हर मतदाता की यह जिम्मेदारी होती है कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान अवश्य करें और मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपनी भागीदारी निभायें और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनायें। उन्होंने कहा कि जाति, धर्म व बिना किसी भेद-भाव के मतदान करना चाहिए, उन्होंने कहा कि 1 जनवरी,2026 को अपनी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवतियां को मतदाता सूची में नाम शामिल करने हेतु जागरूक किया जाये। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दी जागरूकता की सीख कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नुक्कड़ नाटकों की शानदार प्रस्तुति दी गई। बच्चों के हुनर की प्रशंसा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इन नन्हे कलाकारों ने अपने अभिनय से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए हैं। उन्होंने बच्चों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जन-जागरूकता फैलाने में कला सबसे सशक्त माध्यम है। इस दौरान एस0आई0आर0 अभियान व निर्वाचन कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनपद के बी0एल0ओ0 को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ, ग्राम रोजगार सेवक, शिक्षा मित्र और पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले ये कर्मी लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी हैं। इस दौरान जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निकाली गयी बाईक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वागीश कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) श्री रमेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी श्री हेमन्त कुमार सिंह, डी0सी0 मनरेगा श्री रवीन्द्र वीर सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री नमिता शरण, जिला विद्यालय निरीक्षक श्री जय राम सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री मुकुल आनन्द पाण्डेय, सहायक पर्यटन अधिकारी श्री राजेश भारती, सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री जगरूक पटेल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्री सुधांशु शेखर शर्मा, जिला दिव्यांगजन एवं शक्तिनगरण अधिकारी विद्या देवी, जिला दिव्यांग ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री दिव्यतोष मिश्रा, शिक्षकगण, वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## मेट्रो सुरक्षा गार्ड की ईमानदारी से खोया बैग सुरक्षित मिला

**लखनऊ।** लखनऊ मेट्रो के चर्चित लॉस्ट एंड फाउंड सेल यात्रियों के लिए लगातार मददगार साबित हो रहा है। सेल ने एक बार फिर सुरक्षित यात्री सेवा और ईमानदारी का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। शनिवार को दोपहर मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन पर ट्रेन चेकिंग के दौरान सुरक्षा गार्ड को एक बैग मिला। इस बैग में एक लाख रुपये नकद एवं अन्य ज़रूरी सामान था। सुरक्षा गार्ड ने ईमानदारी का परिचय देते हुए तुरंत इस बैग को स्टेशन कंट्रोलर के पास जमा कराया। स्टेशन कंट्रोलर ने आवश्यक कार्रवाई के बाद यात्री को दोपहर 12:40 बजे उनका बैग सुरक्षित उन्हें लौटा दिया गया। लखनऊ मेट्रो के स्टाफ की तत्परता और त्वरित कार्रवाई से यात्री को मात्र 20 मिनट में उनका खोया बैग सुरक्षित मिल गया।










## महिला के साथ की मारपीट, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पीजीआई थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंती निवास आम्रपाली रायबरेली रोड निवासी महिला एवं उनकी 2 बेटियों के साथ मारपीट का एक संगीन मामला सामने आया है जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है, जहां अभिलेखों में पार्क के रूप में दर्ज भूमि पर अवैध निर्माण कराने से मना करने पर महिला के रिश्ते में लगने वाले जेठ राकेश पांडेय द्वारा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। जबकि उक्त भूमि पर माननीय न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश प्रभावी है।

एफआईआर में दर्ज विवरण के अनुसार बीते शुक्रवार को प्रातः लगभग पाँच बजे पीड़ित महिला द्वारा यह आरोप लगाया गया कि संबंधित स्थल पर अनाधिकृत रूप से निर्माण कार्य का प्रयास किया जा रहा था। विरोध करने पर पीड़ित महिला के साथ गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी प्रार्थना पत्र में अंकित है।

पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर संबंधित कानूनी धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीकृत कर लिया गया है तथा प्रकरण की जांच प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि सभी तथ्यों की जांच निष्पक्ष रूप से की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले में फिलहाल किसी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

























